3 बस्तर संभाग
14वें वित्त व नरेगा के पैसों का बंदरबांट, कागजों पर हो ...

6 अभिमत
म्यांमार में छद्म लोकतंत्र का अंत

10 संस्कारधानी
आबकारी के षड्यंत्र जाल में फंसे मदिराप्रेमी, शराब ...

11 छत्तीसगढ़
बिलासपुर के नागरिकों ने लोकवाणी को सुना,...

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, सोमवार 15 फरवरी 2021 पृष्ठ-12 वर्ष-05, अंक- 176 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### मुख्यमंत्री बघेल आज दिल्ली प्रवास पर

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 15 फरवरी को नई दिल्ली प्रवास पर रहेंगे। मुख्यमंत्री श्री बघेल 15 फरवरी को दोपहर 2.30 बजे स्वामी विवेकानंद विमान तल रायपुर से विमान द्वारा प्रस्थान कर शाम 4.15 बजे नई दिल्ली पहुंचेंगे। श्री बघेल शाम 4.30 बजे नई दिल्ली स्थित छत्तीसगढ़ सदन पहुंचेंगे।

### नायडू ने दी पुलवामा के शहीदों को श्रद्धांजलि

**नयी दिल्ली।** उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने पुलवामा के शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा है कि देश उनकी शहादत को हमेशा याद रखेगा और उनका ऋणी रहेगा। श्री नायडू ने रविवार को यहां जारी एक संदेश में कहा कि कृतज्ञ राष्ट्र उनके अमर बलिदान को सदैव आदरपूर्वक याद करेगा। श्री नायडू ने कहा कि 14 फरवरी 2019 को पुलवामा में आतंकवादियों द्वारा किए गए कायराना हमले में शहीद हुए सीआरपीएफ के वीर जवानों की स्मृति में विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ और शहीदों के परिजनों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं।

### अश्विन का पंजा, भारत ने इंग्लैंड पर कसा शिकंजा

**चेन्नई।** करिश्माई ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन (43 रन पर पांच विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत भारत ने इंग्लैंड को दूसरे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन रविवार को 134 रन पर ढेर कर पहली पारी में 195 रन की विशाल बढ़त हासिल कर ली। भारत ने अपनी पहली पारी में 329 रन बनाये थे। भारत ने दूसरे दिन स्टंप्स तक एक विकेट खोकर 54 रन बना लिए हैं और उसकी कुल बढ़त 249 रन की हो गयी है। भारत ने सुबह छह विकेट पर 300 रन से अपनी पारी को आगे बढ़ाया और उसकी पहली पारी 329 रन पर सिमट गयी। इंग्लैंड ने लंच तक अपने चार विकेट मात्र 39 रन पर खो दिए थे और चायकाल तक उसका स्कोर आठ विकेट पर 106 रन था। इंग्लैंड की पहली पारी चायकाल के बाद 134 रन पर सिमटी।

### सेंसेक्स में बीते सप्ताह 812.67 अंक का उछाल

**मुंबई।** वैश्विक स्तर से मिले सकारात्मक संकेतों के बल पर बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों में बढ़त और गिरावट का मिला-जुला स्वरूप देखने को मिला लेकिन अंत में बीएसई सेंसेक्स इस दौरान 1.60 प्रतिशत की बढ़त के साथ 812.67 अंक बढ़कर 51,544.33 अंक के स्तर तक पहुंच गया। कोरोना महामारी जैसे वैश्विक स्वास्थ्य संकट के कारण आर्थिक सुधार की संभावनाएं रुक गई थीं और निवेशकों का उत्साह भी घट गया था लेकिन कोरोना का वैक्सीन आने से निवेशकों में उत्साह बढ़ा है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एनएसई सूचकांक में भी बीते सप्ताह वृद्धि देखी गयी।

### ट्रेनों के सामान्य परिचालन के लिए तिथि तय नहीं : रेलवे

**नयी दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने शनिवार को उन रिपोर्टों को खारिज किया जिनमें कहा गया था कि देश में कोविड-19 मामलों में गिरावट आयी है जिससे अप्रैल से देश में सामान्य ट्रेन सेवाएं शुरू हो जायेगी। रेल मंत्रालय ने यहां जारी एक बयान में कहा कि सभी यात्री ट्रेनों का परिचालन सामान्य रूप से बहाल किये जाने के लिए अभी कोई तिथि तय नहीं की गई है। बयान में कहा गया है कि रेलने ने ट्रेन सेवाओं की संख्या में क्रमबद्ध तरीके से बढ़ोतरी की है।

# प्रधानमंत्री मोदी ने सेना को समर्पित किया अर्जुन युद्धक टैंक

वार्ता ◄ चेन्नई
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को चेन्नई मेट्रो रेल चरण- द्ध विस्तार परियोजना समेत कई कार्यक्रमों तथा परियोजनाओं का उद्घाटन किया तथा स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित किए गए अर्जुन युद्धक टैंक (एमके-1ए) भारतीय सेना को समर्पित किया। श्री मोदी ने वीडियो कांफ्रेंस के जरिये तमिलनाडु सरकार की ओर से जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में आयोजित समारोह में इन परियोजनाओं की शुरूआत की। श्री मोदी ने चेन्नई और कोच्चि रवाना होने से पूर्व अंग्रेजी, मलयलम और तमिल में किए गए ट्वीट कर कहा,÷आत्मनिर्भर भारत के विचारों को गति प्रदान करने के लिए कई विकास कार्य शुरू किए जाएंगे। ये परियोजनाएं हमारे नागरिकों के लिए 'ईज़ ऑफ लिविंग' को बढ़ावा देंगी। श्री मोदी ने दिवगंत मुख्यमंत्रियों एमजीआर और जे जयललिता के मंच पर रखे गए चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके बाद उन्होंने चेन्नई मेट्रो रेल चरण- द्ध विस्तार परियोजना का उद्घाटन किया जिसे 3,770 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित किया गया है। उन्होंने वाशरमेनपेट से विमको नगर के बीच यात्री सेवा की भी शुरूआत की। चेन्नई मेट्रो रेल चरण- विस्तार परियोजना 9.05 किलोमीटर लंबी है और यह उत्तरी चेन्नई को हवाई अड्डा और सेंट्रल रेलवे स्टेशन से जोड़ेगी। श्री मोदी ने चेन्नई बीच और अट्टीपट्टु के बीच चौथी रेल लाइन का भी उद्घाटन किया। करीब 22.1 किलोमीटर लंबे इस खंड पर करीब 293.40 करोड़ रुपये की लागत आयी है। यह न केवल चेन्नई बंदरगाह पर यातायात को आसान बनाएगी बल्कि चेन्नई और तिरुवल्लुर जिलों के बीच यात्रियों की यात्रा को सुलभ बनाएगी। यह खंड चेन्नई बंदरगाह और इन्नोर बंदरगाह को जोड़ेगा तथा ट्रेनों के परिचालन को भी लचीला बनाएगा। प्रधानमंत्री ने विल्लुपुरम-कुड्डालोर-मायिलादुत्तुरै-तंजावुर और मायिलादुत्तुरै-तिरुवलुर की सिंगल लाइन खंड पर रेलवे बिजलीकरण का भी उद्घाटन किया। करीब 228 किलोमीटर लंबे इस मार्ग के बिजलीकरण पर 423 करोड़ रुपये की लागत आयी है। चेन्नई इग्मोर और कन्याकुमारी के बीच ट्रैक्शन में बदलाव किये बगैर हुए इसके निर्माण से ईंधन खर्चे में 14.61 लाख प्रतिदिन की बचत की गयी है। उन्होंने ग्रैंड एनीकुट कैनाल सुविधा के विस्तार, पुनर्निमाण तथा आधुनिकीकरण की भी आधारशिला रखी। डेल्टा जिलों में किसानों की सिंचाई सुविधा प्रदान करने में इस कैनाल का महत्वपूर्ण योगदान है। इस कैनाल के आधुनिकीकरण पर 2,640 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे जिससे इस कैनाल में पानी जमा होने की क्षमता भी बढ़ेगी। प्रधानमंत्री ने चेन्नई के पास ताइयुर में निर्मित होने वाले आईआईटी-मद्रास के डिस्कवरी परिसर की भी आधारशिला रखी। करीब दो लाख वर्ग मीटर में निर्मित होने वाले इस परिसर के पहले चरण के निर्माण पर 1,000 करोड़ रुपये खर्च होंगे। श्री मोदी ने अर्जुन मुख्य युद्धक टैंक (एमके-1ए) को सेना को समर्पित किया। इस टैंक का डिजाइन, विकास और निर्माण डीआरडीओ के युद्धक वाहन अनुसंधान एवं विकास संगठन ने 15 एकेडमिक संस्थानों, आठ प्रयोगशालाओं तथा कई एमएसएमई के सहयोग से किया गया है। इस अवसर पर तमिलनाडु के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित, मुख्यमंत्री ई के पलानीस्वामी तथा उपमुख्यमंत्री ओ पननीरसेल्वम भी मौजूद थे।

# असम में कांग्रेस सीएए को लागू नहीं होने देगी : राहुल



एजेंसी ◄ गुवाहाटी
www.dailypioneer.com

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि अवैध प्रवासियों के मसले को आपसी बातचीत के जरिए सुलझाया जा सकता है और असम में उनकी पार्टी नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) को लागू नहीं होने देगी। श्री गांधी ने रविवार को शिवसागर जिले में कांग्रेस के चुनाव कार्यक्रम का बिगुल बजाते हुए कहा कि अवैध प्रवास भी एक मसला है और असम के लोगों में इस समस्या का समाधान खुद ही बातचीत कर सुलझाने की क्षमता है। 'नो सीएए' लिखा हुआ असमी गमछा धारण किए हुए श्री गांधी ने कहा कि अगर असम को कोई नुकसान होता है तो यह राष्ट्र का नुकसान होगा और हम किसी भी कीमत पर यहां सीएए को लागू नहीं होने देंगे। दुनिया में ऐसी कोई ताकत नहीं है जो असम को तोड़ सके। हम दो , हमारे दो ही असम को चला रहे हैं और जिसने भी असम समझौते को छूने और नफरत फैलाने की कोशिश की तो उसे कांग्रेस पार्टी और राज्य के लोग बिल्कुल भी नहीं बख्शेंगे। श्री गांधी ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री सर्बानंद सोनोवाल को दिल्ली और नागपुर से नियंत्रित किया जा रहा है और इसका रिमोट कंट्रोल वहां बैठे लोगों के पास है। उन्होंने कांग्रेस को छोटे कारोबारियों और कार्यकर्ताओं की पार्टी करार देते हुए कहा कि हम जब सत्ता में आएंगे तो वैमनस्यता को समाप्त करेंगे और सभी संप्रदायों के हितों की रक्षा करेंगें।

# आंध्र में सड़क हादसे में 14 लोगों की मौत, चार घायल

वार्ता ◄ कुरनूल
www.dailypioneer.com

आंध्र प्रदेश में कुरनूल जिले के वल्दुरती मंडल के मदारपुर गांव के पास रविवार तड़के एक वैन और ट्रक की टक्कर में आठ महिलाएं और एक शिशु सहित कम से कम 14 लोगों की मौत हो गयी और चार अन्य घायल हो गए। वैन में सवार लोग अजमेर यात्रा पर जा रहे थे। इस बीच राज्य सरकार ने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये सहायता राशि देने की घोषणा की है। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, उप राष्ट्पति एम वेंकैया नायडू, राज्य के राज्यपाल विश्व भूषण हरिचंदन, मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी एवं पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्राबाबू नायडू ने इस हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है। पुलिस ने कहा कि चित्तूर जिले के मदनापल्ले शहर के एक इलाके के दो परिवारों के 18 लोग राजस्थान के अजमेर की यात्रा पर जा रहे थे। वैन एकाएक सड़क के डिवाइडर पर चढ़ गई और सड़क के दूसरी ओर गिरने से दूसरी ओर से आ रहे तेज रफ्तार लॉरी से टकरा गयी। जिसमें 14 लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने बताया मरने वालों में आठ महिलाएं, एक शिशु और पांच पुरुष शामिल है। घायलों को कुरुनूल के जीजीएच में भर्ती किया गया है जहां एक बच्चे की हालत गंभीर बनी हुई है। मृतकों की पहचान नजीरबे (65), दस्तगिरी (50), अम्माजान (46), समीरा (16), अमीरुन (15), रफी (36), मस्तानी (30), रयान (1), जफहान वाली (32), रोहिनी (25), नौजीया (34), अमरजान (63), वैन का चालक नाजीर (55) और मैकेनिक शफी (38) के रूप में हुई है। हादसे इतना जबरदस्त था कि वैन लोहे के मलबे में तब्दील हो गई थी। दुर्घटनास्थल पर बिखरे पड़े क्षतविक्षत शव तथा मानव अंगों के कारण बहुत ही हृदयविदारक स्थिति उत्पन्न हो गयी थी।

# पुलवामा हमले की बरसी पर जम्मू में धमाके की साजिश, 6 किलो आईईडी के साथ 1 गिरफ्तार

एजेंसी ◄ जम्मू
www.dailypioneer.com



पुलवामा हमले की दूसरी बरसी पर सुरक्षाबलों ने आतंकी हमले की बड़ी साजिश नाकाम कर दी। जम्मू बस स्टैंड से सुरक्षाबलों ने रविवार को करीब 6 किलो इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस बरामद की। सुरक्षाबलों ने पूरे बस स्टैंड पर सर्च ऑपरेशन चलाया। पुलिस के मुताबिक, पाकिस्तान के सपोर्ट वाले आतंकी संगठन अल बद्र ने पुलवामा हमले की दूसरी बरसी पर ब्लास्ट की साजिश रची थी। जम्मू पुलिस के आईजी मुकेश सिंह ने बताया कि 3 दिन से पुलिस अलर्ट थी। जानकारी मिली थी कि पुलवामा हमले की बरसी पर आतंकी संगठन कुछ बड़ा करने की प्लानिंग कर रहे हैं। इस बार धमाका जम्मू में होना था। आईजी ने बताया कि शनिवार रात हमने गश्त के दौरान सोहेल नाम के शख्स को अरेस्ट किया। उसके बैग से 6-6.5 किलो की आईईडी बरामद हुई। यह एक्टिव नहीं थी। सोहेल ने बताया कि वह चंडीगढ़ में पड़ता है। वह पाकिस्तान में मौजूद अल बद्र के निर्देश पर आईईडी प्लांट करने आया था। पुलिस के मुताबिक, सोहेल को आईईडी प्लांट करने के लिए 3-4 टारगेट दिए गए थे। उसे रघुनाथ मंदिर, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और लखदाता बाजार में से किसी एक जगह विस्फोटक रखना था। इसके बाद वह फ्लाइट से श्रीनगर चला जाता। वहां अल बद्र का अख्तर शकील खान नाम का एक ग्राउंड वर्कर उसे रिसीव करता। इसके बाद सोहेल उसके साथ एक्टिव हो जाता। इस साजिश की जानकारी चंडीगढ़ के एक युवक काजी वसीम को थी। उसे भी पकड़ कर लिया गया है। आतंकियों के एक और साथी आबिद नबी को भी अरेस्ट किया गया है। इसके अलावा शनिवार देर रात सांबा के झांग से 6 पिस्टल और 15 छोटे आईईडी भी बरामद किए गए हैं। इसकी जांच जारी है।

### बिहार से हथियार मंगा रहे आतंकी

पुलिस के मुताबिक, लश्कर-ए-मुस्तफा का चीफ हिदायतुल्ला मलिक काफी समय से एक्टिव था। वह जम्मू में अपना अड्डा तैयार करने की फिराक में था। उसने पाकिस्तान से आने वाले हथियार रिसीव करने के लिए नेटवर्क बनाया था। वहीं, पंजाब के साथियों के साथ उसने बिहार से हथियार मंगाने के लिए नेटवर्क बनाया। अब तक वहां से 7 से ज्यादा पिस्टल लाए जा चुके हैं।

# मैं और मेरा परिवार नजरबंद : उमर

एजेंसी ◄ श्रीनगर
www.dailypioneer.com

पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कांफ्रेंस (एनसी) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने दावा किया है कि उन्हें और उनके पिता फारूक अब्दुल्ला तथा उनके परिवार के सभी सदस्यों को रविवार को तड़के से घर में नजरबंद किया गया है। श्री उमर ने कहा कि यह 'नया जम्मू-कश्मीर' है जहां बिना किसी स्पष्टीकरण के ही नेताओं को उनके घरों में बंद कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि उन्हें और उनके पिता के अलावा अधिकारियों ने उनकी बहन तथा उनके बच्चों को भी उनके घरों में बंद कर दिया गया है। श्री उमर ने ट्वीट कर कहा कि यह अगस्त 2019 के बाद का नया जम्मू-कश्मीर है। हमें बिना किसी स्पष्टीकरण के हमारे घरों में बंद कर दिया गया है। यह बहुत बुरा है कि उन्होंने मेरे घर में मेरे पिता (एक सांसद) और मुझे बंद कर दिया है, साथ ही उन्होंने मेरी बहन और उसके बच्चों को भी अपने घर में बंद कर दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री ने यह भी



आरोप लगाया कि घर में काम करने वाले कर्मचारियों को घर के अंदर प्रवेश की इजाजत नहीं दी गयी। उन्होंने साथ में श्रीनगर के गुप्कर मार्ग स्थित अपने घर के बाहर की कुछ तस्वीरें भी पोस्ट की हैं जहां पुलिस के वाहन खड़े दिखाई देते हैं। इस घटना से ठीक एक दिन पहले शनिवार को पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने दावा किया था कि गत 30 दिसंबर को श्रीनगर के बाहरी इलाके में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गये तीन लोगों में से एक अत्हर मुश्ताक के परिजनों से मुलाकात करने से रोकने के लिए उन्हें घर में ही नजरबंद किया।


## जनता की खुशहाली और राज्य के विकास को लेकर रखा सरकार का विजन

# छत्तीसगढ़ को उत्पादक भी बनना है और उपभोक्ता भी : सीएम भूपेश

- **'उपयोगी निर्माण-जन हितैषी अधोसंरचनाएं और आपकी अपेक्षाएं' विषय पर की चर्चा**
- **लोकवाणी की 15वीं कड़ी में आम जनता से रू-ब-रू हुए मुख्यमंत्री**

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रसारित अपनी मासिक रेडियोवार्ता लोकवाणी की 15वीं कड़ी में 'उपयोगी निर्माण-जन हितैषी अधोसंरचनाएं और आपकी अपेक्षाएं' विषय पर प्रदेश की जनता की खुशहाली और विकास को लेकर राज्य सरकार के विजन पर अपने विचार विस्तार से रखे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के बहुमूल्य संसाधनों का उपयोग करके छत्तीसगढ़ के लोग भी समृद्ध और खुशहाल बने। अधोसंरचना विकास के कार्यों में सड़क, बिजली और सिंचाई संसाधनों के नेटवर्क को पूरा करने पर जोर दिया गया है, ताकि अधोसंरचना विकास के कार्यों का पूरा लाभ प्रदेश की जनता को मिल सके। गांव-गांव में महिला स्व सहायता समूह तथा प्रतिभावान युवाओं के नवाचार से प्रदेश में समृद्धि और खुशहाली का नए रास्ते बनाने की शुरूआत हो चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गांव-गांव में ऐसी अधोसंरचनाएं तैयार की जा रही हैं। जिनका लाभ बड़े पैमाने पर लोगों को मिलता है। नरवा, गरवा, घुरवा, बारी प्रोजेक्ट की शुरूआत छत्तीसगढ़ की इन चार चिनहारी को बचाने के लिए की गयी। गौठान बहुआयामी सांस्कृतिक, आर्थिक गतिविधियों के केन्द्र बन रहें हैं। गांवों में बाड़ी की पुरानी परम्परा को वापस लाया जा रहा है। राज्य की सिंचाई क्षमता दोगुनी करने के लिए प्रदेश की नई जल संसाधन नीति तैयार करने का काम पूरा हो चुका है।



वर्मी कम्पोस्ट से जैविक खेती को बढ़ावा मिलेगा। राज्य सरकार ने स्कूल शिक्षा में गुणात्मक सुधार का रोडमैप बनाया है। इसी तरह उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, कृषि शिक्षा और इंजीनियरिंग कॉलेजों में ऐसे पाठ्यक्रम प्रारंभ करने पर जोर दिया गया है, जिससे स्थानीय संसाधनों के वेल्यू एडिशन से उत्पादन का रास्ता बने। युवाओं में उद्यमिता का विकास हो और उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर मिलें। पर्यटन को ब?ावा देकर स्थानीय विकास को गति देने और रोजगार के नए अवसर सृजित करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

**लोकवाणी में आम जनता से राज्य सरकार की योजनाओं पर मिलता है फीडबैक-** मुख्यमंत्री ने लोकवाणी में श्रोताओं का अभिवादन करते हुए छत्तीसगढ़ी में कहा-सब्बो झन ला मोर जय जोहार, नमस्कार, जय सियाराम। लोकवाणी मं आके मोला अब्बड़ खुसी लागथे, काबर कि हमन सरकार मं बइठके जउन निरनय लेथन, वो बात ल आप सब झन कइसे समझथव, अऊ योजना मन ल कइसे अपनाथव, ऐखर बारे मं मोला सब जानकारी लोकवाणी ले हो जाथे। आप मन ले गोठ-बात करके हमर आत्मविश्वास घलो बाटथे, अऊ काम करेके नवा रद्दा घलो मिलथे। तेखर बर जम्मो 'लोकवाणी' सुनइया मन ल, गाड़ा-गाड़ा सुभकामना अऊ धन्यवाद।

**श्रोताओं ने कहा 'नरवा, गरवा, घुरवा और बारी' प्रोजेक्ट से गांवों में मिली अधोसंरचना को दिशा -** लोकवाणी के लिए रिकार्ड कराए गए अपने संदेश में बेमता के भूपेन्द्र कुमार शर्मा ने कहा कि नई सरकार बनने के बाद किसानों को काफी राहत मिली। महासमुंद जिले की बम्हनी ग्राम पंचायत की रूक्मणी पाल ने बताया कि उनके जय मां सरस्वती महिला स्व-सहायता समूह ने गोबर से 200 क्विंटल खाद बनाई, जिससे 1 लाख 77 हजार रुपए आय हुई। आरंग के नंद कुमार ने कहा कि 'नरवा, गरवा, घुरवा और बारी' प्रोजेक्ट से अधोसंरचना विकास की एक दिशा दिखी है।

**जल संरक्षण और संवर्धन के लिए 30 हजार नरवा चिन्हांकित-** मुख्यमंत्री ने श्रोताओं से रू-ब-रू होते हुए कहा कि निश्चित तौर पर 'नरवा, गरवा, घुरवा, बारी' हमारा ड्रीम प्रोजेक्ट है और इसकी शुरुआत हमने छत्तीसगढ़ की चार चिन्हारी को बचाने के लिए किया था। नरवा के काम में पंचायत और ग्रामीण विकास, जल संसाधन विकास विभाग, वन विभाग आदि की मदद ली जा रही है। लगभग 30 हजार नरवा चिन्हांकित किए गए हैं और लगभग 5 हजार नरवा विकास का काम काफी आगे बढ़ चुका है। गरवा को लोग सिर्फ गाय, दूध और पशुधन विकास तक ही समझते थे, हमने गरवा के माध्यम से गौठान की योजना बनाई। इस तरह लगभग 10 हजार गौठानों के निर्माण की मंजूरी दे चुके हैं, जिनमें से 5 हजार से ज्यादा गौठानों का निर्माण पूरा हो चुका है। अब गौठान की पहचान एक ऐसी अधोसंरचना के रूप में हो चुकी है, जो सिर्फ गायों को रोकने की जगह ही नहीं है बल्कि गोधन न्याय योजना के ➤शेष पेज 8 पर

# सद्भावना, नैतिकता और नशामुक्ति से समाज में विकास के साथ होगी शांति स्थापित : अनुसुईया उइके

## राज्यपाल उइके आचार्य महाश्रमण जी के राजधानी आगमन पर आयोजित मर्यादा महोत्सव में हुई शामिल

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
wwwĐdailypioneerĐcom




सद्भावना, नैतिकता और नशामुक्ति के लिए तेरापंथ के परमआचार्य महाश्रमण जी का अहिंसा यात्रा निश्चित ही समाज में शांति और सद्भाव स्थापित करने के दिशा में सार्थक होगी। इससे लोग सामाजिक कुरीतियों से दूर होकर प्रदेश के विकास के लिए सहभागी होंगे। राज्यपाल अनुसुईया उइके ने उक्त बातें आज आज जैन स्वावलंबियों द्वारा जैनम मानस भवन, नवा रायपुर में आयोजित मर्यादा महोत्सव में कही।

उइके ने कहा कि भारत ही साधु-संतों और महात्माओं का देश रहा है। यहां की भूमि में आचार्य महाश्रमण जी के पदार्पण से छत्तीसगढ़ गौरवान्वित हुआ है। उन्होंने कहा कि मैं साधु-संतो और महापुरूषों की बताए हुए रास्तों पर चलकर दिन-दुखियों और प्रदेशवासियों के सेवा के लिए तत्पर रहने का संकल्प ली। उल्लेखनीय है कि 157वां मर्यादा महोत्सव के अवसर पर तेरापंथ धर्मसंघ के ग्यारहवें अधिशास्ता आचार्य महाश्रमण जी के प्रथम नगर आगमन पर मंगल प्रवेश समारोह का आयोजन किया गया था।

उइके ने कहा कि आचार्य महाश्रमण जैन धर्म के श्वेताम्बर तेरापंथ शाखा के संत हैं। महाश्रमण जी इस यात्रा के माध्यम से पूरे मानव समाज को सद्भावना, नैतिकता और नशा मुक्ति का संदेश दे रहे हैं। मैं कामना करती हूं कि वे जिस पवित्र उद्देश्य को लेकर यात्रा कर रहे हैं, उसमें वे अवश्य सफल होंगे। हमारा छत्तीसगढ़ भी साधु-संतों, महात्माओं का प्रदेश रहा है। इस परम्परा का निर्वाह सदियों से होता रहा है। जब-जब समाज में किसी प्रकार का संकट आया, संतों ने सहीं रास्ता दिखाया।

राज्यपाल उइके ने सद्भावना, नैतिकता और नशामुक्ति के लिए आचार्य महाश्रमण जी द्वारा तीन देशों नेपाल, भूटान सहित भारत के 23 राज्यों में किए गए लगभग 50 हजार किलोमीटर की अहिंसा यात्रा की सराहना की। उन्होंने छत्तीसगढ़ के जंगलों व जटिल रास्तों कोंटा, दंतेवाड़ा, गीदम, जगदलपुर, कोंडागांव, केशकाल और धमतरी होते हुए राजधानी रायपुर में आयोजित मर्यादा महोत्सव में पदार्पण पर अभिनंदन किया। उइके ने कहा कि आचार्य महाश्रमण जी का जीवन त्याग की प्रतिमूर्ति है। वे सामाजिक कुरीतियों और अंधविश्वासों पर प्रहार करते हुए सहनशीलता की सीख देते हैं। बुराई छोड़ो, नशा छोड़ो, भ्रूण हत्या मत करो, भेदभाव मत करो, लोक-जीवन में शुद्धता आए, राष्ट्रीय चरित्र बने- इन्हीं उपक्रमों एवं कार्यक्रमों को लेकर वे सुबह से शाम तक गांव हो या शहर आम जनों से मिलते हैं, उन्हें संदेश देते हैं, एक-एक व्यक्ति को समझाते हैं। इस प्रकार आचार्य जी समाज का निर्माण और उत्थान करते हुए निरन्तर आगे बढ़ रहे हैं, उनका यह जीवन समाज के लिए एक रोशनी है। राज्यपाल उइके ने इस मौके पर जैन समाज द्वारा संचालित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का भी अवलोकन कर आयोजन समिति की प्रशंसा की।

मर्यादा महोत्सव में मंगल प्रवेश समारोह को संबोधित करते हुए आचार्य महाश्रमण जी ने कहा कि तेरापंथ धर्मसंघ का मर्यादा महोत्सव धर्म का एक आदर्श स्वरूप है, जो अच्छाईयों के प्रति आस्था और बुराईयों के प्रति संघर्ष करने का साहस देता है। महाश्रमण जी ने कहा कि इस महोत्सव में यह निहितार्थ है कि मर्यादाओं को जीवन से अलग नहीं किया जा सकता। मर्यादा का मतलब वह आस्था है जो जीवन के ऊंचे आदर्श, शुद्ध नीतियों और किए गए संकल्पों के प्रति जागरूक रखती है। आचार्य ने कहा कि मर्यादाओं को मर्यादा उत्सव का उपहार और उसे अपने जीवन के साथ जोड़कर मर्यादा की राह पर चले। आचार्य महाश्रमण जी ने कहा कि सभी प्राणियों को अपने समान समझो, जो स्वयं के लिए प्रतिकूल व्यवहार है, वैसा व्यवहार दूसरों के लिए ना करें। हमेशा दूसरे को शांति पहुंचाने का काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अहिंसा, संयम और तप धर्म जीवन में है। हमें अहिंसा को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। इंद्रियों पर नियंत्रण कर जीवन में तप करें, दूसरों की सेवा करना भी तप के समान है। उन्होंने उपस्थित सज्जनों को सद्भावना, नैतिकता और नशामुक्ति का संकल्प दिलाया। मर्यादा महोत्सव में प्रमुख मुनि महावीरमुनि, असाधारण साध्वी प्रमुखा कनकप्रभाजी, साध्वी नियोजिका विश्रुतविभाजी, साध्वी वर्या संबुद्ध यशाजी, हाईकोर्ट के न्यायधीश गौतम जी चौढ़रिया, संसदीय सचिव रेखचंद जैन, मर्यादा महोत्सव समिति के अध्यक्ष महेन्द्र धाड़ीवाल, महासचिव नरेन्द्र दुग्गड़, कोषाध्यक्ष मोतीलाल बैद सहित बड़ी संख्या में जैन धर्म के अनुयायी उपस्थित थे।

---

## बसंत पंचमी पर सरस्वती पूजा का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
wwwĐdailypioneerĐcom

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी माघ शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि के अवसर पर मां वीणावादिनी मां सरस्वती का उत्सव बसंत पंचमी के रूप में 16 फरवरी को मनाया जाएगा। ज्ञातव्य है कि विद्या की देवी सरस्वती श्रद्धालुओं द्वारा विधिविधान से पूजन करने पर बुद्धि का विकास करती हैं। वहीं सरस्वती पूजा के दिन से ही बच्चों के शिक्षण-दीक्षण का कार्य स्लेट पट्टी में चाक पेंसिल से मां शब्द लिखवाकर माताओं द्वारा प्रारंभ किया जाता है। कोरोना काल के उपरांत सोमवार 15 फरवरी से स्कूल कॉलेज खुल रहे हैं। मंगलवार को परम्परा अनुसार सरस्वती पूजन स्कूल कॉलेज में मनाये जाने की संभावना है। सरस्वती पूजा के दिन ही छत्तीसगढ़ देवांगन समाज द्वारा धूमधाम से मां परमेश्वरी का विधिविधान से पूजन कर महोत्सव मनाये जाने की परंपरा रही है। जो इस वर्ष भी जारी रहेगी। पौराणिक मान्यता के अनुसार होलिका दहन स्थलों पर अंडे का वृक्ष विधिवत होलिका दहन में पूर्व में रोपे जाने की परंपरा का पालन इस वर्ष भी होगा। कालीबाड़ी संगीत समिति एवं विभिन्न संगीत सभाओं द्वारा बसंत पंचमी के अवसर पर मां सरस्वती का पूजन कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

- देवांगन समाज मनायेगा परमेश्वरी महोत्सव, होलिका दहन स्थलों पर होगा अंडे का पौध रोपण

## मुख्यमंत्री बघेल ने पंडित श्यामाचरण शुक्ल की पुण्यतिथि पर नमन किया



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अविभाजित मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय पंडित श्यामाचरण शुक्ल की आज पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया है । मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा है कि अविभाजित मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और छत्तीसगढ़ माटी के सपूत, सहज एवं सरल व्यक्तित्व के धनी पंडित श्यामाचरण शुक्ल जी की पुण्यतिथि पर हम सब सादर नमन करते हैं । बघेल ने कहा कि पं। श्यामाचरण शुक्ल जी को एक कर्मठ राजनेता के रूप में छत्तीसगढ़ सहित समूचे मध्यप्रदेश की प्रगति के लिए उनके योगदान को सदैव याद रखा जाएगा।

## तुंहर सरकार तुंहर द्वार के तहत अब तक 17 हजार 359 लोगों की समस्या का निराकरण, महापौर ढेबर बोले- बिना राजनीति के चाहते है विकास

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
wwwĐdailypioneerĐcom

राजधानी रायपुर नगर निगम के जनप्रतिनिधि और अधिकारी 18 दिन से 'तुंहर सरकार तुंहर द्वार' कार्यक्रम के तहत सभी वार्डों में पहुंचकर आम जनता की समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। रविवार को महापौर एजाज ढेबर और सभापति प्रमोद दुबे ने प्रेस कॉफ्रेंस कर कहा कि हमने अब तक 17 हज़ार 359 लोगों की समस्या का समाधान किया गया है। यह रायपुर नगर निगम के इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी तात्कालिक कार्रवाई है। सभापति दुबे ने कहा कि कार्यों में दलाली हो रही थी। जैसे मज़दूर कार्ड बनाने में कई महीनों घूमना पड़ता था। अब इन सभी कार्यों का त्वरित समाधान हो रहा है।



**महापौर ढेबर ने तुंहर सरकार तुंहर द्वार शिविर को बताया ऐतिहासिक**

प्रेस कॉन्फ्रेंस में महापौर ढेबर ने कहा तुंहर सरकार तुंहर द्वार की यह शिविर ऐतिहासिक हो गई है। आज तक नगर निगम के इतिहास में इतनी बड़ी कार्रवाई नहीं हुई है। पहली बार एक साथ हज़ारों लोगों का तत्काल शिकायत मिलते ही कार्रवाई की जा रही है। आज शिविर का 18 वां दिन है। बीते 17 दिनों में 17 हजार 359 लोगों की समस्या का समाधान किया जा चुका है। जिस काम के लिए कई दिनों तक भटकना पड़ता है, वो अब तत्काल हो रहा है। इसलिए लोग लग रहे शिविर में आ रहे हैं।

**ढेबर ने कहा- भाजपा तय कर ले अपना इरादा :** ढेबर ने आगे कहा कि कोरोना काल के बाद लोगों का काम धंधा बंद हो रहा है। इसलिए जरूरत मंद लोगों को स्वनिधि योजना से 27 लाख रुपए बांटा गया है। आवश्यकता हिसाब से किसी को 10 हज़ार, किसी को 20 हज़ार और किसी को 1 लाख रुपए तक दिया गया है। महापौर ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा दलगत राजनीति से ऊपर उठे। कहीं समर्थन, तो कहीं विरोध कर रही। भाजपा पहले अपना इरादा तय कर ले। हम बिना राजनीति के विकास चाहते हैं।

**पहले देना पड़ता था घूस- सभापति दुबे :** शिविर की तारीफ करते हुए सभापति प्रमोद दुबे ने कहा कि पहले मज़दूर कार्ड बनवाने के लिए लोगों को घूस देना पड़ता था। दलाल लोग हावी हो गए थे। पहले लोग काम करवाने के लिए सालों तक भटकते रहते थे, लेकिन अब तत्काल मज़दूर कार्ड भी बन रहा है। इसके साथ ही अन्य प्रकार की समस्याओं का समाधान भी हो रहा है।

## वेलेंटाइन डे चितवन वृद्धाश्रम में अपनों के साथ मनाया गया

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
wwwĐdailypioneerĐcom




जे सी आई रायपुर वामा कैपिटल द्वारा सिविल लाइन स्थित शहर के हृदय स्थल 'वृन्दावन हाल' मे चितवन वृद्धाश्रम के बुजुर्गो के साथ मिलकर वेलेंटाइन डे को मातृ पितृ दिवस के रूप मे मनाया गया।

टीकरा पारा स्थित चितवन वृदाश्रम के बुजुर्गो द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। उम्र के आखिरी पड़ाव पर पहुंच चुके बुजुर्गों की खुशी, उनके आंखो की चमक देखते ही बन रही थी। वे अपने ड्रेस व मेकअप को लेकर काफी रोमांचित थे। रोजमर्रा के दैनिक क्रियाओं से हटकर कुछ करने की चाहत उनमें साफ झलक रही थी। उनके द्वारा 'उत्सव थीम' में सालभर के त्यौंहारो को नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया गया जो कि काबिले तारीफ़ थी। जे सी आई रायपुर वामा कैपिटल हर वर्ष 14 फरवरी को चितवन वृद्धाश्रम के बुजुर्गो के साथ मिलकर मातृ पितृ दिवस मनाकर उनमें नई ऊर्जा का संचार करती है। इस कार्यक्रम को देखकर दूसरे संस्था मे भी इस तरह के कार्यक्रम की पहल होनी चाहिए ताकि वो अपनी जिंदगी के आखिरी पड़ाव को हशीखुशी बिता सके। वामा सदस्यों के द्वारा उनका सम्मान किया गया , व अलग अलग कमेटी बनाई गई जिससे उन्हें किसी भी तरह की कोई परेशानी न हो। वामा का सोचना है कि इस तरह के कार्यक्रम से बुजुर्ग अपने को समाज से अलग न समझ कर खुद को समाज का एक अहम हिस्सा समझेंगे और युवा पीढी उनके अनुभव का लाभ उठाकर उनके स्नेह मयी छाव तले अपना जीवन बिताएंगे। इस कार्यक्रम में चितवन आश्रम के चेयर मैन राजेश अग्रवाल सहित शहर के गणमान्य नागरिक व दूसरी संस्थाओं के पदाधिकारी भी शमिल हुए। इस कार्यक्रम की प्रोग्राम डायरेक्टर जे सी शीतल उपाध्याय को डायरेक्टर जे सी एकता खारा, वामा की प्रभारीजेसी रूपाली दुबे, अध्यक्षा जे सी आस्था गुप्ता, सचिव सदफ खान, पी आर ओ जे सी नीलीमा श्रीवास्तव, माधुरी दास, रूपाली धारा, नियति ,साक्षीमाधवानी सहित वामा की 30से40 सदस्य उपस्थित थे।

## 26 को कैट द्वारा भारत बंद को छत्तीसगढ़ स्टेट सेल्स टैक्स बार काउंसिल ने दिया समर्थन

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
wwwĐdailypioneerĐcom

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के प्रदेश अध्यक्ष अमर परवानी, कार्यकारी अध्यक्ष मंगेलाल मालू, विक्रम सिंहदेव, महामंत्री जितेंद्र दोषी, कार्यकारी महामंत्री परमानंद जैन, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ,प्रदेश मीडिया प्रभारी संजय चौबे ने बताया कि जीएसटी में आयी विकृति को दूर करने हेतु कैट द्वारा 26 फरवरी को भारत बंद का आह्वान किया गया है इस हेतु लगातार सभी व्यपारिक संगठनों का समर्थन प्राप्त हो रहा है।

कैट के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने बताया कि जीएसटी में इतनी विकृति आ चुकी है कि व्यापारी इसे अनुपालन के लिए अपना व्यापार छोड़कर इसी काम में लगे रहते है, इससे सभी व्यापारियों का व्यापार बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है एवं सभी व्यापारी मानसिक प्रताड़ना के दौर से गुजर रहे है। परवानी ने बताया कि इसी तारतम्य में छतीसगढ़ सेल्स टैक्स बार काउंसिल के प्रांत अध्यक्ष लाल ने भी अपना समर्थन पत्र बंद को सफल हेतु सौंप दिया है। इसी तरह हर जिले के व्यपारिक संगठनों से भी समर्थन पत्र जीएसटी की विकृति के खिलाफ भारत बंद को सफल बनाने हेतु लिया जा रहा है।

### मिशन संचालक ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए जल जीवन मिशन के कार्यों की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक ली

## जल जीवन मिशन के कार्यों में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त : गुरू रूद्रकुमार

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
wwwĐdailypioneerĐcom

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरू रूद्रकुमार ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित गतिविधियों में लापरवाही बरतने वालों पर क?ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। मंत्री गुरू रूद्रकुमार के निर्देश पर जल जीवन मिशन के कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। संचालक जल जीवन मिशन एस। प्रकाश ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सभी कार्यपालन अभियंता और अधीक्षण अभियंताओं की जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिलों में चल रहे कार्यों की समीक्षा की।

बैठक में मिशन संचालक ने अधिकारियों को सभी जिलों को प्राथमिकता के आधार पर रेट्रोफिटिंग के कार्यों की डीपीआर बनाकर उसकी तकनीकी स्वीकृति कराने के पश्चात् जिला जल एवं स्वच्छता मिशन से प्रशासकीय स्वीकृति तैयार रखने और 15 मार्च 2021 तक सभी रेट्रोफिटिंग योजनाओं के निविदा आमंत्रण का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एकल ग्राम योजना (एसव्हीएस) में जिनका सर्वे नहीं हुआ है, उन ग्रामों का सर्वे कराकर डीपीआर बनाने हेतु प्रारूप निविदा उपलब्ध करायी जाएगी और साथ ही साथ सर्वे एवं डीपीआर की निविदा अविलंब आमंत्रित करें। एकल ग्राम योजना (एसव्हीएस) जिले की प्राथमिकता के आधार पर कलस्टर (लगभग 25-25 ग्राम) बनाकर करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बचे हुए सर्वे को पूर्ण कर सभी एकल ग्राम योजना (एसव्हीएस) की निविदा प्रक्रिया 15 मई 2021 तक पूर्ण करें। जल जीवन संचालक एस। प्रकाश ने सभी मुख्य अभियंता को अपने परिक्षेत्र के अंतर्गत जिलों में प्रस्तावित समूह ग्राम योजना (एमव्हीएस) की तकनीकी स्वीकृति 15 मई 2021 तक जारी करने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में बताया कि सभी जिलों को निर्देश दिए गए है कि समूह ग्राम योजना (एमव्हीएस) में आवश्यक जल की मात्रा की जानकारी 15 मार्च 2021 तक राज्य स्तरीय जल संग्रहण समिति (छत्तीसगढ़) को उचित माध्यम से प्रस्तुत करें।




इसी प्रकार सोलर पंप पर आधारित योजनाएं जिनकी प्रशासकीय स्वीकृति जारी हो चुकी है, उनका क्रेडा एक सप्ताह में कार्यादेश जारी कर प्राथमिकता के आधार पर कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान संचालक एस। प्रकाश को अवगत कराया गया कि जगदलपुर परिक्षेत्र में पिछले 5 माह में एकल ग्राम योजना (एसव्हीएस) में किसी भी ग्राम की योजना की तकनीकी स्वीकृति नहीं हुई है। इस पर उन्होंने कार्य की प्रगति को लेकर नाराजगी जाहिर करते हुए मुख्य अभियंता जगदलपुर परिक्षेत्र को व्यक्तिगत रूप से इन कार्यों के लिए मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। जगदलपुर परिक्षेत्र के बीजापुर जिले के कार्यों की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने सुकमा जिले के समूह ग्राम योजना (एमव्हीएस) के प्रस्ताव पर पुनः विचार करने की बात कही। उन्होंने जगदलपुर परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता को सुकमा जिले में प्रस्तावित समूह ग्राम योजना (एमव्हीएस) का एक सप्ताह में निरीक्षण कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोण्डागांव जिले का रेट्रोफिटिंग कार्य संतोषजनक नहीं है। इसे पूर्ण करने के लिए आवश्यक योजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी जिले उच्च स्तरीय जलागार निर्माण हेतु अपने जिले के शासकीय इंजीनियरिंग और पॉलीटेक्नीक महाविद्यालयों के प्राचार्य से संपर्क कर स्वाईल बेयरिंग केपेसिटी टेस्ट करवाने के निर्देश दिए। इस वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई बैठक में प्रमुख अभियंता सहित रायपुर, बिलासपुर और जगदलपुर परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता की उपस्थित थे।

## गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू तीन दिवसीय नई दिल्ली और अहमदाबाद प्रवास पर

**रायपुर।** गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू तीन दिवसीय नई दिल्ली और अहमदाबाद (गुजरात) प्रवास पर रहेंगे। वे 15 फरवरी सोमवार को सवेरे 8.25 बजे रायपुर से विमान से प्रस्थान कर 10.30 बजे नई दिल्ली पहुंचेंगे और विभिन्न स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद शाम 6.55 बजे नई दिल्ली से अहमदाबाद जाएंगे। वे अहमदाबाद में रात्रि विश्राम करेंगे और दूसरे दिन 16 फरवरी को विभिन्न स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। मंत्री साहू अहमदाबाद में रात्रि विश्राम करेंगे और तीसरे दिन 17 फरवरी को विभिन्न स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद शाम 7 बजे अहमदाबाद से प्रस्थान कर 8.50 बजे नई दिल्ली लौटेंगे और छत्तीसगढ़ सदन में रात्रि विश्राम करेंगे। साहू 18 फरवरी को सवेरे 7.10 बजे नई दिल्ली से प्रस्थान करेंगे और 9.40 बजे राजधानी रायपुर आएंगे।



# 14वें वित्त व नरेगा के पैसों का बंदरबांट, कागजों पर हो रहे निर्माण कार्य

## प्रभार बदलने पर हुआ मामले का खुलासा, सरपंच लगा रही सचिव पर आरोप खुद को बता रही बेक़सूर

पायनियर संवाददाता ◀ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

रोजगार गारण्टी योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है। पंचायतों ने पैसा हड़पने के लिए ऐसेऐसे तरीके ईजाद किये हैं कि सुनने वाले भी चकित रह जाते हैं। कई पंचायतों में तो सरपंचसचिव और जनपद के कुछ अफ्सरोंकर्मचारियों की मिली-भगत से बड़े बड़े कारनामें हुए हैं। ऐसे ही कारनामो का खुलासा तब हुआ, जब महिला सचिव मातृत्व अवकाश पर गयी और नए सचिव को नियुक्त किया गया। यह कमाल कोण्डागांव जिले की माकड़ी तहसील में हुआ है, जहाँ मनरेगा व 14वे वित्त की राशि के निर्माण कार्य कागजों पर ही पूर्ण हो गए, और इनका भुगतान भी सरकारी खजाने से हो गया।

मनरेगा व 14वे वित्त में भ्रष्टाचार का यह अजीबो गरीब मामला, कोण्डागांव जिले के माकड़ी ब्लाक की इंगरा पंचायत का है। माकड़ी से इंगरा की दूरी महज 10 किमी ही है। यहाँ सरपंच सचिव ने अफ्सरों की मिली-भगत से गाँव के बहुत से निर्माण कार्यों को कागजों में ही पूरा कर राशि भी आहरित कर लिए है। बस्तर के पिछड़े इलाको में मूलभूत, 14वें वित्त व नरेगा जैसी योजनाओं को धरातल से रसातल कर योजनाओं का कैसे बंटाधार किया जाता है, इसका नजारा माकड़ी जनपद के ग्राम पंचायत इंगरा में नजर आ रहा है, जहाँ निर्माण कार्य के एवज़ में रकम तो आहरित कर ली गई है, लेकिन उसके बदले काम कुछ भी नही करवाया गया है। मामला उजागर होने पर सचिव उक्त कार्य की सामग्री पंचायत में डंप होने की बात कह रही हैं, वहीं सरपंच व उनका परिवार उक्त पैसों से कोई भी सामग्री पंचायत में नही पहुंचने की बात कह रहा है, साथ ही सचिव पर धोखाधड़ी का आरोप लगा रहा है।






### नया सचिव नियुक्त होने से खुली ढोल की पोल

ग्रामीण बताते है कि यह तो महिला सचिव मातृत्व अवकाश पर चली गयी, व नए सचिव की नियुक्ति होने पर जब पंचायत की मूलभूत योजनाओं की राशि का आंकलन किया गया, तब खुली ढोल की पोल जिसके बाद निर्माण कार्यों की जमीनी हकीकत सामने आ गई, हो सकता है यदि नए सचिव प्रभार नही लिए होते तो आज तक यह गड़बड़ झाला सामने ही नहीं आ पाता।

### ब्लॉक मुख्यालय में बुलवाकर एक साथ कई कागजों व चेक पर हस्ताक्षर करवाये : रूपचंद

वहीं सरपंच श्रीमती शाहबती मरकाम के ससुर रूपचंद मरकाम का कहना है कि उनकी सरपंच बहु को ब्लॉक मुख्यालय में बुलवाकर एक साथ कई कागजो व चेक पर उन्हें अंधेर में रख हस्ताक्षर करवा लिया गया था, जिसके बाद निर्माण कार्यो के नाम पर रकम आहरित करवा लिया गया है, जबकि काम की उन्हें कोई जानकारी नही है, बहरहाल मामले में कौन कौन संलिप्त हैं यह जांच का विषय है और जांच के बाद ही साफहो सकेगा, और देखने वाली बात है कि मामले की जांच कब तक होती है।

### कागजों पर ही सिमट कर रह गए कार्य

1. आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 02 प्लाट 12 इंदिरा में किचन सेट निर्माण कार्य 50000, 2. प्राथमिक शाला इंगरा में किचन शेड निर्माण कार्य। 50,000, 3. ज्ञान ज्योति राऊतपारा इंगरा में किचन शेड निर्माण कार्य 50,000, 4. आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 04 जीरा कसा इंगरा में किचन शेड निर्माण कार्य 50,000, 5. अटल चौक के पास 01 कनेक्शन स्ट्रीट लाइट विद्युतीकरण कार्य 80,000, 6. माध्यमिक शाला इंदिरा में जलापूर्ति कार्य 50,000, 7. रावण भाटा के पास 01 कनेक्शन स्ट्रीट लाइट विद्युतीकरण कार्य 40,000, 8. आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 03 रावतपारा इंगरा में किचन शेड निर्माण कार्य 50,000, 9. आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 04 में जलापूर्ति 50,000, 10. बाजार पारा स्थित तालाब के पास 02 कनेक्शन स्ट्रीट लाइट कार्य 40,000, 11. ट्रेविस निर्माण कार्य 17,000, 12. बाजार स्थल से डोंगरीपाड़ा 200 मीटर नाली निर्माण कार्य 250000, 13. सुखराम घर से सोना घर घर के पास 100 मीटर सीसी सड़क निर्माण कार्य 5,20000 यह कार्य सिर्फ कागजों पर ही सिमट कर रह गए व इन कार्यो की राशि आहरित हो चुकी है।

### नए सचिव के पदभार ग्रहण करने पर हुआ मामले का खुलासा

ग्राम पंचायत इंगरा की सचिव राधा पोयाम के मातृत्व अवकाश में जाने के चलते पंचायत इंगरा का प्रभार सचिव घडवा राम को सौपा गया, उनके प्रभार लेने के दौरान जब पता चला कि पंचायत की मूलभूत राशि मे पैसा तो बचा ही नही जिससे मामला उजागर हुआ, कि 14 वें वित्त व नरेगा के मद से पैसे तो आहरित हो चुका है, लेकिन काम कुछ भी नही हुआ है। मामले के उजागर होने के बाद अब सचिव सरपंच एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगा एक दूसरे को दोषी बता रहे हैं।

### महिला सरपंच का पूरा कार्यभार देखता था उनका ससुर : ग्रामीण

मिली जानकारी अनुसार किचन शेड, नाली निर्माण, विद्युतीकरण जलआपूर्ति के नाम 17 लाख से अधिक की राशि बगैर कार्य किए आहरित की गई है। इससे साफ़है कि सरकारों की ग्रामीण विकास योजनाओं की जमीनी हकीकत क्या है। यही वजह है कि ग्रामीणों को इसका अपेक्षित लाभ नहीं मिल पाता है। वर्ष 2019-20 में इस पंचायत ने मनरेगा में लाखों रूपये खर्च कर करीब दो दर्जन से ज्यादा निर्माण कार्य कागजों पर दर्शायें हैं। ग्रामीण बताते हैं कि शाहबती 12वी तक पढ़ी लिखी थी, फ़िर भी पंचायत का सारा कामकाज उनका ससुर रूपचंद मरकाम देखता था, वे तो सिर्फहस्ताक्षर भर ही करती थी।

### शक की सुई जनपद और जिला अधिकारियों पर

बताया जाता है कि तत्कालीन सचिव राधा पोयाम और शाहबती के ससुर ने मिलकर गाँव में ऐसे कई काम किये हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि इनमें से कई काम जमीन पर आये ही नहीं, कागजों पर ही सिमट कर रह गए। इसमें शक की सुई जनपद और जिला अधिकारियों पर भी उठती है। मनरेगा के कामों पर जनपद और जिला पंचायत का निरीक्षण व भौतिक सत्यापन की जिम्मेवारी भी होती है। ऐसे में सड़क निर्माण, स्कूल व आंगनबाड़ी में कीचन शेड निर्माण बताता है कि इस ढोल की पोल में कई लोग शामिल थे।

### सवाल कई है पर जवाब देगा कौन?

ग्रामीण जनप्रतिनिधि बताते हैं कि सरपंच सचिव जो कुछ करते हैं, उसके पीछे कुछ अधिकारियों का संरक्षण ज़रुर रहता होगा। मनरेगा की योजनाओं में काम करवाना तो पंचायत की जिम्मेवारी होती है, पर पैसा बैंक से निकलने से पहले उस काम की तस्दीक करना और उसे जमीन पर देखना भी तो अधिकारियों पर ही निर्भर होता है, फ़िर आखिर ऐसे कारनामे कैसे हो जाते हैं। क्या ग्राम पंचायत इंगरा में हुए महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण गारण्टी योजना के अन्तर्गत किये गए कामों को तत्कालीन अधिकारियों ने नहीं देखा। क्या बिना उनके हस्ताक्षर के भुगतान सम्भव था। यदि उन्होंने भी हस्ताक्षर किये हैं तो वे भी दोषी नहीं होते? ऐसे कई सवाल है लेकिन फ़िलहाल इनके जवाब इंगरा पंचायत में किसी के पास नहीं है।

# कलमकार गणेश मिश्रा व राठी को जान से मारने की धमकी के विरोध में पत्रकार देंगे एक दिवसीय धरना



पायनियर संवाददाता ◀ किरंदुल
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला इकाई दंतेवाड़ा के पत्रकारो ने बीजापुर एवं सुकमा के दो पत्रकार गणेश मिश्रा व लीलाधर राठी के विरुद्ध माओवादी की दक्षिण सब जोनल कमेटी द्वारा जान से मारने की धमकी पर विचार करते हुए आवश्यक बैठक की। बैठक में सभी पत्रकारों ने एकमत होकर 16 फरवरी मंगलवार को मलांगीर एरिया के जंगलों में विरोध प्रदर्शन करने का फैसला किया। संघ के जिला अध्यक्ष आजाद सक्सेना महासचिव जितेंद्र चौधरी ने बताया कि लोकतंत्र की चौथा स्तंभ माने जाने वाले पत्रकार को नक्सली द्वारा जान से मारने की धमकी देना अनुचित है।

जमीन से जुड़े और गरीबों पीड़ितों की आवाज बनने वाले पत्रकार हमेशा निष्पक्ष विचारधारा के राह पर चलता है। कलमकार गणेश मिश्रा व राठी को जान से मारने की धमकी के विरोध में पत्रकार बुरगुम में एक दिवसीय धरना देंगे। इस दौरान बैठक में संभागीय उपाध्यक्ष प्रदीप गौतम जिला अध्यक्ष आजाद सक्सेना महासचिव जितेंद्र चौधरी जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष राजेंद्र सक्सेना जिला उपाध्यक्ष पंकज भदौरिया रामकृष्णा बैरागी ब्लॉक अध्यक्ष संजीव दास गोविंद नाग अमलेन्दु चक्रवर्ती संदीप दिक्षित नफीस कुरैशी अनिल सिंह भदौरिया एस एच अजहर डीएम सोनी रामु राव आदि मौजूद थे।

# केवीएस पैंथर ने केकेआर को हराकर जीता पहला मैच



### रिंकुदास व गुलशन ने खाली शानदार पारी

पायनियर संवाददाता ◀ सुकमा
www.dailypioneer.com

एसपीएल का क्रेज लगातार बढ़ रहा है वही मैच भी काफी रोमांचक होते जा रहा है। केवीएस की टीम ने पहला मैच मजबूत टीम केकेआर को हरा कर जीता है। वही इस मैच में रिंकुदास व गुलशन राठौड़ ने जबरदस्त पारी खेली। वही दूसरा मैच राय चैलेंजर्स व आजाद वारियर्स के बीच खेला गया।

रविवार सुबह 9 बजे मिनी स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला केवीएस पैंथर ने लिया। और सलामी बल्लेबाज के रूप में रिंकुदास व अमन उतरे लेकिन अमन ने 12 रन बनाकर कौशल को कैच थमा दिया। वही उनकी जगह लेने आए राकेश ने भी आसान कैच देकर वापस पवेलियन लौट गए। लेकिन दूसरी और से रिंकुदास ने पारी सम्भाली और अच्छी बल्लेबाजी करते हुए अपनी टीम को संभाल कर रखा और 37 रन बनाकर आउट हुए। वही गुलशन ठाकुर ने अच्छी बल्लेबाजी की और टीम के लिए 49 रन बनाए। इस तरह टीम ने निर्धारित ओवर में 165 रनों का लक्ष्य रखा। वही लक्ष्य का पीछा करने उतरी केकेआर के सलामी बल्लेबाज विजय व हितेंद्र ने खराब शुरुआत की और बिना रन बनाकर आउट हो गए। उसके बाद पूरी टीम एक-एक आउट होकर पवेलियन लौट गई। इस तरह केवीएस टीम ने 56 रनों से जीत हासिल की। वही दुसरा मैच आजाद वारियर्स व राय चैलेंजर्स के बीच खेला गया।

# मुख्यमंत्री की वाणी में दिखती है प्रदेश के विकास की झलक लोकवाणी सुनकर बोले श्रोता

पायनियर संवाददाता ◀ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

प्रत्येक माह के दूसरे रविवार को प्रसारित होने वाले लोकवाणी में प्रदेश के विकास की झलक दिखाई देती है, इसलिए इसका बेसब्री से इंतज़ार भी रहता है। यह बातें गुनपुर के कृषक भूपेंद्र पाढ़ी ने कही। अपने बाड़ी में बैंगन की तोड़ाई के दौरान भी लोकवाणी सुनते दिखे। उनके साथ मजदूरों ने भी मुख्यमंत्री की रेडियो वार्ता को सुना।

आज की कड़ी में जनउपयोगी अधोसंरचनाओं के संबंध में मुख्यमंत्री द्वारा की गई चर्चा के संबंध में उन्होंने कहा कि अधोसंरचनाओं के निर्माण का प्रभाव यहां के जनसामान्य में सकारात्मक रूप से दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि जगदलपुर में हवाई यात्रा की सुविधाएं प्रारंभ होने से रायपुर और हैदराबाद की दूरी अब लगभग एक घंटे की रह गई है। उनकी पुत्री ने भिलाई के पास स्थित अछोटी में बीएड की पढ़ाई के लिए प्रवेश लिया है। हवाई सुविधाओं की सुविधाओं के कारण उन्हें अब इस दूरी का अनुभव नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि कनेक्टिविटी को बढ़ाने का लाभ सभी वर्गों को प्राप्त होता है। मुख्यमंत्री द्वारा ग्रामीण अर्थव्यवस्था के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी कनेक्टिविटी को बेहतर किये जा रहे प्रयासों के कारण किसानों को बेहतर लाभ प्राप्त हो रहा है। फ़सल सही समय और अच्छे कंडीशन में मंडी तक पहुंचने के कारण फ़सल के अच्छी कीमत मिलने की संभावना बढ़ जाती है।

ग्राम पलारी में स्थित एक ऑटोमोबाइल रिपेयरिंग दुकान में ऑल इंडिया रेडियो के मोबाइल एप्प के माध्यम से लोकवाणी सुन रहे रमेश कश्यप ने कहा कि महारानी अस्पताल अस्पताल में हुए बेहतर बदलाव अब स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनके पिताजी का दो माह पूर्व स्वास्थ्य खराब हो गया था, तब वे उपचार के लिए महारानी अस्पताल गए थे। वहां विभिन्न बीमारियों की जांच और इलाज की सुविधा अब बेहतर तरीके से मिल रही है। किसी सर्वसुविधायुक्त निजी अस्पताल की तरह दिखने वाले इस सुंदर और स्वछ महारानी अस्पताल में मिलने वाली सुविधाएं गरीबों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है।



## जिले के लोगों ने उत्साहपूर्वक सुना लोकवाणी

# नरवा-गरवा, घुरवा-बारी हमारा ड्रीम प्रोजेक्ट : मुख्यमंत्री भूपेश

### राज्य सरकार हर क्षेत्र में अद्योसंरचना विकास को दे रही है प्राथमिकता

पायनियर संवाददाता ◀ बीजापुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मासिक रेडियो वार्ता लोकवाणी की 15 वीं कड़ी को आज जिले के लोगों ने उत्साहपूर्वक सुना और दो वर्षों में प्रदेश में हुए अद्योसंरचना विकास के कार्यों को सराहा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लोकवाणी में '' उपयोगी निमार्ण, जनहितैशी अद्योसंरचनाएं , आपकी अपेक्षाएं'' विषय पर प्रदेशवासियों से बात की। लोकवाणी का प्रसारण छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्रों, एफएम रेडियो सहित क्षेत्रीय न्यूज चैनलों से सुबह साढ़े 10 बजे से 11 बजे तक किया गया।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मासिक रेडियो वार्ता लोकवाणी की 15 वीं कड़ी में कहा कि जनता की खुशहाली और राज्य का समग्र विकास ही सरकार का विजन है। राज्य के बहुमूल्य संसाधनों का उपयोग कर प्रदेश के लोग भी समृद्ध और खुशहाल बनें। अद्योसंरचना विकास के कार्यों में सड़क, बिजली और सिंचाई संसाधनों के नेटवर्क को पूरा करने पर जोर दिया गया है, ताकि अद्योसंरचना विकास के कार्यों का पूरा लाभ प्रदेश की जनता को मिल सके। उन्होने कहा कि गांव-गांव में महिला स्व- सहायता समूह तथा प्रतिभावान युवाओं के नवाचार से प्रदेश में समृद्धि और खुशहाली के नये रास्ते बनाने की शुरूआत हो चुकी है।

मुख्यमंत्री ने नरवा- गरवा , धुरवा- बारी को ड्रीम प्रोजेक्ट निरूपित करते हुए कहा कि नरवा-गरवा, धुरवा एंव बारी प्रोजेक्ट की शुरूआत छत्तीसगढ़ की इन चार चिन्हारी को बचाने के लिए की गयी। प्रदेश में गौठान बहुआयामी



सांस्कृतिक, आर्थिक गतिविधियों के केन्द्र बन रहे हैं। गांवो में बाड़ी की पुरानी परम्परा को वापस लाया जा रहा है। राज्य की सिंचाई क्षमता दुगूनी करने के लिए प्रदेश की नई जल संसाधन नीति तैयार करने का काम पूरा हो चुका है। वर्मी कम्पोस्ट से जैविक खेती को बढ़ावा मिला है। राज्य सरकार ने स्कूल शिक्षा में गुणवत्ता सुधार लाने रोडमेप बनाया है। इसी तरह उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विश्वविद्यालयों , महाविद्यालयों सहित कृषि शिक्षा और इंजीनियरिंग कॉलेजों में ऐसे पाठ्यक्रम शुरू करने पर जोर दिया गया है, जिससे स्थानीय संसाधनों के मूल्य संवर्धन से उत्पादन का रास्ता बने। युवओं में उद्यमिता का विकास हो और रोजगार के बेहतर अवसर मिले। पर्यटन को बढ़ावा देकर स्थानीय विकास को गति देने और रोजगार के नये अवसर सृजित करने के प्रयास किये जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि कोविड के दौरान हमने महसूस किया कि प्रदेश में और अधिक मेडिकल कॉलेजों की जरूरत है। दुर्ग जिले का चन्दूलाल चन्द्राकर मेमोरियल मेडिकल कॉलेज निजी क्षेत्र में चलना मुश्किल हो रहा था, उसे हमने अधिग्रहित करने का फै सला लिया, ताकि सरकारी चिकित्सा शिक्षा अद्योसरचना को बढ़ाया जा सके। प्रदेश के कांकेर, महासमुन्द और कोरबा में नये मेडिकल कॉलेज खोल रहे हैं, इस तरह उच्च शिक्षा की अद्योसंरचना में जो अभाव थे, उसे पूरा करने और प्रदेश के युवाओं को बेहतर भविष्य बनाने में मदद करने का हमारा सार्थक प्रयास हो।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अद्योसंरचना विकास को लेकर सीधी और स्पष्ट विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बांध बनें तो नहर-नालियों का निमार्ण उसके साथ जुड़ा होना चाहिए। बिजली का उत्पादन ठीक से हो तो उसे कारखानों, अस्पतालों, घरों, दफ्तरों, खेतों में पहुंचाने के लिए पूरा नेटवर्क बनें। सड़कों का नेटवर्क पुल-पुलिया के बिना अधूरा है। लोगों से जुड़े सरकारी कामकाज के लिए भवन बनें तो वहां पहुंचने के लिए सड़कें भी चाहिए। इसी दृष्टिकोण से हमारी सरकार नेटवर्क कम्पलीट करने के बारे में पूरा ध्यान दे रही है। उन्होने कहा कि सरकार जवाहर सेतु योजना से 200 बड़े पुल-पुलिया बना रही है। वहीं मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजनार्न्तगत 2200 सड़कें निर्मित कर रही है।

मुख्यमंत्री बघेल ने बस्तर अंचल समग्र विकास को रेखांकित करते कहा कि नीति आयोग देश के 115 आकांक्षी जिलों के डेल्टा रैकिंग में बीजापुर को पहला स्थान देता है। अलग-अलग मापदण्डों में जब कोण्डागांव, नारायणपुर, सुकमा जैसे जिले देश में अव्वल आते हैं तो इसके पीछे किसी अद्योसंरचना का योगदान होता है। जब लॉकडाउन के दौरान बस्तर से देश की सर्वाधिक वनोपज की खरीदी होती है या पूरे प्रदेश में सर्मथन मूल्य पर धान खरीदी का नया कींतिमान बनाता है तो भी एक अद्योसंरचना ही काम करती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने मानव विकास की जिस अद्योसंरचना के निर्माण का सपना देखा है , उसकी हमारे प्रदेश के ग्रामीणों, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति और पिछड़े वर्ग , कमजोर और मध्यम वर्ग , माताओं , बहनों , बच्चों , जवानों की आंखों में दिखने लगी है। और इसी चमक के रास्ते से पूरा प्रदेश एक नई तरह की जगमगाहट पैदा कर रहा है। उन्होने कहा कि छत्तीसगढ़ को भविष्य में उत्पादक राज्य भी बनना है और उपभोक्ता राज्य भी, यही हमारा गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ है। जिला मुख्यालय बीजापुर के नगरपालिका परिषद कार्यालय में लोकवाणी का श्रवण करने के पश्चात नगरपालिका अध्यक्ष बेनहूर रावतिया ने कहा की मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में सरकार हर क्षेत्र में बेहत्तर अद्योसंरचना विकास को प्राथमिकता दे रही है। वहीं पार्षद प्रवीण डोंगरे , कविता यादव एंव सोनमती ताती ने बताया कि परिवार के साथ में लोकवाणी सुनें तो पूरा आभास हुआ कि मुख्यमंत्री बघेल की अद्योसंरचना विकास की परिकल्पना में सभी क्षेत्र में अच्छी अद्योसंरचना विकास के साथ लोगों की बेहत्तरी जुड़ी है। यहीं गढ़बो नव छत्तीसगढ़ को साकार करेगी।

# मैनपुर तहसीलदार ने दिखाई अफसरशाही बिना सूचना के खाली कराया मकान

## बेघर होकर सड़क में खुले आसमान के नीचे रात बिताई पीड़ित परिवार ने

■ तहसीलदार ने कहा एसडीएम के आदेश, एसडीएम ने कहा नही दिया निर्देश

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com





मैनपुर तहसीलदार ने शुक्रवार को अफसरशाही का नजारा पेश करते हुए ग्राम छैलडोंगरी के जनपद सदस्य पुनीत सिन्हा के परिवार को बिना सूचना दिए ही मकान से खाली करा दिया। पुलिस विभाग का सहारा लेकर तहसीलदार ने महिलाओं के सामने दबंगई दिखाते हुए पीड़ित के घर के सामान घर से बाहर निकलवाकर बेदखली की कार्यवाही की और साथ ही साथ मकान भी तोड़ दिया। इसके चलते पूरे घरेलु और कीमती समान के साथ पूरा परिवार सड़क पर आ गया।

कार्यवाही के दौरान परिवार के मुखिया घर पर नहीं था, वह 100 किमी दूर गरियाबंद में था। इसके बाद भी परिवार की महिलाओं ने अफसर के सामने परिवार के मुखिया के आने तक समय देने की काफी मिन्नते की परंतु अफसर ने उसकी एक भी ना सुनी। इसके अलावा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने भी दूरभाष में उनसे चर्चा करने की कोशिश की परंतु कार्रवाई होने तक अफसर उनका फोन काटता रहा, अनदेखा करता है। इसके चलते तहसीलदार द्वारा की गई इस कार्यवाही की पूरे गांव सहित ब्लाक में घोर निंदा हो रही है। इससे क्षुब्द पीड़ित परिवार अब शनिवार से भुख हड़ताल में बैठने की तैयारी में है।

इधर मामले मैनपुर अनुविभागीय अधिकारी सुरज कुमार साहू ने स्पष्ट कर दिया कि उन्होंने मकान संबंधित विचाराधीन प्रकरण में आठ फरवरी को दिए स्थगन आदेश को 11 फरवरी को निरस्त किया था परंतु तत्काल बेदखली कार्यवाही के निर्देश नहीं दिए थे। बेदखली कार्यवाही के लिए तहसीलदार का स्वयं का अधिकार क्षेत्र है, उन्होंने अपने विवेक से ये कार्यवाही की है। हालाकि उन्होंने ये माना कि स्थगन आदेश निरस्त होने की सूचना संबंधित परिवार को देनी थी। इधर पूरी कार्यवाही को लेकर तहसीलदार कृष्णमूर्ति दीवान का कहना है कि शासन के आदेश पर वे कार्यवाही कर रहे है। उनसे जब पुछा गया कि क्या स्थगन आदेश निरस्त होने की सूचना परिवार को दी गई थी तो इस पर गोलमाल जवाब देते हुए बस इतना कहा कि परिवार के एक सदस्य को आदेश की कापी दी गई है, जबकि परिवार का कहना है किसी भी सदस्य को कोई कापी नहीं मिली है। वही जब तहसीलदार से पुछा गया कि अनुविभागीय अधिकारी ने स्थगन आदेश कब और किस दिनांक को निरस्त किया और इसके निरस्ती की जानकारी किस दिनांक को संबंधित परिवार को दी गई तो वे इसका जवाब नही दे पाए, उन्होंने दो शब्द बस कहे कि कागज देख कर बता पाऊंगा। जबकि कार्यवाही के दौरान प्रकरण संबंधित पूरे दस्तावेज की जानकारी अफसर को होनी चाहिए थी।

इस मामले में पीड़ित परिवार ने तहसीलदार पर एकतरफा कार्यवाही करने का आरोप लगाया है। परिवार के मुखिया ने कहा कि मुझे आठ फरवरी को अनुविभागीय अधिकारी द्वारा स्थगन आदेश दिया गया था, जिसके बाद इसकी सूचना मेरे द्वारा आदेश की कापी सहित मैनपुर तहसीलदार को दी गई थी, इसके बाद भी मुझे बिना सूचना दिए मेरे परिवार को बेदखल कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि स्थगन आदेश के निरस्त होने की किसी प्रकार की कोई सूचना मुझे प्रशासन से लिखित या मौखिक रूप में नहीं मिली है। बिना सूचना दिए मुझे और मेरे परिवार को बेदखल कर दिया गया है। मैं और पूरा परिवार पूरे सामना के साथ खुले आसपान के नीचे रात बिनाने मजबूर हूं।

ज्ञात हो कि जिस मकान पर बेदखली की कार्यवाही हुई है, उसका प्रकरण तहसील न्यायालय में विचाराधीन था, पूर्व में तहसीलदार द्वारा बेदखली करने का नोटिश संबंधित परिवार को जारी किया था, परंतु बेदखली की तिथि के पूर्व आठ फरवरी को अनुविभागीय अधिकारी ने स्थगन आदेश दे दिया है। शिकायताकर्ता द्वारा इस मामले में सिविल कोर्ट से केश जितने की जानकारी देने पर 11 फरवरी को अनुविभागीय अधिकारी ने स्थगन आदेश निरस्त कर दिया, इसी का लाभ उठाकर तहसीलदार ने 12 फरवरी को बेदखली की कार्यवाही कर दी। जबकि स्थगन आदेश मिलने की लिखित सुचना परिवार द्वारा तहसीलदार को देने की बात बताई जा रही है। इसके बाद भी तहसीलदार द्वारा कार्यवाही के पहले स्थगन आदेश निरस्त होने की लिखित या मौखिक सूचना भी संबंधित परिवार को नहीं गई।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाई गई

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com



एकात्म मानववाद व अंत्योदय जैसे प्रगतिशील दर्शन के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि के अवसर पर आज भारतीय जनता पार्टी कार्यालय, भाटापारा में उनकी तैलय चित्र पर विधायक भाटापारा, उपाध्यक्ष भाजपा शिवरतन शर्मा ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। शर्मा ने उपस्थित कार्यकर्तों को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की विषय मे बताते हुए कहा कि :-पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चिंतन और विचार आज चौराहे में खड़े विश्व को नया रास्ता प्रदान किया.पाश्चात्य देश पूँजीवाद, समाजवाद, साम्यवाद की चपेट में आ चुके थे। सुखी मानव का नारा देकर राजतंत्र का पतन कर पूँजीवाद समाजवाद और साम्यवाद पर आधारित प्रजातांत्रिक शासन तो यूरोप के देशो में आया पर मानव सुखी नहीं हुआ। इन विचारों ने मानव विरुद्ध प्रकृति, मानव विरुद्ध समाज की युद्ध की प्रकृति की व्यवस्था समाज को दी.परिणाम स्वरूप अधिकाधिक उपभोग और अधिकाधिक उत्पादन की प्रतिस्पर्धा से इस प्रकृति का राक्षसी उपभोग प्रारम्भ हुआ। ऐसे समय में एक महापुरुष ने इस मानव विरुद्ध प्रकृति व समाज की अवधारणा के ख़िलाफ़ खड़े हुए .जब भारत देश आज़ादी के बाद भी पश्चात्य के विचारों की गुलामी को तात्कालिक सरकार स्वीकार कर चुकी थी तब पंडित जी ने एकात्मता का सूत्र दिया वे महापुरुष थे युगऋषि पंडित दीनदयाल उपाध्याय. पंडित जी ने एकात्म मानववाद का नया रास्ता विश्व को देकर मानव सुखी होने का रास्ता बताया साथ ही मानव विरुद्ध समाज - प्रकृति को दो नहीं एक बताकर एकात्मकता का रास्ता दिखाया.मानव -समाज -प्रकृति -सृष्टि पूरा ब्रम्हाण्ड की एकात्मकता का सिद्धांत देकर प्रकृति के राक्षसी उपभोग को रोकने का सूत्र आवश्यकतानुसार उपभोग-आवश्यकतानुसार उत्पादन दिया जिसके लिए मानव समाज कृतग रहेगा, सदेव आपका अनुसरण कर सुखी मानव के निर्माण का सूत्र 'एकात्म मानववाद 'को अपनाकर सुखी महामानव का निर्माण करके सम्पूर्ण ब्रम्हाण्ड को एकात्मकता के सूत्र में पिरोते रहेगा।

उक्त अवसर पर जिला महामंत्री राकेश तिवारी, जिला अध्यक्ष भाजयुमो सुनील यदु गोलू, जिला मंत्री महाबल बघेल, मंडल उपाध्यक्ष नन्दकिशोर अग्रवाल,राजा कामनानी, मंडल महामंत्री गोपाल देवांगन, मंडल मंत्री राजा शर्मा, वैभव तिवारी, कमल तिवारी, पार्षद मुकेश सोनी, दिलीप यादव,अनिल चेलक, आशिष पुरोहित, आशिष टोडर, पवन वर्मा सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## गुरू घासीदास एवं महंत नयनदास महिलांग विकास समिति बलौदाबाजार का सदस्यता अभियान प्रारंभ

**बलौदाबाजार।** 14 फरवरी दिन रविवार से गुरू घासीदास एवं महंत नयनदास महिलांग विकास समिति बलौदाबाजार पं.क्र. 32511 द्वारा सदस्यता अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। इच्छुक सदस्य महंत नयनदास स्मृति स्थल बलौदाबाजार में आवेदन फार्म भरकर रसीद प्राप्त कर सकते है। सदस्यता 3 वर्श निर्धारित किया गया है, जिसका राशि 500/- रू. समिति द्वारा तय किया गया है। समिति का संरक्षण सदस्य 7000/- रू. है एवं आजीवन सदस्य 5000/- रू. निर्धारित किया गया है। सदस्यता हेतु फार्म दिनांक 14/02/2021 से 15/03/2021 तक कार्यालय से प्राप्त कर जमा कर सकते हैं। इसके पश्चात सदस्यों की सूची तैयार एवं प्रकाशन की जायेगी। इसके उपरान्त दिनांक 25/03/2021 को प्रबंध समिति गठन करने पर विचार किया जायेगा। सदस्यता फार्म श्यामरतन कुर्रे (भंडारी) से प्राप्त कर सकते हैं।

## गुजरा में मड़ई मेला व भुरसुदा ग्राम में लोकार्पण-भूमिपूजन एवं मितानिन सम्मान समारोह

पायनियर संवाददाता < तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com



नगर से लगे समीपस्त ग्राम पंचायत भुरसुदा के आश्रित गांव गुजरा में बिते दिन मंडई मेला का भव्य आयोजन ग्राम पंचायत व ग्रामवासियों के सहयोग से रखा गया था। मड़ई मेला का कार्यक्रम शंति पूर्वक संपन्न हुआ।जिसमें यादव भाईयों के द्वारा राऊत नाचा एंव आसपास गांवो के लोगों द्वारा मड़ई मेला का भरपुर आनंद उठाया गया। जिसमें की गांव में भारी उत्साह का माहौल बना हुआ था।उसके उपरांत रात्रि में झाकी, जसगीत गोपाल पूरन जय मां शीतला परिवार भटगांव दुर्ग का कार्यक्रम आयोजन किया गया था। क्षेत्र के जनप्रतिनिधी उपस्थित थे। एवंम ग्राम पंचायत भुरसुदा में सरपंच सुशीला साहू का एक वर्ष के कार्य काल में हुये विकास कार्य का लोकार्पण पंचायत भवन में समतलीकरण एवं सौदरी करण, कचरा प्रबंधन,शेड, व ,पिंड दशगात्र कार्यक्रम का चबुतरा चौराहो में चबुतरा, मंगलभवन पुल पुलियों का लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथी डोमश्वरी वर्मा अध्यक्ष जिला पंचायत रायपुर, अध्यक्षता टंकराम वर्मा उपाध्यक्ष जिला पंचायत रायपुर, रेखराम देवांगन जनपद सदस्य के मुख्यअतिथ के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ। एवम सामुदायिक शौचालय का भूमिपूजन एवं मितानिन सम्मान समारोह के अंतर्गत 13 मितानिनों का फल व शाल से सम्मानित किया गया एवं ग्राम पंचायत परिवार द्वारा आंगन बाड़ी केन्द्र क्रांमाक 01 की सहायिका दीदी की सेवानिवृत होने पर विरम सेन को शाल फल व गिफ्त के द्वारा स्वागत सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रुप से टेकराम यादव पूर्व जनपद सदस्य, राकेश नायक, सरपंच सुशिला साहू, राजाराम साहू सरपंच प्रतिनिधी, उपसरपंच अमरनाथ साहू, सचिव शिव कुमार वर्मा, श् सवाना साहू , गीता साहू, पुष्पलता नायक, विजय लक्ष्मी पटेल, प्रमिला बंजारे, सरस्वती वर्मा, सरिता वर्मा, चंद्रिका वर्मा, लकेश्वर वर्मा, छन्नू यदु, धरमूनिषाद, ढालेन्द्र यदु, रोजगार सहायक भुनेश्वर बारले, भूपेन्द्र चौहान, ईश्वर चौहान, एंव ग्रामीण जन उपस्थित थे मंच का संचालन सरपंच प्रतिनिधी राजकुमार साहू के द्वारा किया गया एवं अभार प्रदर्शन शिव कुमार वर्मा पंचायत सचिव के द्वारा किया गया।

## दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में 'एमएस धोनी क्रिकेट एकेडमी' का उद्घाटन आज

**भाटापारा।** अत्यंत हर्ष का विषय है कि खमरिया भाटापारा स्थित दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने एक बहुत बड़ी संस्था 'महेंद्र सिंह धोनी क्रिकेट एकेडमी' के लिए पंजीकरण शुरू कर दिया है। जिसे विद्यालय की बड़ी उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। कोरोना महामारी की स्थिति सामान्य होने के पश्चात संस्था द्वारा ऐसा निर्णय लिया गया। दिनांक 15 फरवरी 2021 से पंजीकरण शुरू होने जा रहा है। शाला की प्रधानाचार्या ऋतु रजनीश ने जानकारी दी कि, विद्यालय के बच्चों के साथ-साथ बलौदा बाज़ार जिला के अंतर्गत अन्य सभी विद्यालयों के विद्यार्थी इस एकेडमी में प्रवेश लेकर उच्च स्तरीय प्रशिक्षकों से प्रशिक्षण प्राप्त कर लाभान्वित हो सकेंगे। इस एकेडमी मे 6 वर्ष से लेकर हर उम्र के लोग प्रवेश ले सकते हैं,जिनके समय- सारणी में परिवर्तन रहेगा। ज्ञात हो कि, दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल इतनी बड़ी संस्था, 'महेंद्र सिंह धोनी क्रिकेट एकेडमी' के बैनर तले प्रशिक्षण देने वाला, छत्तीसगढ़ का दुसरा स्कूल है, जो बलौदा बाज़ार जिलेभर को गौरवान्वित करता है।




## सड़क पर खड़ी ट्रक से जा टकराया बाइक सवार, मौके पर ही दर्दनाक मौत

■ इसी ट्रक में एक दिन पहले एक कार भी टकराई थी

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com





नेशनल हाईवे में सड़क एक के एक ओर खड़ी ट्रक में जा टकराने से एक बाइक सवार में मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। युवक डोंगरगढ़ का रहने वाला है जो गरियाबंद स्वास्थ्य विभाग में स्वास्थ्य कार्यकर्ता के पद में कार्यरत था। घटना के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर परिजनो को सुचना दे दी है। वही घटना का कारण बनी ट्रक को जप्त कर थाने ले आई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना शुक्रवार रात करीब नौ बजे की है। गरियाबंद के स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ 32 वर्षीय रोशन लाल चंद्रवंशी पिता प्रहलाद चंद्रवंशी निवासी डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव अपने दुपहिया वाहन क्रमांक सीजी 07 एक्यू 7259 से राजिम से गरियाबंद की ओर आ रहा था। इसी दौरान रायपुर देवभोग नेशनल हाईवे में लोटा रपटा के समीप सागौन प्लांट के समीप सड़क के एक ओर खड़ी ट्रक के पिछले हिस्से से वह टकराया गया। घटना की जबर्दस्त की थी युवक की मौके पर ही मौत हो गई। चूकि घटना रात के समय की थी इसलिए इसकी सुचना देर से पुलिस को मिली। आवाजाही करने वाले लोगो का भी ध्यान नही गया।

### एक ही ट्रक में 24 घंटे के अंतराल दो दुर्घटना

जानकारी के मुताबिक नेशनल हाईवे में घटना के वक्त सड़क पर खड़ी ट्रक से 24 घंटे के अंतराल में दो बार सड़क हादसा हुआ है। गुरूवार रात को भी एक कार इसके पिछे हिस्से मे जा घुसी थी। इसके बाद भी ट्रक को मौके पर नही हटाया गया था। जिसके चलते शुक्रवार रात फिर एक हादसा हुआ और एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। बताया जाता है कि ट्रक में कुछ खराबी होने के कारण उसके रिपेरियंग काम किया जा रहा था, परंतु सड़क में खड़े होने के बाद भी ना ही ट्रक के पीछे एण्डीकेटर चालु था और नही पिछे हिस्से मे लाइट चालु थी। जिसके चलते अंधेरे में बाइक सवार और कार सवार को ट्रक नजर नही आई और परिणाम दोनो गाड़िया ट्रक से टकरा गए।

## कांग्रेसजनों ने पं. श्यामाचरण शुक्ल की पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया

पायनियर संवाददाता < नगरी
www.dailypioneer.com



सिहावा विधानसभा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नगरी द्वारा अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व पण्डित श्यामाचरण शुक्ल जी का पुण्यतिथि मनाया गया इस अवसर पर सिहावा विधायक डॉ लक्ष्मी ध्रुव ने उनके चित्र पर माल्यर्पण एवं कर उन्हें सादर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा, ÷पंडित श्यामाचरण शुक्ल छत्तीसगढ़ की माटी के सच्चे सपूत थे। सहज-सरल व्यक्तित्व के धनी पंडित शुक्ल ने अविभाजित मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में एक सजग और कर्मठ राजनेता के रूप में छत्तीसगढ़ सहित समूचे मध्यप्रदेश की प्रगति के लिए अनेक क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य किया। विशेष रूप से सिंचाई के क्षेत्र में उनके योगदान को सदैव याद रखा जाएगा।

इस कार्यक्रम में पी सी सी सदस्य एल एल ध्रुव, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भूषण साहू, विधायक प्रतिनधि रुद्रप्रताप नाग, रामभरोस साहू, भानेन्द्र ठाकुर, भरत निर्मलकर, प्रफुल्ल अमतिया, टिकेश्वर ध्रुव, जितेंद्र ध्रुव, सोहन चतुवेदी, लक्ष्मी साहू,राजेंद्र ठाकुर, राजू कावड़े, अध्यक्ष एन एस यू आई अदित्य तिवारी, भीष्म यादव, ईशु अली, रूपा वर्मा, नीरा साहू, गीता कंवर, मोलिम कंवर, मीणा साहू, अंजनी साहू, कामनी साहू, गंगाबाई साहू, कृपा राम साहू, भरतलाल साहू, ब्रम्हदेव साहू, बोहरन साहू, पंचराम कंवर, महेंद्र कुमार साहू, नेमबाई, चेतनलाल कंवर आदि शामिल हुए।

## फरियादियों की समस्या नहीं हुई दूर, खाना पूर्ति कर लोटे अधिकारी

# जिला कार्यालय छोड़कर कोदोपाली जन चौपाल में पहुंचे अधिकारियों को मिले महज 64 आवेदन

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com





शासन के मंशा के अनुरूप आम जनता के समस्याओं को दूर करने के उद्देश्य लेकर जिला प्रशासन ने गरियाबंद क्षेत्र के ग्राम कोदोपाली में जिलास्तरीय जनचौपाल शिविर आयोजित हुआ। आयोजित शिविर में अधिकारी तो मौजूद रहे किंतु फरयादी ही कम संख्या में पहुँचे। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि आम जनता का इस तरह से आयोजित होने वाले शिविर से मोह भंग होते जा रहा है। सबसे पहले तो प्रशासन ने शिविर को लेकर उचित प्रचार प्रसार नही किया जिसका नतीजा यह हुआ कि शिविर में फरियादी ही नहीं पहुँचे। और कुछ फरियादी पहुँचे भी तो उन्हें शिविर से कोई राहत भी नहीं मिला। देखा जाए तो जिले के अधिकारी कोदोपाली में आयोजित शिविर में महज़ खाना पूर्ति करने पहुँचे हुए थे। जिले में बीते 2 माह में मालगांव औऱ कोदोपाली में जिला स्तरीय जन चौपाल शिविर आयोजित हुए है। सबसे दिलचस्प है बात यह है कि आयोजित दोनों शिविर में जिले के कलेक्टर साहब मौजूद नहीं रहे है।

गरियाबंद विकासखंड अंतर्गत जिला स्तरीय जनचौपाल का आयोजन ग्राम कोदोपाली में आयोजित हुआ। जनचौपाल में महज़ 64 आवेदन प्राप्त हुए जो जिला स्तरीय शिविर के हिसाब से काफी कम आंकड़ा है। इस आंकड़े को बढाने जिला प्रशासन को काफी मेहनत करनी पड़ेगी। लोग इस तरह के आयोजनों से दूरी बना रहे है। ग्रामीणों को लगता है कि शिविर में आवेदन देने के बाद भी उनके समस्याओं का समाधान नहीं होता है। कहने को तो अफसर 21 आवेदन मौके पर निराकृत करने का दावा करते है किंतु सच्चाई यह है कि आम जनता के समस्या शिविर समापन के बाद भी जस का तस है।

जिला स्तरीय शिविर में पहुँचे अपर कलेक्टर जे.आर चौरसिया ने शेष आवेदनों को समय पर निराकृत करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिये हैं। जनचौपाल में जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम, फिरतुराम कंवर, जनक राम ध्रुव सहित भुंजिया समाज के रितोराम सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर जे.आर चौरसिया ने कहा कि ग्रामीणजन योजनाओं का लाभ उठाकर अपने जीवन स्तर को ऊंचा उठाये। शासन द्वारा भुंजिया एवं कमार जनजाति के पात्र युवाओं को सीधी भर्ती के माध्यम से और अभिकरण के माध्यम से रोजगार दे रही है। इस अवसर पर शिविर में सभी विभाग के अधिकारियों ने जनकल्याणकारी विभागीय योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी और ग्रामीणजनों को योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके अलावा विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर लोगों को योजनाओं की जानकारी दी गई। इस मौके पर अनुविभागीय अधिकारी भूपेन्द्र साहू, जनपद पंचायत सीईओ शीतल बंसल, तहसीलदार ओ.पी. वर्मा, सरपंच मोमबाई, जनपद सदस्य वीरेन्द्र ठाकुर, श्यामाबाई, शिव मरकाम, ग्राम पंचायत मौहाभाठा, दांतबायकला, तेंदूबाय के सरपंच एवं सभी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं जनपद पंचायत की टीम मौजूद थे।

## निधन

### विनोद केशरवानी

**बलौदाबाजार।** नगर केशरवानी समाज के सचिव, एवन डेली नीड्स के संस्थापक विनोद केशरवानी पिता स्व.प्रयाग नारायण केशरवानी के आकस्मिक निधन से परिवार के साथ समस्त केसरवानी समाज भी शोकाकुल है। वे पूर्व विधायक स्व सत्य नारायण केसरवानी के भतीजे तथा प्रमोद, मनोज के भाई व अभिषेक, अभिलाषा के पिता थे। केसरवानी समाज के नगर अध्यक्ष नरेश केसरवानी सरंक्षकगण शिवनाथ प्रसाद, जागेश्वर प्रसाद, नरेंद्र केशरवानी, बद्री प्रसाद, हेमचंद, विजय केसरवानी, प्रदेश सभा उपाध्यक्ष रामगोपाल, महिला सभा अध्यक्ष सुमन केसरवानी , सचिव रीटा केसरवानी एवं तरुण सभा अध्यक्ष अनुज केसरवानी के सहित केसरवानी समाज के सभी सदस्यों ने विनोद के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित किया है।

## जंगलबेड़ा ने जीता शिशुपाल कप



**सरायपाली।** मल्दामाल द्वारा आयोजित शिशुपाल कप कप क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल जंललबेड़ा ने जीता। शिशुपाल क्रिकेट समिति मल्दामाल द्वारा आयोजित कार्क बाल क्रिकेट प्रतियोगिता कोदोपाली मैदान में किया गया। इस प्रतियोगिता में 22 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मैच जंगलबेडा और गेर्राभाठा के मध्य खेला गया जिसमें जंगलबेडा 63 रन से विजयी रहा। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में प्रदीप गुप्ता वरिष्ठ कांग्रेस नेता, अध्यक्षता महेंद्र बाघ वरिष्ठ कांग्रेस नेता, मनोरंजन भोई पूर्व ब्लाक अध्यक्ष कांग्रेस छुईपाली, टेकलाल खूंटे सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत छिबर्रा, शरद बाघ उपसरपंच ग्राम पंचायत मलदामाल, मिनकेतन पटेल, युधिष्ठिर साहू सलाहकार पीसीएस, सुनील साहू सचिव पीसीएस, उमाकान्त ध्रुव , मनोज नन्द गेर्राभांठा पूर्व जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि बसना , रघुनाथ पटेल, सन्यासी सागर, घनश्याम बरिहा पंचगण ग्राम पंचायत मलदामाल खिलाड़ी गण आदि उपस्थित थे।

# दुर्ग में पॉक्सो के प्रकरणों के निराकरण के लिए विशेष न्यायालयों के चलते तेजी से हो रहे निराकरण

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com

राजेश श्रीवास्तव जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष द्वारा कहा गया कि छत्तीसग? में दुर्ग जिला ही ऐसा जिला है जहां पर बालकों के संरक्षण अधिनियम (पाक्सो) के प्रकरणों के त्वरित गति से निराकरण हेतु चार विशेष न्यायालय का गठन माननीय छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय द्वारा किया है दुर्ग में पाक्सो के अधिक मामले है। पाक्सो अधिनियम के अंतर्गत पुलिस विभाग के जो पुलिस अधिकारी विवेचना करते है तथा जो मेडिकल आफिसर पीडिता का मुलाहिजा अथवा डाक्टरी परीक्षण करते है उन्हें विशेष रूप से शामिल किया गया है। इस कार्यशाला में रिर्सोस पर्सन के रूप पाक्सो अधिनियम के तहत् स्थापित विशेष न्यायालय के न्यायाधीशगण शुभ्रा पचोरी, मधु तिवारी, डॉ. ममता भोजवानी को चयनित किया गया। आज की कार्यशाला का मुख्य उद्धेश्य पाक्सो अधिनियम के तहत् प्रस्तुत किये जाने वाले चालान/अभियोग पत्र में आ रही लेकूना को दर्शित करेगी। ऐसे मामलों में सर्वप्रथम प्रार्थिया/पीडिता का उम्र निर्धारण होता है। ऐसे प्रकरणों के विवेचना अधिकारी एफ.आई.आर. को विलंब से दर्ज करने के कारण विवेचना के दौरान धारा-157 का पालन नही होता है।



विवेचना अधिकारियों के द्वारा संबंधित प्रकरण में की गई कमियों का लाभ आरोपी को मिल जाता है। इस कार्यशाला के आयोजन का मुख्य उद्धेश्य पुलिस अधिकारी एवं चिकित्सक को पाक्सो अधिनियम के तहत् छोटी-छोटी जानकारी तथा माननीय सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा नवीन प्रतिपादित न्याय सिद्वांत की जानकारी दी जा सके। कार्यशाला के माध्मय से पाक्सो अधिनियम के तहत् दर्ज प्रकरण के विवेचना अधिकारी और चिकित्सका अधिकारी कमियों को जान सकेगें और भविष्य में इन प्रकरणों में सुधार ला सकेगें।

कार्यशाला में उपस्थित न्यायाधीश श्रीमती शुभ्रा पचोरी अतिरिक्त अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम फास्ट ट्रेक कोर्ट दुर्ग ने पाक्सो अधिनियम के तहत् पीडिता/अभियोक्त्री के आयु के संबंध में प्रकरण में प्रस्तुत किये जाने वाले दस्तावेज जन्म प्रमाण पत्र, अंकसूची, कोटवारी पंजी, डाक्टर प्रमाण पत्र के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। इस व्याख्यान में पुलिस अधिकारियों के द्वारा संबंधित न्यायाधीश से आयु के संबंध में प्रस्तुत किये जाने वाले दस्तावेज की जानकारी ली तथा अपने मन में उठ रहे सवालों के जवाब पाये।

कार्यशाला में उपस्थित न्यायाधीश श्रीमती मधु तिवारी अतिरिक्त अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रेक कोर्ट दुर्ग ने पाक्सो अधिनियम के तहत् पीडिता/अभियोक्त्री एवं पाक्सो के प्रकरण में दर्ज किये जाने वाले न्यायालयीन कथनों के संबंध में वृहद रूप से बताया तथा किन तथ्यों को प्रकरण में अभियोजन को प्रमाणित करना होता है तथा किन तथ्यों को आरोपी को प्रमाणित करना होता है, इन तथ्यों की जानकारी विस्तार पूर्वक दी।

कार्यशाला में उपस्थित न्यायाधीश डॉ. ममता भोजवानी अतिरिक्त अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय फास्ट ट्रेक कोर्ट दुर्ग ने पाक्सो अधिनियम के तहत् पीडिता/अभियोक्त्री एवं पाक्सो प्रकरण के आरोपी के किये जाने वाले मेडिकल /चिकित्सा संबंधी अपनाये जाने वाली प्रक्रियाओं का वर्णन किया तथा आयु के निर्धारण में पीडिता के लिए चिकित्सकीय प्रमाणिकता बताई गई। इन प्रकरणों में रासायनिक परीक्षा एवं डी.एन.ए. परीक्षण के संबंध में पुलिस अधिकारियों एवं चिकित्सकों को जानकारी दीया।

कार्यशाला में उद्घाटन संबोधन राहूल शर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग के द्वारा किया तथा मंच का संचालन कु. रूचि मिश्र न्यायिक मजि. दुर्ग के द्वारा किया गया। कार्यशाला में 22 चिकित्सा अधिकारी, 13 पुलिस अधिकारी, 03 बाल कल्याण समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# कांग्रेसी नेता शशि भगत ने कहा, पहाड़ी कोरवाओं की जमीन हड़पने का आरोप पूरी तरह बेबुनियाद है

■ **पूर्व मंत्री अपना अस्तित्व बनाए रखने की अंतिम लड़ाई लड़ रहे हैं**

पायनियर संवाददाता ∢ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और जशपुर जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष शशि कुमार भगत ने खाद्य मंत्री अमरजीत भगत के न्यायाधिश पुत्र आशीष भगत पर पूर्व अजाक मंत्री गणेश राम भगत के द्वारा पहाड़ी कोरवाओं की जमीन हड़पने के लगाए जा रहे आरोप को पूरी तरह से नकारते हुए बेबुनियाद और निर्थक बताया है। आदिवासी नेता शशि भगत ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि मंत्री के पुत्र पर पहाड़ी कोरवाओं की जमीन को छलपूर्वक अपने नाम करा लेने का आरोप पूर्व मंत्री के द्वारा लगाया जा रहा है वे स्वयं के अस्तित्व को बचाए रखने की अंतिम लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ राजस्व अधिनियम के तहत कोई भी अनुसूचित जनजाति का व्यक्ति किसी दूसरे अनुसूचित जनजाति के व्यक्ति की जमीन को खरीद सकता है। भूमि क्रय तयशुदा कीमत में चेक के माध्यम से शासन के नियमानुसार किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा के



तथाकथित पूर्व अजाक मंत्री अपने अस्तित्व की अंतिम लड़ाई लड़ रहे हैं। पूर्व मंत्री ने अपने कार्यकाल में आदिवासियों के साथ कई अहित किए हैं। 22 परीक्षा केंद्रों को निरस्त कराया था। उन्होंने यह भी कहा कि उनके समर्थक मनोरा और बगीचा क्षेत्र में पहाड़ी कोरवाओं की हजारों एकड़ भूमि में कब्जा जमाकर खेती की जा रही है जिसमें सभी ने चुप्पी साध रखी है।

खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने पहाड़ी कोरवा समुदाय के बच्चों को शिक्षक पद पर नियुक्ति दिलाई गई है जोकि उनके जीवन में एक मील का पत्थर है।

## श्रीमदभागवत पुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ पुराना प्रारंभ



**कुरुद।** नगर के वरिष्ठ नागरिक एव धमतरी जिला सर्व ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष गौरीशंकर शुक्ला एवं उनके परिजनों द्वारा14 फरवरी से 22 फरवरी 2021 तक श्रीमदभागवत पुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ पुराना बाजार चौक कुरूद में रविवार से प्रारम्भ हुआ जिसमें पं श्री प्रमोद शास्त्री जी महाराज मानस केशरी ने देव स्थापना करते हुए गोकर्ण महात्यम पर कथा प्रारंभ की । साथ जी कुरुद नगर में कलश यात्रा भी निकाली गई जो पुराना बा?ार से राम मंदिर ,गांधी चौक चण्डी मन्दिर , थाना चौक होते हुए पुनः कथा स्थल पहुँची। इसमें कैलाश शुक्ला, राम शुक्ला, अविनाश शुक्ला, राजा शुक्ला , जितेंद्र शर्मा, ज्ञानू आमदे, चंदन शर्मा आदि श्रद्धालुओं ने अपनी उपस्थिति दी।

## अवैध रूप से रेत खनिज का उत्खनन करते पाये जाने चार वाहनों पर कार्यवाही

**जगदलपुर।** कलेक्टर रजत बंसल के निर्देशानुसार प्रभारी खनि अधिकारी हेमंत चेरपा के मार्गदर्शन में जिला खनिज जांच दल द्वारा 10 फ़रवरी को सूचना मिलने पर जिले के तहसील बस्तर के घाटलोहंगा के इन्द्रावती नदी से अवैध रूप से रेत खनिज का उत्खनन करते पाये जाने पर मौके पर नदी किनारे से एक नग जेसीबी मशीन एवं 2 ट्रैक्टर ट्राली रेत से लदा हुआ को जप्त कर पुलिस थाना बस्तर को सुरक्षार्थ सौंपी गई। इसी प्रकार से 14 फ़रवरी को सूचना मिलने पर तहसील बकावंड ग्राम कोहकापाल के अर्न्तगत स्थित अवैध रूप से जेसीबी के द्वारा रेत का अवैध उत्खनन करते पाया गया।

# एक्सप्रेस के किराए में लोकल

## एक्सप्रेस के बाद अब स्पेशल लोकल

पायनियर संवाददाता ∢ भाटापारा
www.dailypioneer.com

पहले एक्सप्रेस ट्रेन को स्पेशल का दर्जा दिया जाकर स्पेशल फेयर लिया गया। अब लोकल ट्रेनों को स्पेशल लोकल बनाकर एक्सप्रेस ट्रेन का किराया लिया जा रहा है। राहत बस इतनी ही है कि इसे आरक्षण के बाहर रखा गया है लेकिन किराया एक्सप्रेस ट्रेन का लिया जा रहा है। स्पेशल क्या है ? यह मत पूछिए! क्योंकि ऐसी कोई सुविधा नहीं दी गई है। 10 माह से बंद ट्रेनों के पहिए फिर से पटरी पर दौड़ने लगे हैं। राहत ही है लेकिन शर्तो का बंधन और स्पेशल का दर्जा दिया जाकर मनमर्जी से किराया तय किए जाने से परेशानी कम होने की बजाय बढ़ ही रही है। सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि स्पेशल के नाम से लिए जा रहे किराए के बाद सुविधा में ऐसी कौन सी सुविधा अतिरिक्त रूप में दी जा रही है जिसकी एवज में अतिरिक्त किराया लिया जा रहा है। खोज-खबर लेने पर ऐसी कोई सुविधा दिए जाने की जानकारी नहीं मिल रही है, जो स्पेशल के लिए आधार बने। यात्रा जरूरी है , समय अहम हैं, इसलिए मजबूरी में इसे स्वीकार किया जा रहा है।

### पांच लोकल- पांचों स्पेशल

एक-एक कर पटरी पर लौट रही एक्सप्रेस ट्रेनों का सिलसिला जारी है। इस बीच बिलासपुर से रायपुर के बीच दो और रायपुर से बिलासपुर के बीच तीन लोकल ट्रेनें चालू की गई है। इन कुल पांच लोकल ट्रेनों को स्पेशल लोकल का दर्जा दिया जा चुका है और बीच के सभी स्टॉपेज पूर्ववत है लेकिन स्पेशल जैसी कोई सुविधा नहीं। केवल किराया स्पेशल याने एक्सप्रेस ट्रेन का तय कर दिया गया है। याने भाटापारा से बिलासपुर रायपुर के बीच स्टेशन के लिए यात्रा करने पर एक्सप्रेस के लिए तय किराया देना होगा।



### इस पर कोई जवाब नहीं

नौकरी, व्यवसाय या दैनिक रोजी मजदूरी करने वाले की संख्या रायपुर और बिलासपुर के लिए अच्छी खासी है। रोज एक्सप्रेस की टिकट कैसे ली जा सकेगी? इस सवाल के साथ पूछताछ काउंटर पहुंच रहे यात्रियों को कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिल रहा है। ऐसे लोगों को भी अनुमति का इंतजार है जो ट्रेन में हॉकर की सेवा उपलब्ध करवाकर रोजी रोटी का इंतजाम करते हैं। यह भी बीते 10 माह से अच्छे दिन के इंतजार में हैं। राह देख रहे हैं उस दिन का जब इनके लिए भी ट्रेन के गेट खुलेंगे। लेकिन जिस तरह की स्थितियां बनी हुई है उसे देखते हुए मासिक टिकट और ट्रेन में खानपान की सुविधा के लिए इंतजार के दिन और लंबे हो सकते हैं क्योंकि इस पर फिलहाल कोई फैसला नहीं लिया जा सका है।

### यहां लौटती रौनक

सुनसान पड़ा रेलवे साइकिल स्टैंड में अब दोपहिया और साइकिलें दिखाई देने लगी हैं। वाहनों की कतार भी लंबी होती नजर आती है यहां किराया बढ़ने की खबर तो नहीं है लेकिन संकेत मिल रहे हैं कि यह भी पहले की तुलना में कुछ ज्यादा हो सकता है पर फिलहाल तो स्थिरता का ही रुख बना हुआ है।

## सरयू सदन मे होगा आयोजन उक्ताशय की जानकारी देते हुए सरयु पारी ब्राहम्ण महिली मंडल के मीडिया प्रभारी द्वय सरिता शर्मा एव ममता दीवान द्वारा बताया गया कि बसत पचमी 16

### सरयू महिला मंडल द्वारा आयोजन

सम्मान की कड़ी दर कड़ी चलती प्रक्रिया मे बसंत पंचमी के दिन सम्मान समारोह की एक और कड़ी जुडती हुई जान पड़ रही है, जिसके तहत बसंत पंचमी 16फरवरी के दिन सरयू पारी ब्राह्मण महिला मंडल द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है।

### योगदान को मिल रहा सम्मान

महामारी से लडाई मे देश के विभिन्न प्रकल्पों के स्वर्णिम योगदान को याद करने एवं उन्हे सम्मानित करनें का सिलसिला कोरोना जंग काल से जारी है, जिसके तहत ताली थाली एवं दिया रोशन के तहत जहाँ देशभर मे स्वास्थ्य सेवकों एवं सुरक्षा प्रकल्पों का सम्मान किया गया।

### सरयू समाज का कोरोना योद्धा के रुप मे योगदान, महिला मंडल द्वारा बसंत पंचमी पर सम्मान



कोरोना की विपदा समूचे विश्व सहित भारत मे भी एक बड़े चुनौती के रुप मे सामनें आयी, लेकिन जन जन की एकजुटता एवं देश के कुशल नेतृत्व के चलते इस महामारी मे देश एक अहम आयाम स्थापित करता हुआ प्रतीत हुआ, जिसके चलते देश जहाँ एक ओर उत्कृष्टता का परिचय देते हुए इस जंग मे देश सफलता पूर्वक महामारी से उबरता हुआ ही नहीं जान पड़ रहा है, वरन वैक्सीन के निर्माण का गौरव रचते हुए भारत दूसरे देशों को वैक्सीन प्रदत्त करते हुए कीर्तिमान भी रच रहा है।

# विधायक चंद्राकर ने भेंडरा में करोड़ो के विकासकार्यो का किया लोकार्पण

पायनियर संवाददाता ∢ कुरुद
www.dailypioneer.com



कुरुद विकासखंड के ग्राम भेंडरा में पूर्व केबिनेट मंत्री एवं विधायक अजय चंद्राकर ने करोड़ो के विकासकार्यो का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने ने ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित हो रही कबड्डी स्पर्धा का फीता काटकर शुभारंभ भी किया। ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए चंद्राकर ने कहा कि कबड्डी भारत देश का पारंपरिक खेल है, ग्रामीणों ने कबड्डी खिलाड़ियों को यह अवसर देकर नेक काम किया है, इस तरह के आयोजनों से खेल भावना का विकास होता है। साथ ही अवसर मिलने से दबी प्रतिभाओं को आगे आने का मौका मिलता है। किंतु युवाओं को चाहिए कि वे इसके साथ साथ सामाजिक एवं धार्मिक कार्यो में बढ़ चढ़कर हिस्सेदारी निभाये क्योंकि हमारी असली पहचान उसी से है। उन्होंने आगे कहा कि भगवान श्रीराम हम सभी के आराध्य हैं। उनका जीवन अतुलनीय है। उनके जीवन से समस्त मानव जाति को प्रेरणा मिलती है। ऐसे आराध्य देव के मंदिर निर्माण में सहयोग कर हम अपने आप को भाग्यशाली बनाये एवं अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए यथा श्रद्धा अपना योगदान दे। इसके पूर्व उन्होंने ग्राम भेंडरा में करोड़ो रूपये के लागत से नवनिर्मित अटल समरसता भवन, हाट बाजार चबूतरा, मिनी स्टेडियम एवं सार्वजनिक सुलभ शौचालय का लोकार्पण किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष शशि पवार, जिला पंचायत सदस्य गोविंद साहू, जनपद सदस्य हँसकुमारी फनेन्द्र सिन्हा गातापार सोसायटी अध्यक्ष नन्दकुमार साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष आनंद यदु, भाजपा नेतागण रविकांत चंद्राकर, छत्रपाल बैस, भीमदेव साहू, हरीश चंद्राकर समेत बड़ी संख्या में जनोरतिनिधिगण, ग्रामीणजन एवं आयोजक समिति के लोग उपस्थित थे।

## मैंने कभी भी भाजपाइयों की तरह सड़क के लिए खोदे गये गड्डे को तालाब बताकर शासकीय धन में हेराफेरी नहीं की : बसंत ताटी

पायनियर संवाददाता ∢ बीजापुर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भोपालपटनम क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य बसंत राव ताटी ने कहा कि श्रीनिवास मुदलियार जैसे ढुलमुल नेताओं ने ही प्रदेश में भाजपा की नैया डुबो दी है। भाजपा के प्रति मुदलियार की निष्ठा का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि गत वर्ष संपन्न हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में यह नेता अपने गृह ग्राम तिमेड तक में भाजपा समर्थित प्रत्याशी को वोट नहीं दिला सके।ताटी ने कहा कि मुदलियार जी मुझे दलबदलू नेता कहने से पहले खुद के गिरेबान में झाँककर देखें कि

बीजापुर जिले में इनके कद्दावर नेताओं की राजनैतिक पृष्ठभूमि क्या रही है? जहाँ तक मेरे कांग्रेस पार्टी में प्रवेश करने का सवाल है,यह कोई हवा देखकर पाला बदलने वाला मामला नहीं है।भाजपा प्रदेश नेतृत्व इस बात से अवगत है कि मैंने 10 साल पहले उस वक्त पार्टी की सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया था, जब भाजपा सत्तारू? थी।यदि मुझमें सत्ता-लोलुपता होती तो आज मैं भी मुदलियार की तरह भाजपा नेताओं की चाटुकारिता में लगा रहता। ताटी ने कहा कि मैंने कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद किसी लोभ से नहीं, बल्कि उसके संघर्षकाल में आम आदमी के पक्ष में उसकी लड़ाई में शामिल होने के लिये कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ली है मित्र मुदलियार ने मुझ पर यह आरोप लगाया है कि मैंने जनता के लिए कोई काम नहीं किया,बल्कि उसे हमेशा गुमराह किया है। यह बात 'खिसियानी बिल्ली खंबा नोचे' वाली कहावत को चिरतार्थ करती है।वे भी जानते हैं कि क्षेत्र की जनता ने मुझपर विश्वास करके ही मुझे अपना आशीर्वाद देकर पिछले चुनावों में लगातार जिताया है।

## मुख्यमंत्री सामुहिक कन्या विवाह अंतर्गत 52 हिन्दू एवं 4 ईसाई जोड़ो की हुई शादी







पायनियर संवाददाता ∢ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनान्तर्गत एकीकृत बाल विकास परियोजना तपकरा द्वारा कंवर समाज सामुदायिक भवन प्रांगण पमशाला में 56 जोड़ों का विवाह कराया गया। 52 हिन्दू जोड़ों का विवाह हिन्दू रीति रिवाज एवं विधि पूर्वक पंडित धर्मेंद्र मिश्रा द्वारा संपन्न कराया गया। वहीं 4 ईसाई जोड़ों का विवाह ईसाई पद्धति से कराया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी की निगरानी में आयोजित कार्यक्रम के बारे में एकीकृत बाल विकास परियोजना की परियोजना प्रशासक आई खेस्स ने बताया के शासन के नियमानुसार प्रत्येक जोड़ों पर 25 हजार रुपए का खर्च किया गया। निरंजन ताम्रकार अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस फरसाबहार ने अपने आशीष उद्बोधन में कहा कि आप सभी शादी जैसे पवित्र बंधन में बंधे हैं। शासन हर स्तर पर आपके साथ है। आप सभी खुश रहें। संजय कुमार साय अध्यक्ष जनपद पंचायत फरसाबहार ने कहा कि शासन की कई कल्याणकारी योजनाएं संचालित है जिसमे कन्या विवाह योजना भी है शासन अपने खर्च पर आपकी शादी करा रही है साथ नया जीवन शुरू करने के लिए घर का आवश्यक सामग्री भी दे रहा है।

### जरूरतमंदों को मिल रहा लाभ

विष्णु कुलदीप जिला पंचायत सदस्य ने कहा कि शासन ने समय के साथ इस योजना का भी बजट बढ़ा दिया है जिसका लाभ आप सभी को मिल रहा है। अजय शर्मा पूर्व जिला पंचायत सदस्य ने कहा कि आर्थिक स्थिति से कमजोर वर्ग के लिए मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना एक वरदान है जंहा सभी रिस्तेदार भी उपस्थित हो जाते हैं और शादी भी धूमधाम से ही जाती है। इस अवसर पर जनपद पंचायत फरसाबहार अध्यक्ष संजय कुमार साय, ब्लॉक कांग्रेस फरसाबहार अध्यक्ष निरंजन ताम्रकार, जिला पंचायत सदस्य विष्णु कुलदीप, नवीना पैंकरा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अजय शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस फरसाबहार उपाध्यक्ष सेराज खान, जनपद पंचायत सदस्य शीला चौहान, अगाथा तिग्गा, कमला पटेल, सरपंच कोहपनी सविता पैंकरा, उपरकछार सरपंच पुष्पा हंशरा, विनोद सोनी, श्याम गुप्ता, बैजू कुमार वर्मा, प्रशांत कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास जशपुर अजय शर्मा, अनुविभागीय अधिकारी फरसाबहार चेतन साहू, महिला बाल विकास परियोजना तपकरा परियोजना प्रशासक आई खेस्स, सुपरवाइजर प्रभा लकड़ा, रजनी खेस, अर्चना किरण टोप्पो, विजया साहू, फलेरिया तिग्गा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गण के साथ वर वधु पक्ष के परिजन उपस्थित रहे।

### दिया जाएगा शादी का प्रमाण पत्र

अभी तक मुख्यमंत्री विवाह योजना में शादी तो होती थी किन्तु किसी प्रकार का अभिलेख नही दिया जाता था। इस बार शादी का विवाह प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। जो विवाहित जोड़ों के लिए एक शासकीय अभिलेख होगा।

**कसडोल सरसिवा बिलाईगढ़ पलारी भाटापारा भरसेला रिसदा चांपा ढनढनी कोकड़ी सेम्हराडीह के उम्मीदवार बड़ी संख्या में शामिल हुए**

# बलौदाबाजार में पहली बार छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की परीक्षा

दिलीप माहेश्वरी ∢ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

पीएससी का प्रारंभिक परीक्षा बलौदाबाजार ने विभिन्न रिक्त पदों को भरने के लिए रविवार को लिखित परीक्षा ली। सीजीपीएससी के लिए ली गई इस परीक्षा में अकेले जिला में कई छात्र शामील हुए। परीक्षा में जिला सहित कसडोल सरसिवा बिलाईगढ़ पलारी भाटापारा भरसेला रिसदा चांपा ढनढनी कोकड़ी सेम्हराडीह के उम्मीदवार भी बड़ी संख्या में शामिल हुए छात्रो सरल प्रश्न पत्र देखकर` चेहरे खिल उठे। सुबह 9 से 12 बजे शाम 2 बजे से 5 बजे परीक्षा आयोजित किये गये बलौदाबाजार में चार केंद्र बनाये गये है चक्रपाणि हायर सेकेण्डरी स्कूल, शासकीय डीके कॉलेज सभी जगहो पर सैनेटाइजर और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए सभी अभ्यार्थियों ने लिखित परीक्षा प्रारंभ किया । परीक्षा में जिला सहित अन्य ब्लॉक के कोने कोने से छात्र शामिल हुए। अन्य जिलो के भी उम्मीदवार शामिल हुएं परीक्षा में बड़ी संख्या में महिला उम्मीदवार भी शामील हुई।

### सुबह से थी गहमा - गहमी

परीक्षा को लेकर सुबह से काफी गहमा- गहमी रही। दूसरे गांव या ब्लॉक के विभिन्न हिस्सो के छात्र एक दिन पहले ही जिले में डेरा डाल चुके थे। बस स्टैन्ड समेत होटल पर उम्मीदवार ठसाठस रहे। परीक्षा के दिन सुबह से ही उम्मीदवार परीक्षा केंद्र व अपना रोल नंबर ,परीक्षा केंद्र के बोर्ड पर खोजते रहे। सुबह 9 से 12 बजे और 2से 5 बजे तक थीं लेकिन परीक्षार्थियों का जमावड़ा सुबह 8 बजे से परीक्षा केंद्रो के आसपास लग गया।

### सभी प्रश्न आसान

परीक्षा देकर निकले उम्मीदवारों को सारे प्रश्न आसान लगे जीके के प्रश्नों को उम्मीदवारों ने सबसे ज्यादा आसान बताया, वहीं इंग्लिस व रीजनिंग के सवाल परीक्षार्थियों को सरल लगे। केवल गणित के सवाल ऐसे थे जो कुछ हद तक उम्मीदवारो को सोचने पर मजबूत कर गए। लेकिन अन्य प्रश्नों ने परीक्षार्थियों के चहरे खिला दिऐ।

### उम्मीदवारों ने कहा

प्रश्न पत्र बहुत सरल व बहुत अच्छा आया था। गणित थोड़ा टफ था, लेकिन उससे भी ज्यादातर सवाल हल हो गये। बाकी प्रश्न काफी सरल थे।

**-राकेश वर्मा,** ठेलकी

सवाल बड़े आसान पूछे गए थे, जिन्हे बनाने में बहुत मजा आया। सभी प्रश्नों को हल किया है। उम्मीद है कि निकल जाउगी।

**-कृष्ण कुमार,** बलौदाबाजार

रीजनिंग सबसे सरल व बहुत अच्छा लगा सभी प्रश्न सरल थे। निर्धारित समय में प्रश्न बन गए थे, लेकिन थोड़ा समय और मिलता तो अच्छा होता।

**-रंजु जायसवाल,** पलारी

सभी उम्मीदवारों ने कहा कि पहली बार बलौदाबाजार में सीजीपीएससी का परीक्षा दिला कर बहुत अच्छा लगा पहले परीक्षा दिलाने के लिए बाहर जाना पड़ता था इस साल अपने ही जिले मे परीक्षा दिला कर बहुत अच्छा लगा। सभी ने कोरोना गाइडलाईन्स का पालन भी किया। कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने आज छातीसगढ़ पीएससी द्वारा यहां जिला मुख्यालय में आयोजित प्रारंभिक परीक्षा के केन्द्रों का अवलोकन किया। बलौदाबाजार जिले को पहली बार पीएससी परीक्षा आयोजित करने का मौका मिला है। कलेक्टर ने विभिन्न कमरों का अवलोकन कर व्यवस्था देखी।

उन्होंने डीके कॉलेज और पंडित चक्रपाणि स्कूल में बनाये गये केन्द्रों का अवलोकन किया। पंडित चक्रपाणि स्कूल में परीक्षा दे रहे नेत्र से दिव्यांग परीक्षार्थी से भी मुलाकात कर सुविधाओं की जानकारी ली। लोक सेवा आयोग के निर्देशानुसार दिव्यांग को अलग से कमरे में बिठाकर सह.लेखक की सुविधा प्रदान की गई है। अपने ही जिले में परीक्षा दिलाने का मौका मिलने पर छात्रों और अभिभावकों में खुशी है। परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संचालित हो रही है।

# म्यांमार में छद्म लोकतंत्र का अंत

**म्यांमार में लोकतांत्रिक हुकूमत के अधीन जो हुआ वो कम आहत करने वाला नहीं था। लोकतांत्रिक सरकार ने आतंक का राज कायम किया जिसकी ओर से दुनिया ने आंखें मूंद लीं।**



**ज्ञानेश्वर दयाल**
(लेखक स्तम्भकार एवं वृत्तचित्र निर्माता हैं।



म्यांमार में लोकतंत्र की जो थोड़ी-बहुत झलक नजर आने भी लगी थी वह 1 फरवरी को सेना द्वारा तख्ता पलट के बाद समाप्त हो गई। पूर्ववर्ती बर्मा पुनः सैन्य शासन के अधीन हो गया है। सेना के सत्ता के गलियारों पर कब्जा कर लिया है तथा निर्वाचित नेता, आंग सान सू की, राष्ट्रपति विन मींट व अन्य नेताओं एवं एक्टिविस्टों को गिरफ्तार कर लिया गया है। सैन्य तख्ता पलट, चाहे जहां भी हो, लोकतंत्र के लिए बुरा होता है और दुनियाभर के लिए चिंता का विषय होता है। जब सैन्य शासक सत्ताधारी बन जाते हैं तो सरकार पर जनता का थोड़ा-बहुत नियंत्रण भी खत्म हो जाता है। जब कभी सेना, जो न तो शासन करने हेतु प्रशिक्षित होती है न ही जनता की आकांक्षाओं एवं मांगों के प्रति संवेदनशील होती है, जब नियंत्रण स्थापित कर लेती है, तो वहीं करती है जिसके लिए वह प्रशिक्षित होती है, अर्थात उसके रास्ते में आने वाले किसी को भी कुचल देना और डंडे के बल पर राज करना। हालांकि, म्यांमार में लोकतांत्रिक हुकूमत के अधीन जो हुआ वो कम आहत करने वाला नहीं था। देश की लोकतांत्रिक सरकार जनता के लिए किसी भी तरह मददगार नहीं रही। उसने आतंक का राज कायम किया जिसकी ओर से दुनिया ने आंखें मूंद लीं। दुनिया को लगता होगा कि लोकतंत्र इसे दुरुस्त कर लेगा। लेकिन, विडंबना है कि ऐसा नहीं हुआ।

इससे लोकतंत्र की छवि धूमिल हुई और जनता का विश्वास हिल गया। अब जबकि देश सीधे सेना के नियंत्रण में है, सैन्य जनरलों को ज्यादा जिम्मेदारी से काम करना होगा। अन्यथा, गंभीर प्रतिरोध का जोखिम है जो सैन्य हुकूमत न तो चाहेगी नहीं सहन कर पाएगी। देश में चहुंओर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। सेना को अंतरराष्ट्रीय समुदाय की आलोचना झेलनी पड़ रही है। बौद्धों तथा रोहिंग्याओं के बीच उसके द्वारा पैदा किया गया पृथक्करण भी संभवतः उसे वैधानिकता प्रदान करने के लिए पर्याप्त नहीं होगा। कई दिनों से चल रहे विरोध प्रदर्शनों के चलते अब राजधानी पूरी तरह आच्छादित हो गई है।

1962 में हुए सैन्य विद्रोह के पश्चात सेना ने 50 वर्ष से अधिक समय तक देश पर शासन किया। बर्मा को ब्रिटिश शासन से आजादी 1948 में मिली थी। वह इस क्षेत्र का निर्धतम देश था। लगभग एक चौथाई जनसंख्या चरम निर्धनता में जीती थी। यद्यपि यह एक संसाधन संपन्न देश है, इसकी अर्थव्यवस्था दुनिया में अल्पतम विकसित अर्थव्यवस्थाओं में से एक है तथा गरीबी बेतहाशा है, जिसका कारण दशकों से चला आ रहा आर्थिक कुप्रबंधन और गंभीर भ्रष्टाचार है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल के भ्रष्टाचार सूचकांक में म्यांमार का स्थान 180 देशों में 137वां है। बर्मा में सकल घरेलू उत्पाद का निम्नतम प्रतिशत स्वास्थ्यरक्षा पर खर्च होता है। उसका स्वास्थ्यरक्षा स्तर बहुत खराब है और जीवन स्तर भी। ऐसी निराशाजनक स्थिति में, धर्म के आधार पर जनता को बांटने का समय परीक्षित फार्मूला सैन्य हुकूमत तथा निर्वाचित सरकार दोनों ने ही इस्तेमाल किया था। धार्मिक आधार पर लोगों को बांटने से न केवल शासन को वैधानिकता प्राप्त होती है बल्कि लोगों का ध्यान भी बंट जाता है। सेना ने यही किया और आधी सदी तक शासन करती रही।

बर्मा में बौद्ध अल्पसंख्यक हैं। सेना ने बौद्धों का तुष्टीकरण कर रोहिंग्याओं को राज्य का दुयमन बताकर चतुराई भरा खेल खेला। एक लोकप्रिय उग्रपंथी बौद्ध मठवासी, थॉ बी टा, नृजातीय सफाए को उचित ठहराते हैं और सैन्य कार्रवाई का समर्थन करते हैं। वो निरपराध रोहिंग्याओं की हत्याओं एवं प्रताड़नाओं का भी समर्थन करते हैं। उन्होंने घोषणा की थी कि, सच्चा राष्ट्रवाद बौद्ध सत्य के सार्वभौमिक उद्घोष में निहित है, जिसे वो संयुक्त राष्ट्र द्वारा मानवाधिकारों की सार्वभौमिक उद्घोषणा से श्रेष्ठ मानते हैं। थॉ बी टा, सैन्य संरक्षित सितागू संघ के हैं। सितागू म्यांमार की सेना के कमांडरों द्वारा अनास्थावानों की हत्या को बौद्ध ग्रंथों के आधार पर सही ठहराते हैं।

थॉ बी टा, व अन्यों द्वारा किए गए दुष्प्रचार के कारण, अस्सी के दशक के उत्तरार्ध तक जो बौद्ध सेना का विरोध करते थे अब सैन्य समर्थक बन गए हैं। आज बहुत से संघ राखिने राज्य में सैन्य दुष्कृत्यों का बचाव करते हैं। सेना द्वारा बौद्धों को साथ लेकर चलने के कारण रोहिंग्याओं को जीवन और स्वतंत्रता से वंचित होना पड़ा है।

इससे लोकतंत्र की छवि धूमिल हुई और जनता का विश्वास हिल गया। अब जबकि देश सीधे सेना के नियंत्रण में है, सैन्य जनरलों को ज्यादा जिम्मेदारी से काम करना होगा। अन्यथा, गंभीर प्रतिरोध का जोखिम है जो सैन्य हुकूमत न तो चाहेगी नहीं सहन कर पाएगी। देश में चहुंओर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। सेना को अंतरराष्ट्रीय समुदाय की आलोचना झेलनी पड़ रही है। बौद्धों तथा रोहिंग्याओं के बीच उसके द्वारा पैदा किया गया पृथक्करण भी संभवतः उसे वैधानिकता प्रदान करने के लिए पर्याप्त नहीं होगा।

इस सैन्य तख्तापलट का परिणाम आंग सान सू की के लिए आहतकारी है। उनके लिए, यह आंखें खोलने तथा प्रधानमंत्री के तौर पर जो कुछ उन्होंने किया उस पर विचार एवं आत्मनिरीक्षण करने का समय है। सू की ने रायटर्स को बताया कि सेना के साथ रिश्ते उतने बुरे नहीं हैं और उनकी कैबिनेट में मौजूद जनरल काफी मधुर हैं। कभी-कभी काव्यात्मक न्याय कल्पना से जल्दी मिल जाता है। लेकिन यह और ज्यादा अशांतिकर होता है जब उनके द्वारा किया जाता है जिनके विरुद्ध वो पहले खड़ी थीं और बाद में उनका बचाव करने लगीं।

चीजों को परिप्रेक्ष्य में रखकर देखें, तो आंग सान सू की ने अपने जीवन के अच्छे 15 वर्ष जेल में बिताए। अपने संपूर्ण कार्यकाल में, सू की ने सेना के कार्यक्रमों व नरसंहारों का बचाव किया। लोकतंत्र की जबर्दस्त पैरोकार, जिसने नोबल शांति पुरस्कार जीता था, कभी सेना को रोकने के लिए पदत्याग नहीं किया। वो रोहिंग्या मुसलमानों के नरसंहार की मूकदर्शक बनी रहीं। वो खामोशी से अल्पसंख्यकों के कत्लेआम व सामूहिक पलायन की साक्षी बनीं।

बाद में, सू की को देश की आर्थिक एवं नस्ली समस्याओं को संबोधित करने में विफल होने के कारण आलोचना सहन करनी पड़ी। किसी ऐसे व्यक्ति से इसकी उम्मीद नहीं की जाती जिसने 15 वर्ष जेल में बिताए हों ओर एक लंबी और कठिन लड़ाई लड़ी हो। कहते हैं कि उन्होंने बौद्ध साहित्य का गहन अध्ययन किया है, जिस धर्म में वो पैदा हुईं थीं। मगर जो कुछ उन्होंने पढ़ा उसे व्यवहार में लाने में विफल रहीं। कम से कम सेना उनके कृत्यों को लेकर थोड़ा सजग हो सकती है। लोकतांत्रिक व्यवस्था द्वारा मुहैया प्रतिरोध वहां नहीं रह गया है। हो सकता है सैन्य शासन अंतरराष्ट्रीय समुदाय के प्रति कुछ ज्यादा संवेदनशील रहे जो पहले से ही आक्रोशित है। यह देखना रोचक है कि किस तरह अंतरराष्ट्रीय समुदाय को खतरे की घंटी महसूस होगी जब लोकतंत्र का आवरण हट चुका है, चाहे लोकतंत्र कितना भी अल्प हो। न्यूजीलैंड ने म्यांमार से संबंध तोड़ लिए हैं। अमेरिका ने प्रतिबंध लगा दिए हैं। हालांकि, चंद मानवाधिकार संगठनों को छोड़कर रोहिंग्याओं के नस्ली सफाए के प्रति कोई भी चिंतित नहीं था।

एमनेस्टी इंटरनेशनल की रिपोर्ट में कहा गया है : ''सेना ने, काचिन, राखिने, एवं शान राज्यों में युद्ध अपराधों समेत गंभीर मानवाधिकार उल्लंघन किए हैं। सरकार ने 74,000 रोहिंग्या महिलाओं, पुरुषों व बच्चों की वापसी के लिए कोई अनुकूल माहौल नहीं बनाया जो अगस्त 2017 में बांग्लादेश पलायन कर गए थे।'' उस समय किसी ने भी हस्तक्षेप करने अथवा प्रतिबंध लगाने की जरूरत नहीं समझी। जीवन चलता रहा और मानवीय संकट बढ़ता गया। राखिने राज्य में शेष बचे रोहिंग्या रंगभेद के अधीन जी रहे थे।

लगभग दस लाख रोहिंग्या अपना देश छोड़कर चले गए जहां उन्हें अपने मूलभूत मानवाधिकारों से वंचित कर दिया गया। कई बांग्लादेश चले गए जबकि अन्य कठिन यात्रा में मौत के शिकार हो गए। जब बांग्लादेश उन्हें और अधिक संख्या में समायोजित करने की स्थिति में नहीं रहा, तो वे भारत और अन्य देशों की ओर रुख करने लगे। मानवाधिकार उल्लंघन सीमाओं से बढ़कर हो गए और यह कहकर उन्हें दरकिनार नहीं किया जा सकता कि यह किसी देश का आंतरिक मामला है।

इस तख्तापलट के बाद बर्मा एक बेहतर देश बनकर उभरेगा इसका एक और कारण है। इसका सरोकार व्यावहारिक राजनीति से है। अमेरिकी व यूरोपीय संघ की संलिप्तता निश्चित रूप से अंतर पैदा करेगी। यद्यपि चीन के अपने सामरिक व आर्थिक हित हैं, वह सैन्य हुकूमत नहीं चाहता था जो उसे अछूत बना देगी। प्रतिबंधों का नकारात्मक प्रभाव चीनी आर्थिक हितों एवं निवेशों पर पड़ेगा।

अमेरिका ने म्यांमार के शीर्ष सैन्य अधिकारियों के खिलाफ प्रतिबंध लागू कर दिए हैं जिन्होंने तख्ता पलट का आदेश दिया था। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं जिसके द्वारा कोषागार विभाग प्रतिबंध के दायरे में आने वालों के रिश्तेदारों व बच्चों को भी लक्षित करेगा। दसियों हजार लोग विरोध प्रदर्शनों में शामिल होने के लिए सड़कों पर उतर आए हैं, जो कि 1 फरवरी के सैन्य तख्तापलट के बाद से लगने वाला सबसे विशाल जमावड़ा है। प्रतिबंधों में शीर्ष सैन्य कमांडरों को नामित किया गया है।

यह कदम अमेरिका में म्यांमार सरकार की निधियों में जनरलों को एक बिलियन डॉलर से अधिक तक पहुंच पाने से रोकेगा। अब, रोहिंग्याओं समेत, बर्मियों के पास सुनवाई का बेहतर मौका होगा। लोकतंत्र के आवरण में देश को लाभ के बजाए क्षति अधिक पहुंची है। कभी-कभी लोकतंत्र भी आहत करता है जैये कि उसने म्यांमार में किया।

# प्रधानमंत्री द्वारा संपदा सृजनकर्ताओं का सम्मान

**समय आ गया है कि अब 1970 के दशक की समाजवादी सोच छोड़ कर सरकार के माध्यम से संपदा सृजन में गर्व का अनुभव हो तथा स्थितियां सुधरें। यह जरूरी है कि सरकार 'अच्छे पूंजीपतियों' के लिए 'बिजनेस सुगमता' में सुधार करती रहे।**



**बिंदू डाल्मिया**
(लेखिका नीति आयोग से संबद्ध हैं)



संसद में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा संपदा सर्जकों के बारे में सम्मानजनक बात सुनने से खुशी होती है। इससे भारतीय उद्यमियों का आत्मविश्वास उसी तरह बढ़ेगा जैसे प्रधानमंत्री द्वारा 'वोकल फार लोकल' पर जोर देने से स्वदेशी विनिर्माताओं का उत्साह बढ़ा है। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, 'निजी क्षेत्र को गाली देने की संस्कृति अब और स्वीकार नहीं की जा सकती है।' यह 'आंदोलन जीवियों', यानी पेशेवर आंदोलनकारियों के लिए गहरा धक्का था जो लगातार कार्पोरेट-हितैषी सुधारों का विरोध करते हैं तथा कृषि सुधारों का विरोध कर रहे हैं, जबकि अमेरिका और कनाडा ने आधिकारिक रूप से विश्व व्यापार संघ-डब्लूटीओ के मंच पर इन सुधारों का समर्थन किया है। विपक्ष का आरोप है कि 'यह सरकार केवल बड़े कार्पोरेट घरानों या बिग ब्वायज़ के हित में काम करती है।' इसे उचित परिप्रेक्ष्य में देखा जाना चाहिए। भारतीय उद्यमियों के बिग ब्वायज़ अमेरिका की विशाल इंटरनेट कंपनियों के बिग ब्वायज़ की तरह हैं जिन्होंने रोजगारों के सृजन में योगदान कर जीडीपी वृद्धि में सहायता की है तथा वे टैक्सों का भुगतान करते हैं।

क्या हम सबने इसी लिए मोदी को 2014 में वोट नहीं दिए थे? उन्होंने वादा किया था कि व्यवस्था में परिवर्तन करेंगे तथा नौजवानों के लिए ज्यादा रोजगारों का सृजन करेंगे। नरेन्द्र मोदी ने हिंदू सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को आर्थिक प्रगति से जोड़ा है, पर उन्होंने अपना अभियान कभी किसी संकुचित नस्ली विचारधारा पर केन्द्रित करने के बजाय सबकी समृद्धि का वादा किया था। 2013 पर नजर डालना उचित होगा जब मुख्यमंत्री मोदी ने प्रधानमंत्री उम्मीदवार बनने के बाद प्रचार अभियान शुरू किया था। उस समय उनके तथा कांग्रेस नीत संप्रग के बीच क्या अंतर था? मोदी एक सक्षम प्रशासक तथा एक बिजनेस-हितैषी मुख्यमंत्री थे जिनके गुजरात माडल ने केन्द्र में ऐसे ही प्रयोग की उम्मीदें जगाई थीं।

मोदी पर परिवार, वंश परिवार या भ्रष्टाचार का कोई बोझ नहीं था और वे संपग्र-2 की नीतिगत विकलांगता वाली स्थिति को हटाने का वादा कर रहे थे जो भ्रष्टाचार व दरबारी पूंजीवाद में डूबी हुई थी। अब 2021 की स्थितियों पर गौर करें। समय आ गया है कि 1970 के दशक की समाजवादी सोच छोड़ी जाए तथा संपदा सृजन में गौरव का अनुभव किया जाए। संप्रग-2 युग के 'बुरे पूंजीपतियों', करवंचकों, जानबूझ कर कर्ज न चुकाने वालों तथा लगातार नए कर्ज लेने वालों के खिलाफसरकार दंडात्मक कदम उठाने में सफ्ल हुई है। उसने आईबीसी के माध्यम से कुल 1,72,565 करोड़ में से 1,05,773 करोड़ वसूलने में सफल हुई है।

इसके साथ ही यह जरूरी है कि सरकार 'अच्छे पूंजीपतियों' के लिए 'बिजनेस सुगमता' में सुधार करती रहे। 2020 व 2021 के बजटों में वित्तीय व प्रशासनिक सुधारों के माध्यम से अपनी कथनी को करनी में बदलने की इच्छा दिखी है। फेसलेस असेसमेंट व अपीलों के माध्यम से कर आतंकवाद समाप्त किया गया है, पूर्वगामी प्रभाव से कर लगाने को तिलांजलि दी गई है, रिटर्न फाइल करना सुविधाजनक बनाया गया है तथा पुराने टैक्स मामले खोलने का समय 6 साल से घटा कर 3 साल किया गया है। बिजनेस सुगमता मानकों में सुधार के साथ ही बिजनेस करने की लागत में कमी लाना भी समान रूप से महत्वपूर्ण है। यह कर्ज का खर्च घटाने, बिजली व जमीन की कीमतें घटाने तथा जटिल प्रक्रियाओं को सरल बनाने के माध्यम से ही संभव है। प्रधानमंत्री ने कहा, 'संपदा के वितरण के लिए संपदा सर्जकों की बहुत आवश्यकता है, नहीं तो हम रोजगार कैसे दे सकते हैं?' भारत के संगठित क्षेत्र में केवल 10 करोड़ कामगार हैं, जबकि असंगठित क्षेत्र में उनकी संख्या 40 करोड़ है जहां उनको कोई सामाजिक सुरक्षा संजाल नहीं प्राप्त है। सरकार ने पीएमईजीपी, मनरेगा, डीडीयू-जीकेवाई व पीएम-मुद्रा योजना के माध्यम से रोजगार सृजन के प्रयास किए हैं। बजट 2021 में उपभोग को बढ़ावा देने के बजाय ढांचागत विकास को प्राथमिकता दी गई है क्योंकि 'अनुमान है कि सरकार द्वारा ढांचागत विकास पर एक रुपया खर्च करने से असली अर्थव्यवस्था में ढाई रुपये सृजित होते हैं।' टैक्स बढ़ाने के बजाय खर्च बढ़ाने के लिए केन्द्र सरकार गैर राजस्व स्रोतों पर निर्भर होगा जिसमें परिसंपत्तियों के मौद्रीकरण तथा 1,75,000 करोड़ का यथार्थवादी विनिवेश लक्ष्य शामिल है। इसलिए घाटे वाली सार्वजनिक क्षेत्र इकाइयों के बजाय निजी क्षेत्र को प्रोत्साहन देना तथा ढांचागत संरचना क्षेत्र में इसकी सहभागिता को बढ़ावा देना जरूरी है। इसके लिए सरकार ने पूंजीगत खर्च में 34.5 प्रतिशत बढ़ोत्तरी की है।

वैश्विक वित्तीय बाजारों में तरलता भरी है जिसे 'हेलीकाप्टर मनी' कहते हैं। इसके साथ ही ब्याज दरें न्यूनतम स्तर पर हैं जिसके कारण पूंजी अपने निवेश के लिए मुनाफे व बिना जोखिम वाले स्थान तलाश रही है। इसलिए यह समय विकास वित्त संस्थान बनाने के माध्यम से दीर्घकालीन कर्ज पूंजी आकर्षित करने के लिए उपयुक्त है। नए उभरते महत्वपूर्ण क्षेत्रों में उत्पादन-संबंधित प्रोत्साहन पर आबंटन बढ़ाने से निजी क्षेत्र की तेज वृद्धि होगी,

वैश्विक वित्तीय बाजारों में तरलता भरी है जिसे 'हेलीकाप्टर मनी' कहते हैं। इसके साथ ही ब्याज दरें न्यूनतम स्तर पर हैं जिसके कारण पूंजी अपने निवेश के लिए मुनाफे व बिना जोखिम वाले स्थान तलाश रही है। इसलिए यह समय विकास वित्त संस्थान बनाने के माध्यम से दीर्घकालीन कर्ज पूंजी आकर्षित करने के लिए उपयुक्त है। लंबे समय तक पैसा फंसा रहने वाली ढांचागत परियोजनाओं के लिए यह स्थिति अनुकूल है। इसके साथ ही नए उभरते महत्वपूर्ण क्षेत्रों में उत्पादन-संबंधित प्रोत्साहन-पीएलआई पर आबंटन बढ़ाने से निजी क्षेत्र की तेज वृद्धि होगी, जबकि फिन्टेक हब व टेक्सटाइल पार्कों के माध्यम से रोजगार सृजन में सहायता मिलेगी। लेकिन इन योजनाओं का त्वरित क्रियान्वयन तथा इनके लिए फंड उपलब्ध होना तथा उसका समय पर उपयोग जरूरी है। रोजगार के औपचारिक अवसर सिकुड़ने के साथ ही स्टार्टअप ने नए रोजगार अवसर प्रदान किए हैं। भारत को हर साल 10 मिलियन रोजगारों की जरूरत है, जबकि वर्तमान अनुमान के अनुसार वर्ष 2025 तक 60,000 स्टार्टअप तथा 100 यूनीकार्न विकसित होंगे। स्टार्टअप की असाधारण वृद्धि से स्पष्ट है कि भारत तेजी से विनिर्माण के माध्यम से आयातों को स्थानान्तरित कर रहा है जिनमें वेंटीलेटर, पीपीई किट, मास्क, सेनीटाइज़र व टेस्टिंग किट शामिल हैं। भारत तेजी से दुनिया का वैक्सीन सप्लायर बन रहा है। आर्थिक आशावाद के अनेक कारणों के बीच हमें उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए 'वोकल फार लोकल' पर जोर देना चाहिए। भारी मुनाफा कमाने या झटके लगने की स्थिति में सरकार को अपनी समर्थक नीतियों तथा मौद्रिक गणना के साथ सामने आना चाहिए जैसा वह 2020 में 'मिनी बजटों' के माध्यम से करती रही है।

## आदर्श कतिया समाज की बैठक कल



**दुर्ग-भिलाई।** संत भूरा भगत जी महाराज की अनुयायी कतिया समाज की ओर से, जिला स्तरीय छत्तीसगढ़ काठियावाड़ी आदर्श कतिया समाज भिलाई दुर्ग की बैठक 14 फरवरी 2021 को रखी गई है। यह बैठक समाज की नव निर्वाचित उपाध्यक्ष नीता गडेवाल के निवास क्वाटर न. 8 एफ, एवन्यू ई, सेक्टर 06 में आहूत की गई है। जिसमें समाज के अध्यक्ष के दिशा-निर्देश से अधुरी कार्यकारिणी को पूर्ण रूप दिया जाएगा तथा समाज में रचनात्मक कार्यो की रुपरेखा पर परिचर्चा होगी। सजातीय बंधुओं की उपस्थिति ही समाज के उक्त कार्यो की सफलता को तय कर सकेंगे। यह जानकारी शेखर गडेवाल ने दी है।

## रविशंकर स्टेडियम दुर्ग में भर्ती रैली का आयोजन

**दुर्ग।** भारतीय थल सेना में भर्ती हेतु दुर्ग जिले में 3 से 12 मार्च तक पं. रविशंकर स्टेडियम दुर्ग में भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा। भर्ती रैली में प्रदेश के सभी जिलों के उम्मीदवार इस अवधि में सम्मिलित होंगे। थल सेना में भर्ती हेतु प्रदेश के 35 हजार युवाओं ने पंजीयन कराया है। भर्ती हेतु अलग-अलग जिलों के लिए अलग-अलग तिथि निर्धारित किया गया है। युवाओं के पंजीयन के आधार पर अनुमान लगाया गया है कि औसत एक दिन में पाच हजार उम्मीदवार सम्मिलित होंगे। इससे उनके आवागमन, ठहरने, भोजन सहित दैनिक कर्म की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए। जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक पहल की जा रही है। इसके लिए आज कलेक्टोरेट में विभिन्न सामाजिक संगठनों, मेडिकल एसोसिएशन सहित राईस मिलर्स के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई।

# आपकी अपेक्षाएं विषय पर आयोजित मुख्यमंत्री की मासिक रेडियो वार्ता लोकवाणी को बेमेतरा जिले के नागरिकों और बच्चों ने भी तन्मयता से सुना

### उपयोगी निर्माण, जनहितैषी अधोसंरचनाएं

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मासिक रेडियोवार्ता लोकवाणी की 15वीं कड़ी का प्रसारण आज 14 फरवरी को किया गया। मुख्यमंत्री बघेल लोकवाणी में उपयोगी निर्माण, जनहितैषी अधोसंरचनाएं, आपकी अपेक्षाएं विषय पर प्रदेशवासियों से बात की। लोकवाणी का प्रसारण छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्रों, एफ.एम. रेडियो और क्षेत्रीय न्यूज चैनलों से सुबह 10.30 से 10.55 बजे तक किया गया। मुख्यमंत्री बघेल की उपयोगी निर्माण, जनहितैषी अधोसंरचनाएं, आपकी अपेक्षाएं विषय पर आयोजित मासिक रेडियो वार्ता लोकवाणी को बेमेतरा जिले के नागरिकों और बच्चों ने भी उत्साह पूर्वक तन्मयता से सुना। मुख्यमंत्री बघेल ने अपनी मासिक रेडियोवार्ता लोकवाणी की 15वीं कड़ी में कहा कि राज्य के बहुमूल्य संसाधनों का उपयोग करके छत्तीसगढ़ के लोग भी समृद्ध और खुशहाल बने। उन्होंने कहा कि गांव-गांव में महिला स्व सहायता समूह तथा प्रतिभावान युवाओं के नवाचार से प्रदेश में समृद्धि और खुशहाली का नए रास्ते बनाने की शुरूआत हो चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गौठान बहुआयामी सांस्कृतिक, आर्थिक गतिविधियों के केन्द्र बन रहें हैं। राज्य की सिंचाई क्षमता दोगुनी करने के लिए प्रदेश की नई जल संसाधन नीति तैयार करने का काम पूरा हो चुका है। राज्य सरकार ने स्कूल शिक्षा में गुणात्मक सुधार का रोडमैप बनाया है।

इसी तरह उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, कृषि शिक्षा और इंजीनियरिंग कॉलेजों में ऐसे पाठ्यक्रम प्रारंभ करने पर जोर दिया गया है, जिससे स्थानीय संसाधनों के वेल्यू एडिशन से उत्पादन का रास्ता बने। युवाओं में उद्यमिता का विकास हो और उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर मिलें। उन्होंने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देकर स्थानीय विकास को गति देने और रोजगार के नए अवसर सृजित करने




के प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने श्रोताओं से रू-ब-रू होते हुए कहा कि निश्चित तौर पर 'नरवा, गरवा, घुरवा, बारी' हमारा ड्रीम प्रोजेक्ट है और इसकी शुरुआत हमने छत्तीसगढ़ की चार चिन्हारी को बचाने के लिए किया है।

नरवा के काम में पंचायत और ग्रामीण विकास, जल संसाधन विकास विभाग, वन विभाग आदि की मदद ली जा रही है। लगभग 30 हजार नरवा चिन्हांकित किए गए हैं और लगभग 5 हजार नरवा विकास का काम काफी आगे बढ़ चुका है। गरवा को लोग सिर्फ गाय, दूध और पशुधन विकास तक ही समझते थे, हमने गरवा के माध्यम से गौठान की योजना बनाई। इस तरह लगभग 10 हजार गौठानों के निर्माण की मंजूरी दे चुके हैं, जिनमें से 5 हजार से ज्यादा गौठानों का निर्माण पूरा हो चुका है।

अब गौठान की पहचान एक ऐसी अधोसंरचना के रूप में हो चुकी है, जो सिर्फ गायों को रोकने की जगह ही नहीं है बल्कि गोधन न्याय योजना के माध्यम से गोबर खरीदी केन्द्र, महिला स्व-सहायता समूह के माध्यम से वर्मी कम्पोस्ट बनाने और बेचने का केन्द्र, गोबर से अन्य कलात्मक वस्तुएं बनाने का केन्द्र भी विकसित हुआ है। एक तरह से गौठान बहुआयामी सांस्कृतिक, आर्थिक गतिविधियों के केन्द्र बन रहे हैं।

मुख्यमंत्री बघेल कहा कि मैं किसान परिवार से हूं। मैं किसान हूं, इसे गौरव का विषय मानता हूं, लेकिन एक लम्बे दौर में हमारे युवाओं के मन में यह बात बैठ गई है कि खेती-किसानी के बारे में चर्चा करना या उसमें अपना कैरियर ढूंढना कोई बहुत अच्छी बात नहीं है। खेती-किसानी को लेकर युवाओं के मन में सम्मान का भाव नहीं होने की एक बड़ी वजह थी कि खेती और उच्च शिक्षा के बीच की कड़ी ही मिसिंग थी।

हार्वर्ड विश्वविद्यालय में भ्रमण के दौरान मेरे मन में यह बात आई थी कि विश्वविद्यालयों में उत्पादन केन्द्र तथा युवाओं में उद्यमिता विकास को लेकर कोई संरचनागत, संस्थागत काम होना चाहिए, जिसमें निरंतरता हो और युवाओं को कृषि से संबंधित रोजगार के नए अवसरों की जानकारी हो, उन्हें मार्गदर्शन व सहयोग मिले। छत्तीसगढ़ में यह शुरुआत एक सुखद संकेत है। इसलिए हमने यह तय किया कि उतने ही इंजीनियरिंग कॉलेजों को महत्व मिले जितने में गुणवत्ता से शिक्षा दी जा सके और उसमें भी ऐसे पाठ्यक्रम होने चाहिए जो स्थानीय संसाधनों के वेल्यू एडीशन से उत्पादन का रास्ता बनाएं।

बघेल ने कहा कि हमने 'मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना' लाई, जिसके तहत लगभग 2200 ऐसी सड़कें बना रहे हैं उन्होंने कहा कि बिजली में भी हमने ऐसा ही किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने मानव विकास की जिस अधोसंरचना के निर्माण का सपना देखा है, उसकी हमारे प्रदेश के ग्रामीणों, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति और पिछड़े वर्ग, कमजोर और मध्यम वर्ग, माताओं, बहनों, बच्चों, जवानों की आंखों में दिखने लगी है और इसी चमक के रास्ते से पूरा प्रदेश, एक नई तरह की जगमगाहट पैदा कर रहा है।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ को भविष्य में उत्पादक राज्य भी बनना है और उपभोक्ता राज्य भी, यही है हमारा 'गढ़बो नवा छत्तीसगढ़।'

# कुत्तों के हमले से चीतल की मौत

### वन अमला की लापरवाही, समितियों की नहीं ले रहे बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

शहर से लगे हुए ग्राम रेगड़ा के पास शुक्रवार की दोपहर एक चीतल पर कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। इससे चीतल गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी पशु चिकित्सालय में उपचार के दौरान मौत हो गई। आसपास के लोगों ने बताया कि उन्होंने जब चीतल को घायल हालत में देखा तो घटना की जानकारी सिटी कोतवाली रहनो वन 112 की टीम को दिया।

जहां तत्काल सिटी कोतवाली राइनो वन 112 से आरक्षक जितेस्वर चौहान, चालक भरत भारद्वाज की टीम मौके पर पहुंची और मामले की सूचना वन अमला को देते हुए 112 की टीम चीतल



को अपने साथ पशु चिकित्सालय लेकर आई। ताकि सही समय पर उसका इलाज हो जाए और उसकी जान बच सके। जहां पशु चिकित्सक के द्वारा उसका इलाज किया गया, पर कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। यह भी संभावना जताई जा रही है कि चीतल के पेट में शावक(बच्चा) है। वहीं शनिवार को इंदिरा विहार में उसका अंतिम संस्कार किया गया। यह बताया जा रहा है कि अगर वन कर्मचारियों के द्वारा लगातार समितियों की बैठक ली जाती, तो कई प्रकार के वन अपराध को रोका जा सकता है। अब गर्मी के दिनों में दावानाल की घटना व वन्यप्राणियों का पानी की तालाश में भटकना शुरू हो जाता है और अगर समिति सदस्यों को सक्रिय नहीं किया गया, तो आने वाले समय में कई प्रकार की घटना जंगलो में देखने को मिलेगी।

## तेंदुआ हाई स्कूल में लेपटाप कम्प्यूटर सहित अन्य सामान की चोरी




**बेमेतरा।** इन दिनों क्षेत्र में चोरी की वारदात लगातार बढ़ते नजर आ रही है। जिस पर पुलिस कार्यवाही के चलते कुछ वारदातो के चोर तो पुलिस की गिरफ्त में आ गए है लेकिन अन्य वारदात के चोर अभी भी सबूतो के अभाव में पुलिस की पहुंच से बाहर है। वही अज्ञात चोरो ने बीते दिनों स्कूल को भी अपना निशाना बनाया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार थाना नांदघाट अंतर्गत ग्राम तेंदुआ हाईस्कूल में कार्यालय वाले कमरे के दरवाजे को तोड़कर लैपटॉप, कम्प्यूटर, प्रिंटर, वाईफाई उपकरण के अलावा कीमती सामान को अज्ञात चोरो ने चोरी कर फरार हो गए है। स्कूल प्रशासन ने घटना की शिकायत पुलिस थाने में दी है। प्रभारी प्राचार्य मनोज लाल राजपूत ने पुलिस को बताया कि स्कूल के कर्मचारी मधु सिंह वर्मा मंगलवार सुबह जब स्कूल पहुंची तो दफ्तर का दरवाजा टूटा हुआ था। उन्होंने फोन से उन्हें सूचना दी। मौके पर जब जाकर देखा तो कार्यालय का ताला टूटा हुआ मिला। वहीं अलमारी में वहां रखे 2 लैपटॉप, 1 कम्प्यूटर सेट, प्रिंटर के अलावा इंटरनेट का मोडम, चार्जर आदि सहित लगभग 45 हजार रुपए के सामान गायब थे। चोरी होने की सूचना सरपंच व स्कूल समिति को दी गई। वहीं इसके साथ ही पुलिस को भी सूचना दी गई।

# कलेक्टर ने श्रमिकों को वितरित किए पंजीयन कार्ड

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

कलेक्टर भीम सिंह ने कलेक्टोरेट में आयोजित एक कार्यक्रम में श्रमिकों को पंजीयन कार्ड वितरण किया। इस दौरान कलेक्टर ने श्रमिकों को पंजीयन कार्ड योजना के तहत श्रमिकों को मिलने वाले लाभ दिलाने के निर्देश श्रम आयुक्त को दिए।

मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत शहर में 4 मेडिकल मोबाइल यूनिट संचालित हो रहे हैं। मेडिकल मोबाइल यूनिट में लोगों को एक तरफ जहां मुफ्त चिकित्सा सुविधा मिल रही है, वही श्रमिकों का पंजीयन कार्ड भी बनाया जा रहा है। मेडिकल मोबाइल यूनिट से हर दिन शहर के चार अलग-अलग वार्डों में शिविर का आयोजन किया जाता है। मेडिकल मोबाइल यूनिट पर पहुंचकर श्रमिक कार्ड पंजीयन कराने



वाले राजीव नगर निवासी जयप्रकाश देवांगन, बंगला पारा निवासी दुर्गा बाई निषाद, राजीव नगर निवासी सतीश दास मानिकपुरी, मि-ुमुड़ा निवासी विवेक मेहर सहित 17 मजदूरों को कलेक्टर भीम सिंह ने श्रमिक कार्ड का वितरण किया। कलेक्टर भीम सिंह ने मजदूर कार्ड से होने वाले फायदे की जानकारी देने के साथ योजना का प्रचार-प्रसार करने के निर्देश श्रम आयुक्त को दिए। इस दौरान श्रम आयुक्त व अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# कम वजन वाले नवजात शिशु के लिए कंगारू मदर केअर उपयोगी

### रिसर्च में विशेषज्ञों ने किया प्रमाणित, स्किन टू स्किन टच बच्चों के लिए उपयोगी, श्वांस और हृदय गति स्थिर होती है

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

नवजात शिशु जब इस धरती में आता है तो उसके द्वारा ली गई पहली सांस सबसे अहम होती है। शिशु सुरक्षा के लिए यह गोल्डन टाइम होता है। इस समय पूरी तरह मेडिकल प्रोटोकॉल के मुताबिक शिशु को सहेजा जाए तो शिशु मृत्यु दर में निरंतर कमी के लक्ष्य हासिल किए जाने में मदद मिलेगी। इस समय मदर कंगारू केअर काफी उपयोगी होता है। इस संबंध में चिकित्सा अधिकारियों को एवं स्वास्थ्यकर्मियों को विस्तृत प्रशिक्षण 2 दिवसीय कार्यशाला में जिला अस्पताल परिसर में दिया गया। कार्यशाला का शीर्षक सोशल अवेयरनेस एंड एक्शन टू न्यूट्रीलाइज निमोनिया रखा गया था। कार्यकम का आयोजन डिस्ट्रिक्ट हेल्थ सोसाइटी और नेशनल हेल्थ मिशन,



स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक की ओर से किया गया था।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए डिस्ट्रिक्ट ट्रेनिंग ऑफिसर डॉ. सुगम सावंत ने कहा कि गोल्डन टाइम बेहद अहम होता है। पूरी सावधानी बरतें तो शिशु सुरक्षा के लिए ये पर्याप्त होता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लक्ष्यों के अनुरूप निमोनिया से शिशु मृत्यु की दर को 1000 में 5 से कम कर वर्ष 2025 तक 1000 में 3 तक लाना है। कार्यशाला में पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सालय एवं रिसर्च सेंटर की सीनियर पीडियाट्रिक कंसलटेंट डॉ माला चैधरी ने विस्तार से हेल्थ वर्कर्स को इस बारे में बताया। उन्होंने गोल्डन टाइम से जुड़ी विभिन्न परिस्थितियों को प्रायोगिक रूप से बताया।

उन्होंने मदर कंगारू केअर के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से इसे बताया। उन्होंने कहा कि स्किन टू स्किन टच की वजह से नवजात शिशु का वजन बढ़ता है। श्वांस और हृदय की गति स्थिर होती है। इसे परिवार का कोई भी सदस्य प्रदान कर सकता है। उन्होंने कहा कि फीडिंग में किस तरह से सावधानी बरतनी चाहिए। उन्होंने निमोनिया से बचाने के लिए किए जाने वाले उपायों के बारे में जानकारी दी। जिला अस्पताल से शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ सीमा जैन ने भी अपनी बातें रखीं। उन्होंने कहा कि जन्म के तुरंत बाद शिशु की किस तरह से केयरिंग करनी है। इस बारे में प्रसूता माँ की काउंसिलिंग भी करें। जितनी बेहतर काउंसिलिंग होगी, उतने ही बेहतर नतीजे आएंगे। जिला अस्पताल के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ एच के साहू ने भी कार्यशाला में नवजात शिशु के स्वास्थ्य संबंधी बारीकियों के बारे में बताया। इस मौके पर शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ रजनीश मल्होत्रा सहित अन्य चिकित्सक भी उपस्थित रहे।

हेल्थ वर्कर्स ने कार्यशाला में अपनी जिज्ञासा भी रखी जिनका समाधान विशेषज्ञों ने किया।

# भाजयुमों ने भारतीय संस्कृति को बढ़ाते हुए मनाया मातृ-पितृ दिवस

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

मातृ-पितृ दिवस के अवसर पर वृद्धाश्रम, बेमेतरा में भाजयुमों प्रदेश कन्या शक्ति संयोजिका निशा चौबे के नेतृत्व में प्रति वर्ष अनुरूप मातृ-पितृ दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मातृ-पितृ दिवस 14 फरवरी पर यह आयोजन प्रति वर्ष वृद्धाश्रम में किया जाता है इस अवसर पर वृद्धजनों का पूजन कर उन्हें शाल व फल वितरण किया गया।

इस वर्ष भी यह आयोजन भाजयुमों प्रदेश अध्यक्ष अमित साहु के मार्गदर्शन में भाजयुमों प्रदेश कन्या शक्ति संयोजिका निशा चौबे के नेतृत्व में बेमेतरा के वृद्धाश्रम में किया गया। इस अवसर पर सुश्री निशा चौबे ने कहा की भारतीय संस्कृति और परंपरा बहुत गौरवशाली है, वैलेंटाइन डे पाश्चात्य संस्कृति है और इसका भारत की संस्कृति से कोई नाता नहीं है। आज देश का एक वर्ग भारत की संस्कृति को नष्ट करने में लगा है युवा पीढ़ी को गलत दिशा में प्रभावित करने में लगा, इसलिए वें पाश्चात्य संस्कृति की जनक वैलेंटाइन डे जैसे फुहड़ता को प्रेम का नाम देकर देश के युवा वर्ग को अपनी पहचान अपनी संस्कृति से भटका रहा है। भारत संस्कारों की भूमि है और हमारे संस्कार कहते है कि माता पिता का दर्जा भगवान



से ऊपर है, इस पाश्चात्य सभ्यता को भूलकर हम युवाओं को हमारे संस्कारो को आगे ले कर जाना है। इसलिए आज के दिन को मातृ पितृ दिवस के रूप में मनाने की शुरुआत हुई और भाजयुमों के द्वारा यह आयोजन युवाओं को अपनी संस्कृति के साथ चलने के लिए प्रेरित करने किया गया है।

भाजयुमों अपनी भारतीय संस्कृति के अनुरूप कार्य करते हुए युवाओं को सदैव प्रेरित करने के लिए कार्य करती रहेगी।

कार्यक्रम में भाजपा मंड़ल अध्यक्ष मोंटी साहू, परमेश्वर वर्मा, पार्षद नीतू कोठारी, तारण राजपूत, महेश्वर साहू, प्रणय दीवान, प्रीति यादव, जानकी वर्मा व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### प्रशासन के स्वरूप और कार्यप्रणाली में बदलाव पर किया शोध

# अपर कलेक्टर बाजपेयी को 'डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी' की उपाधि

### घर और दफ्तर पर लगा बधाईयों का तांता

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

जिले के अपर कलेक्टर एके बाजपेयी को पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की उपाधि प्रदान की गई है। बाजपेयी को यह उपाधि सामाजिक विज्ञान संकाय के तहत उनके शोध कार्य ÷दुर्ग जिले में जिला प्रशासन के बदलते स्वरूप का ऐतिहासिक विश्लेषणः ग्रामीण विकास के विशेष संदर्भ में (1994-2015 तक) के लिए प्रदाय की गई है। यह शोध कार्य डॉ.केके अग्रवाल प्राध्यापक डॉ.खूबचंद बघेल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई-3 दुर्ग के निर्देशन में किया गया। जबकि शोध सह निर्देशक डॉ.अनिल कुमार पाण्डेय विभागाध्यक्ष इतिहास विभाग शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग थे। डॉ.बाजपेयी ने बताया कि प्रस्तुत शोध का उद्देश्य यह पता लगाना था कि दुर्ग जिला प्रशासन के स्वरूप और कार्यप्रणाली में क्या बदलाव आया है।

ग्रामीण विकास के लिए दुर्ग जिला प्रशासन कितना सचेत और सक्रिय रहा है। कब कब किस हद तक ग्रामीण विकास के प्रति कृत संकल्पि योजनाएं बनी और इन योजनाओं के क्रियान्वयन में जिला प्रशासन कितना सचेत और सक्रिय रहा है। इस संदर्भ में प्रशासन के अधिकारीगण कर्मचारीगण,



जनप्रतिनिधिगण और हितग्राहियों की सोच क्या है। गांव के विकास की परिकल्पनाएं गढ़वो नवा छत्तीसगढ़ के ध्येय वाक्यों और संकल्पानाओं के साथ हो रहा साकार- डॉ. बाजपेयी डॉ.बाजपेयी ने बताया कि आजादी के बाद से अब तक जिला प्रशासन के ढांचागत स्वरूप में कोई बदलाव परिलक्षित नहीं होता लेकिन उसकी कार्यप्रणाली में उसकी सोच में उसके व्यवहार में काफी बदलाव दिखाई देता है।

आज जिला प्रशासन ने राजस्व संग्रहण और कानून व्यवस्था के सीमित दायरे से बाहर आकर अपने कार्यक्षेत्र में व्यापक विस्तार लिया है। उसकी कार्यप्रणाली सामयिक परिस्थितियों के अनुसार बदल गई है। अब प्रशासन को ऐसे दायित्वों का निर्वहन करना पड़ रहा है जो अतीत में उसकी सीमाओं से परे थी। नागरिक सेवाओं के प्रति अब वह ज्यादा प्रतिबद्ध और संवेदनशील हुआ है। पंचायती राज व्यवस्था ने जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को एक दूसरे के करीब लाने का काम किया है और दोनों में बेहतर तालमेल के साथ विकास की गतिविधियां मूर्तरूप ले रही है। नरवा गरूवा घुरूवा बाड़ी योजना के माध्यम से छग की मूल संस्कृति को अक्षुण रखते हुए गांव के विकास की जो परिकल्पनाएं की गई है वह गढ़वो नवा छत्तीसगढ़ के ध्येय वाक्यों और संकल्पानाओं के साथ साकार हो रही है।

यह शोध प्रबंध इन्ही विषयों केन्द्रित है। यह शोध प्रबंध न केवल इतिहास के विद्यार्थियों और भविष्य के शोधार्थियों के लिए बल्कि प्रशासनिक अधिकारियों और प्रतियोगी परिक्षाओं में शामिल होने वाले उम्मीदवारों के लिए भी उपयोगी साबित होगा। डॉ.बाजपेयी ने शोध कार्य में प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष सहयोग करने वाले सभी का आभार व्यक्त किया है।

# नेत्र परीक्षण डायबिटीज रेटिनोपैथी का आयोजन जिला अस्पताल में

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिला चिकित्सालय बेमेतरा से अनुबंध हॉस्पिटल गणेश विनायक आई हॉस्पिटल रायपुर द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सतीश शर्मा के अनुमति पश्चात दिनांक 12 फरवरी 20 21 को विशेष नेत्र परीक्षण का आयोजन डॉक्टर समता रंगारी नोडल अधिकारी अंधत्व निवारण, के निर्देश में जिला चिकित्सालय बेमेतरा में आयोजन किया गया जिसमें डॉ. नरेश चंद्र लागे आई स्पेशलिस्ट डॉ समता रंगारी नेत्र विशेषज्ञ के द्वारा बताया गया कि मधुमेह के कारण एवं अन्य कारण से मरीज के आंख की रोशनी धीरे-धीरे कम हो जाता है एवं आंख के पर्दे में प्रभाव डालता है रेटिना में खून का धब्बा जम जाता है और आंख



की रोशनी चली जाती है इसलिए मधुमेह के मरीज को साल में एक बार आंख के परदे की जांच अवश्य कराना चाहिए।

इस शिविर में सिविल सर्जन डॉ वंदना भेले की उपस्थिति में गणेश विनायक आई हॉस्पिटल से आए डॉ. अंकुर सचेती नेत्र रोग विशेषज्ञ द्वारा 38 मरीजों का नेत्र परीक्षण पर्दे रेटिना का जांच किया गया जिसमें रेटीना कमजोर के 6 मरीज पाए गए जिसे हायर सेंटर रेफर किया गया एवं 12 मोतियाबिंद के मरीज मिले जिन्हें ऑपरेशन के लिए सलाह दिया गया नेत्र परीक्षण सहयोगी के रुप में नीलकमल साहू रायपुर विजय कुमार देवांगन नेत्र सहायक अधिकारी जिला चिकित्सालय बेमेतरा एवं नेत्र सहायक अधिकारी रोहित साहू कमलेश डरसेना नवगढ़ गुलाब सिन्हा बेरला विनोद साहू थान खमरिया दीपा शर्मा चंदनू से उपस्थित थे।

## क्विक न्यूज़

### 28 किलो ग्राम तांबा तार के साथ आरोपी गिरफ्तार



**रायगढ़।** रेलवे साईडिंग से तांबे की चोरी कर घर में छिपाकर रखे एक ग्रामीण पर कार्रवाई करते हुए घरघोड़ा पुलिस ने उसके पास से 10 हजार रुपए मूल्य का चोरी का तांबा जब्त किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार की दोपहर मुखबिर सूचना पर घरघोड़ा पुलिस द्वारा ग्राम नावाडीह कुडुमकेला के होरीलाल मांझी पिता सुकुलसाय उम्र 42 वर्ष के घर दबिश दिया गया। पुलिस को सूचना मिली थी कि बेलडीह रेल्वे साईडिंग पर से होरीलाल मांझी तांबा की तार काट कर लाया और घर में छिपाकर रखा है। घरघोड़ा पुलिस ने आरोपी होरीलाल से पूछताछ कर उसके मेमोरेंडम पर घर से 28.7 किलो ग्राम तांबा तार कीमती लगभग 10000 रूपये को बरामद किया गया है। आरोपी के खिलाफ धारा 41(1-4) 379 पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# गौठान बन रहे हैं बहुआयामी सांस्कृतिक, आर्थिक गतिविधियों के केन्द्र : मुख्यमंत्री

- लोकवाणी को मुंगेली जिले के नागरिकों और बच्चों ने भी तन्मयता से सुना

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मासिक रेडियोवार्ता लोकवाणी की 15वीं कड़ी का प्रसारण रविवार को किया गया। मुख्यमंत्री बघेल लोकवाणी में उपयोगी निर्माण, जनहितैषी अधोसंरचनाएं, आपकी अपेक्षाएं विषय पर प्रदेशवासियों से बात की। लोकवाणी का प्रसारण छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्रों, एफ.एम. रेडियो और क्षेत्रीय न्यूज चैनलों से सुबह 10.30 से 10.55 बजे तक किया गया। मुख्यमंत्री श्री बघेल की उपयोगी निर्माण, जनहितैषी अधोसंरचनाएं, आपकी अपेक्षाएं विषय पर आयोजित मासिक रेडियो वार्ता लोकवाणी को मुंगेली जिले के नागरिकों और बच्चों ने भी उत्साह पूर्वक तन्मयता से सुना। मुख्यमंत्री बघेल ने अपनी मासिक रेडियोवार्ता लोकवाणी की 15वीं कड़ी में कहा कि राज्य के बहुमूल्य संसाधनों का उपयोग करके छत्तीसगढ़ के लोग भी समृद्ध और खुशहाल बने। उन्होंने कहा कि गांव-गांव में महिला स्व सहायता समूह तथा प्रतिभावान युवाओं के नवाचार से प्रदेश में समृद्धि और खुशहाली का नए रास्ते बनाने की शुरुआत हो चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गौठान बहुआयामी सांस्कृतिक, आर्थिक गतिविधियों के केन्द्र बन रहें हैं। राज्य की सिंचाई क्षमता दोगुनी करने के लिए प्रदेश की नई जल संसाधन नीति तैयार करने का काम पूरा हो चुका है। राज्य सरकार ने स्कूल शिक्षा में गुणवत्ता सुधार का रोडमैप बनाया है। इसी तरह उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, कृषि शिक्षा और इंजीनियरिंग कॉलेजों में ऐसे पाठ्यक्रम प्रारंभ करने पर जोर दिया गया है, जिससे स्थानीय संसाधनों के वेल्यू एडिशन से उत्पादन का रास्ता बने। युवाओं में उद्यमिता का विकास हो और उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर मिलें। उन्होंने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देकर स्थानीय विकास को गति देने और रोजगार के नए अवसर सृजित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने श्रोताओं से रू-ब-रू होते हुए कहा कि निश्चित तौर पर 'नरवा, गरवा, घुरवा, बारी' हमारा ड्रीम प्रोजेक्ट है और इसकी शुरुआत हमने छत्तीसगढ़ की चार चिन्हारी को बचाने के लिए किया है। नरवा के काम में पंचायत और ग्रामीण विकास, जल संसाधन विकास विभाग, वन विभाग आदि की मदद ली जा रही है। लगभग 30 हजार नरवा चिन्हांकित किए गए हैं और लगभग 5 हजार नरवा विकास का काम काफी आगे बढ़ चुका है। गरवा को लोग सिर्फ गाय, दूध और पशुधन तक ही समझते थे, हमने गरवा के माध्यम से गौठान की योजना बनाई। इस तरह लगभग 10 हजार गौठानों के निर्माण की मंजूरी दे चुके हैं, जिनमें से 5 हजार से ज्यादा गौठानों का निर्माण पूरा हो चुका है। अब गौठान की पहचान एक ऐसी अधोसंरचना के रूप में हो चुकी है, जो सिर्फ गायों को रोकने की जगह ही नहीं है बल्कि गोधन न्याय योजना के माध्यम से गोबर खरीदी केन्द्र, महिला स्व-सहायता समूह के माध्यम से वर्मी कम्पोस्ट बनाने और बेचने का केन्द्र, गोबर से अन्य कलात्मक वस्तुएं बनाने का केन्द्र भी विकसित हुआ है। एक तरह से गौठान बहुआयामी सांस्कृतिक, आर्थिक गतिविधियों के केन्द्र बन रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री बघेल कहा कि मैं किसान परिवार से हूं। मैं किसान हूं, इसे गौरव का विषय मानता हूं, लेकिन एक लम्बे दौर में हमारे युवाओं के मन में यह बात बैठ गई है कि खेती-किसानी के बारे में चर्चा करना या उसमें अपना कैरियर ढूंढना कोई बहुत अच्छी बात नहीं है। खेती-किसानी को लेकर युवाओं के मन में सम्मान का भाव नहीं होने की एक बड़ी वजह थी कि खेती और उच्च शिक्षा के बीच की कड़ी ही मिसिंग थी। हार्वर्ड विश्वविद्यालय में भ्रमण के दौरान मेरे मन में यह बात आई थी कि विश्वविद्यालयों में उत्पादन केन्द्र तथा युवाओं में उद्यमिता विकास को लेकर कोई संरचनागत, संस्थागत काम होना चाहिए, जिसमें निरंतरता हो और युवाओं को कृषि से संबंधित रोजगार के नए अवसरों की जानकारी हो, उन्हें मार्गदर्शन व सहयोग मिले।

## नया रायपुर भाजपा ने कमीशन खोरी के लिए बसाया, उसी नया रायपुर को विकसित होने नहीं देना चाहते हैं

- स्मार्ट सिटी का पैसा भाजपा नेता अपने निवेश वाले क्षेत्र में खर्च कराना चाहते हैं : कन्हैया

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री,एवम महासमुंद जिला प्रभारी कन्हैया अग्रवाल ने प्रदेश के एक पूर्व मंत्री के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार में जब नई राजधानी क्षेत्र का भूमि पूजन हुआ था तब भी भाजपा ने इसका विरोध किया था और भारतीय जनता पार्टी की सरकार में 15 साल में 15000 करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च करके जैसा कि एक पूर्व मंत्री जी का कथन है जहां किसी प्रकार की आबादी नहीं है, उसे विकसित कराया गया, भाजपा की सरकार ने क्या 15 वर्ष तक नया रायपुर बसाने का काम पूरा खेल कमीशन खोरी के लिए नही किया, या हजारों करोड़ रुपए की बर्बादी किसी व्यक्ति विशेष को फायदा पहुंचाने के लिए की गई,यदि नया रायपुर ,मंत्रालय और विभिन्न विभागों के सचिवालय तत्कालीन आवश्यकता थी तो मुख्यमंत्री निवास, राजभवन, विधायकों के निवास और विधानसभा आज की आवश्यकता क्यों महसूस नहीं हो रही है, श्री अग्रवाल ने कहा कि भाजपा नेताओं की तिलमिलाहट सिर्फ इसलिए है की कमीशन खोरी और अपने अपनों को काम देकर के उपकृत करने का मौका उन्हें नहीं मिल पाया है।

उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता नया रायपुर में स्मार्ट सिटी मध्य का पैसा केंद्र से रोके जाने का स्वागत कर रहे हैं वह अन्य स्थान पर स्मार्ट सिटी का पैसा खर्च करने की मांग कर रहे हैं ऐसा प्रतीत होता है भाजपा नेताओं और उनके रिश्तेदारों ने बड़े पैमाने पर इन क्षेत्रों में निवेश किया है और अपने फायदे के लिए केंद्र सरकार से स्मार्ट सिटी के मद का पैसा उन क्षेत्रों में खर्च कराना चाहते हैं।

## आनंद चोपकर लड़ेंगे चेंबर अध्यक्ष का चुनाव

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ व्यापारी एकता पेनल के आनंद चोपकर छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ेंगे उनके साथ पूरा पैनल भी चुनाव मैदान में उतरेगा,छत्तीसगढ़ व्यापारी एकता पेनल के प्रवक्ता राजेश केडिया ने उक्तआशय की जानकारी देते हुए बताया कि चेंबर जो विशुद्ध रूप से व्यवसायिक संगठन है पिछले दो दशकों में इसका राजनीतिकरण कर दिया गया है, चेंबर को परिवारवाद और राजनीति से मुक्त कराने के लिए दबंग व्यापारी नेता जो व्यापारियों के हितों के लिए हर स्तर पर जाकर लड़ाई लड़ने का माद्दा रखते हैं,आनंद चोपकर अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ेंगे,उनके साथ चुनाव में प्रदेश के विभिन्न शहरों से प्रतिनिधि भी चुनाव मैदान में होंगे, उल्लेखनीय है कि श्री चोपकर पूर्व में चेंबर के कार्यकारी अध्यक्ष रहे हैं उनके कार्यकाल में ही चेंबर भवन का निर्माण हुआ है।

## छग जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन की कवर्धा जिला इकाई भंग

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com

छग जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन की कवर्धा जिला इकाई को यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष अमित गौतम ने तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया है । लगातार निष्क्रियता के चलते प्रदेश अध्यक्ष ने यह निर्णय लिया है। आगामी 15 कार्य दिवस में यूनियन के प्रदेश सचिव जितेंद्र नामदेव को जिम्मेदारी सौंपी जाती है कि वह जिला इकाई की बैठक कराकर नई कार्यकारिणी का गठन करें,ज्ञात हो कि कुछ दिन पूर्व अनुशासनहीनता के चलते कोंडागांव जिला इकाई को प्रदेश अध्यक्ष अमित गौतम ने कड़ा रुख अख्तियार करते हुए तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया था,प्रदेश अध्यक्ष की सोच के अनुसार यूनियन में कार्य करने वाले,पत्रकारों का हित समझने वाले और यूनियन को परिवार मानने वाले साथियों की जरूरत है ना कि यूनियन के माध्यम से केवल व केवल स्वार्थ सिद्धि करके यूनियन को उपयोग करने वाले की।

## अंगना में शिक्षा कार्यक्रम के तहत् बिलासपुर संभाग की महिला शिक्षिकाओं ने स्वप्रेरित होकर माताओं को प्रशिक्षित कर विद्यालय आने से पूर्व बच्चों को तैयार करने का उठाया बीड़ा

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com



किसी देश के विकास का अंदाजा लगाना हो तो उस देश की प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था देखकर आप समझ सकते हैं कि इस देश का नींव, क्या चौतरफा और वास्तविक विकास प्राप्त कर सकता है। शिक्षा समाज की आत्मा है। आत्मा दूषित न हो इस बात का ध्यान समाज के प्रत्येक व्यक्ति को करना है। देशभर में विद्यालयों के संचालन न होने से घर बैठे बच्चों के लिये अध्यापन की व्यवस्था कराने हेतु कई प्रकार की योजनाओं का शुभारंभ हुआ। इसी में हमारे छत्तीसगढ़ सरकार ने सीजी स्कूल ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से पढ़ई तुंहर दुआर के रूप में एक बहु वैकल्पिक व्यवस्था विद्यार्थियों को मुहैया करा दी और आज वर्तमान में सभी कक्षाओं के बच्चों को ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन तरीके से अध्यापन कराया जाना सुनिश्चित किया जा चुका है, परंतु ऐसे विद्यार्थी जो अभी तक विद्यालय में अध्ययन से जुड़े ही नहीं और जो इस नई शिक्षा प्रणाली से भी बहुत दूर रह गए। ऐसे छोटे बच्चों की जिम्मेदारी यदि उनकी माताओं को दी जाए तो वे आने वाले सत्र में बहुत कुछ सीख कर विद्यालय में आ सकते हैं । ऐसे बच्चों के लिए प्रदेश के कुछ स्वप्रेरित महिला शिक्षिकाओं की टीम ने अंगना म शिक्षा कार्यक्रम की शुरुआत की है, जिसमें माताओं को प्रेरित किया जाए कि आंगनबाड़ी और कक्षा एक के बच्चों को घर में ही उनकी प्रारंभिक शिक्षा की शुरुआत करें। जो साक्षर नहीं है उनके लिए शिक्षिकाएं व गांव के पढ़े-लिखे बच्चे वालंटियर बनकर सामने आने लगे। अंगना में शिक्षा कार्यक्रम में 4 वर्ष से 6 वर्ष तक के बच्चों को उनकी माताओं के द्वारा पढ़ाये जाने हेतु तैयार करने स्वप्रेरित महिला शिक्षिकाएं स्वयं से आगे बढ़कर कार्य कर रही हैं । जिसके अंतर्गत बिलासपुर संभाग के 6 जिले की बागडोर बलौदाबाजार जिले की शिक्षिका सीमा मिश्रा और बिलासपुर जिले की शिक्षिका सावित्री सेन ने प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के साथ संभाली है। बिलासपुर, मुंगेली, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, जांजगीर चांपा, कोरबा तथा रायगढ़ जिले से स्वेच्छा से इस कार्यक्रम में साथ देने के लिए महिला शिक्षिकाओं के समूह को तैयार किया गया है। इनके लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम दो चरणों में आयोजन किया गया।

## दिल्ली के युवक रिंकू शर्मा की हत्या पर अग्रसेन चौक में लोगों ने दी श्रद्धांजलि



**सक्ती।** राम भक्त हिन्दू कुल दीपक स्मृति शेष युवक रिंकू शर्मा (दिल्ली) की निर्मम हत्या के विरोध में 13 फरवरी को अग्रसेन चौक सक्ती में सर्व हिन्दू समाज के द्वारा काली पट्टी लगाकर विरोध किया गया। पश्चात रिंकू की आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करने सभा आयोजन किया गया। जिसे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के योगेश्वर साहू ने संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र विरोधीयों के नापाक मंसूबों से हम हिन्दू समाज को सजग रह कर मुकाबला करना होगा। कार्यक्रम का संचालन करते हुए अधिवक्ता चितरंजय पटेल ने रिंकू की नृशंष हत्या को हिन्दू समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताया। अंत में सर्व हिन्दू समाज की ओर से दीप प्रज्ज्वलित कर व मौन सभा कर रिंकू शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर प्रदीप गुप्ता, भवानी तिवारी, सूर्य गुप्ता आदि के साथ गणमान्य नागरिक व मीडिया के लोग अच्छी संख्या में उपस्थित हुए।

## अभाविप का 53 वां प्रदेश अधिवेशन अंबिकापुर में संपन्न, नवीन कार्यकारिणी की घोषणा



पायनियर संवाददाता जैजैपुर
www.dailypioneer.com

विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छत्तीसगढ़ प्रांत का 53 वां प्रांत अधिवेशन अंबिकापुर सरगुजा में संपन्न हुआ जिसमें वर्ष 20 - 21की नवीन कार्यकारिणी घोषित की गई इसमें जांजगीर-चांपा जिले से प्रदेश अध्यक्ष के रूप में अरुण गुप्ता सर जी को पुनः छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया रामेश्वर कश्यप को छत्तीसगढ़ प्रदेश एस एफ़ एस प्रमुख बनाया गया इसी प्रकार निलेश गुप्ता को विभाग प्रमुख आर्य तिवारी को विभाग सहसंयोजक बनाया गया जांजगीर-चांपा जिला संयोजक के रूप में पुनः मनोबल सिंह जाहिरे को निर्वाचित किया गया प्रदेश कार्यकारिणी के रूप में हेमंत पैगवार अकाश यादव हर्षिता श्रीवास लिंकेश यादव को निर्वाचित किया गया। 53वे प्रदेश अधिवेशन मे प्रतिनिधि के रुप में जिला संगठन मंत्री अजय ठाकुर आशुतोष सोनी नरेंद्र कश्यप अनिल सोनवानी, अमित अनंत, अखिलेश थवाईत, सम्मिलित हुए। सभी निर्वाचन से जिले भर में हर्ष और आनंद व्याप्त है अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिले के प्रमुख कार्यकर्ताओं एकांश गुप्ता अरविंद जयसवाल अंकित एवं नगर वासियों एवं जिला वासियों ने बहुत-बहुत बधाई एवं हर्ष ज्ञापित किया।

## श्याम बगीची पर मंदिर समिति का ही रहेगा कब्जा

- बीते दिन मचे बवाल का कलेक्टर ने दिए निर्देश, सड़क चौड़ीकरण के लिए कम से कम तोड़फोड़ का आश्वासन

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com

श्याम मंदिर के सामने कार्यक्रम स्थल को लेकर बीते दिन हुए बवाल के बाद कलेक्टर ने यथा स्थिति कायम रखने के लिए निगम आयुक्त को निर्देशित किया। श्याम बागची के नाम से इस जमीन का मंदिर पिछले 20 सालों से उपयोग कर रहा है और पट्टे की मांग की जा रही हैं शुक्रवार को अचानक निगम ने बेजा कब्जा हटाने के नाम पर यहां सब्जी पसरावालों को बैठा दिया। जिसका मंदिर के कार्यकत्ताओ ने विरोध किया और कलेक्टर ने शाम को बुलाई गई बैठक में भी जमीन को नए सरकारी नियमों के तहत 151 फिसदी ज्यादा दर पर मंदिर को दिए जाने की मांग की इसके लिए जून में ही मंदिर ट्रस्ट द्वारा आवेदन दिया जा चुका था जो लंबित था। निगम से जब कलेक्टर ने पूछा तो वे स्थिति स्पष्ट नहीं कर सकें जिसके बाद कलेक्टर भीम सिंह ने खुद विवादित स्थल का अवलोकन करने का निर्णय लिया और मंदिर के दावे को सही पाने पर मैदान पर कल लगाए गए पसरो को हटाने के आदेश दिए जिसका लोगों ने स्वागत किया है।

**वैकल्पिक मार्ग पर विचार को भी तैयार नहीं निगम–** बीते शाम हुई इस बैठक में सुभाष चौक, गांधी प्रतिमा रामनिवास टॉकिज चौक के लोगों ने भी सड़कों के चौड़ीकरण के लिए मकानों को तोड़े जाने का विरोध किया लोगों का कहना था की जिन मकानों पर मार्किंग की गई हैं वे 1950 से पुरानी पद्धति से बने हुए हैं। जिसमें छेड़छाड़ करने से मकान के गिरने का खतरा है। उन्होनें सड़कों पर लगने वाले जाम से निजात पाने के लिए वैकल्पिक रास्तो व उपाए पर भी विचार किए जाने की मांग की। जिस पर निगम ने कोई ध्यान नहीं दिया, लेकिन कलेक्टर ने सभी मकानों का व्यापक सर्वे कराने व कम से कम तोड़ फोड़ करने का आश्वासन लोगों को दिया। इस मामले में सबसे बडा़ मुद्दा वैकल्पिक मार्ग का है। जिस पर निगम विचार करने को तैयार ही नहीं हैं। जबकि इन सुझाव पर अमल किया जाए तो रामनिवास टॉकिज से लेकर गांधी प्रतिमा व पुराने शनि मंदिर से सुभाष चौक की ट्रेफिक समस्या को दूर किया जा सकता हैं आश्चर्य की बात तो यह है कि निगम के आला अधिकारियों ने इन सुझावो पर कलेक्टर को भी अंधेरे में रखा जबकि कलेक्टर शहर को व्यवस्थित व सुंदर बनाने का हर संभव कोशिश कर रहें हैं, लेकिन कुछ लोग निगम अमले से सांठगांठ कर अपना उल्लू सीधा करने का प्रयास कर रहें हैं।

## शक्ति से बाराद्वार के बीच नेशनल हाईवे में निर्माण एजेंसी की लापरवाही से हो रही दुर्घटनाएं

- कांग्रेस के जांजगीर-चांपा जिला अध्यक्ष ने दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को एंबुलेंस बुलाकर पहुंचाई सहायता

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com



जांजगीर-चांपा जिले के नवनिर्मित राष्ट्रीय राजमार्ग में इन दिनों निर्माण एजेंसी की लापरवाही के चलते अनेकों स्थानों पर सड़क का निर्माण पूर्ण ना होने के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं बढ़ रही है, तथा निर्माण एजेंसी की उदासीनता के चलते जहां वर्षो से बन रहे राष्ट्रीय राजमार्ग की सड़क आज पर्यंत तक पूर्ण नहीं हो सकी है, तथा 13 फरवरी को रात्रि करीब 7.00 बजे शक्ति से बाराद्वार के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग पर बाराद्वार नहर के पास ऐसे ही सड़क के उबड़ खाबड़ होने के कारण एक व्यक्ति गंभीर रूप से गिरकर घायल हो गया तथा मामले की गंभीरता को देखते हुए वहां से गुजर रहे कांग्रेस कमेटी के जांजगीर-चांपा जिला अध्यक्ष डॉ. चोलेश्वर चंद्राकर ने तत्काल मौके पर 112 वाहन को बुलवाकर उन्हें राहत पहुंचाई तथा उन्हें बेहतर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शक्ति भेजा तथा जांजगीर चांपा कांग्रेस जिलाध्यक्ष चोलेश्वर चंद्राकर भी स्वयं 112 एंबुलेंस के साथ पहुंचे और उन्होंने चिकित्सकों को तत्काल आवश्यक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने की बात कही, तथा डॉ. चोलेश्वर चंद्राकर ने कहा है कि शक्ति से चांपा के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग में निर्माण एजेंसी की लापरवाही के चलते ऐसी दुर्घटनाएं आम हो गई हैं, किंतु संबंधित विभाग भी ऐसी निर्माण एजेंसियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है, जिसके चलते उक्त मार्ग से गुजरने वाले लोग काफी परेशान हो रहे हैं, तथा चोलेश्वर चंद्राकर ने ऐसी घटनाओं को देखते हुए संबंधित एजेंसी के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की बात भी कही है, उल्लेखित हो कि जांजगीर-चांपा जिले में शक्ति से जांजगीर के बीच नवनिर्मित अरबों रुपए की लागत से बन रहा राष्ट्रीय राजमार्ग आज पर्यंत तक पूर्ण नहीं हो सका है, चांपा से जांजगीर के बीच हसदेव नदी पर न हीं पुल का निर्माण पूर्ण हो पाया है,न ही जांजगीर से मसानिया के बीच अनेकों स्थानों पर निर्माण एजेंसी द्वारा ऐसे ही बीच-बीच में सड़कों का निर्माण पूर्ण न कर पाने के कारण छोड़ दिया गया है।

## पेज 1 के शेष...

### छत्तीसगढ़ को उत्पादक भी ...

माध्यम से गोबर खरीदी केन्द्र, महिला स्व-सहायता समूह के माध्यम से वर्मी कम्पोस्ट बनाने और बेचने का केन्द्र, गोबर से अन्य कलात्मक वस्तुएं बनाने का केन्द्र भी विकसित हुआ है। एक तरह से गौठान बहुआयामी सांस्कृतिक, आर्थिक गतिविधियों के केन्द्र बन रहे हैं। मुझे यह देखकर खुशी होती है कि हमारे गांव-घर की बाड़ियों में उपजाई जाने वाली सब्जी-भाजी- फल कुपोषण मुक्ति का सहारा बन रहे हैं।

**आगामी 5 वर्षों में राज्य की सिंचाई क्षमता दोगुनी करने का लक्ष्य–** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी नरवा योजना प्रदेश में भू-जल की रिचार्जिंग का बहुत बड़ा साधन बन रही है। हमारे प्रयासों को भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय द्वारा भी सराहा गया है। बिलासपुर और सूरजपुर जिले की परियोजनाओं को राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है। हमने पुरानी जल संसाधन परियोजनाओं की कमियों को दूर किया ताकि वास्तविक सिंचाई का रकबा बढ़े, इसके अलावा भी बड़ी-बड़ी नई योजनाएं हाथ में ली हैं। बोधघाट के अलावा शेखरपुर बांध, ढांडपानी बांध, रेहर अटेम जैसी 15 परियोजनाओं पर ध्यान दिया जा रहा था। हमारा लक्ष्य है कि आगामी 5 साल में प्रदेश में ऐसी जल अधोसंरचनाओं का विकास हो जाए, जिससे राज्य की सिंचाई क्षमता दोगुनी हो जाए। मैं यह खुशखबरी भी साझा करना चाहता हूं कि छत्तीसगढ़ की नई जल संसाधन विकास नीति तैयार करने का काम पूरा हो चुका है। जल्दी ही प्रदेश को नई जल संसाधन नीति के रूप में अधोसंरचना विकास की नई सौगात मिलेगी।

**ग्रामीणों ने धान खरीदी केन्द्रों में चबूतरा निर्माण को बताया उपयोगी–** लोकवाणी में ग्राम डबराखुर्द के राजेश कुमार कनौजिया ने बताया कि ग्रामीण सेवा सहकारी समिति झाल खम्हरिया में और ग्राम कोसरंगी के सोम प्रकाश साहू ने बताया कि धान खरीदी केन्द्रों में चबूतरा बनने से हमारा धान खराब नहीं होता है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया।

**गौठानों में 61 हजार वर्मी कम्पोस्ट टंकी और करीब 5 हजार चारागाहों का निर्माण–** मुख्यमंत्री ने लोकवाणी में कहा कि आप लोगों ने इस बदलाव को महसूस किया, उसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। हम महात्मा गांधी नरेगा के साथ विभिन्न योजनाओं के अभिसरण से गांव-गांव में ऐसी अधोसंरचनाओं का विकास कर रहे हैं, जिसमें बहुत बड़े पैमाने पर लोगों को लाभ मिलता है। इस तरह एक ओर जहां हमने हजारों गौठानों के निर्माण की व्यवस्था की, वहीं गौठानों में लगभग 61 हजार वर्मी कम्पोस्ट टंकी बनवा चुके हैं। करीब 5 हजार चारागाह बनाए हैं। भवनविहीन आंगनबाड़ियों के लिए भवन बना रहे हैं। नवगठित ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन बना रहे हैं। उसी प्रकार धान उपार्जन केन्द्रों में 8 हजार चबूतरे बनवाए गए हैं, जिसका जिक्र आप लोगों ने किया, इससे धान को सुरक्षित रखने में मदद मिल रही है। गांवों में ऐसी अधोसंरचनाओं की बहुत जरूरत है, जिससे हमारे ग्रामीण भाई-बहन और बच्चे गांवों में एक नई तरह की व्यवस्था महसूस कर सकें। वे देख सकें कि सरकार का काम खाली शहरी अधोसंरचना का विकास ही नहीं है, गांव वालों की जरूरतें पूरी करने के लिए भी बहुत से काम करना जरुरी है। मुझे खुशी है कि हमने सही समय में गांव वालों की जरूरतों की पहचान कर ली है और उसके अनुरूप निर्माण के निर्णय ले रहे हैं।

**इंग्लिश मीडियम स्कूलों में कमजोर वर्ग के बच्चों को मिलेगी अच्छी शिक्षा–** लोकवाणी में कोरबा के कुश शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार 'उपयोगी निर्माण और जनहितैषी अधोसंरचना' के मामले में ऐसा विकास कर रही है, जो आम लोगों से सीधा जुड़ा है। राज्य सरकार के इंग्लिश मीडियम स्कूल शुरू करने के फैसले से आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के लिए शिक्षा सुलभ हो पाएगी, इसके लिए मुख्यमंत्री जी धन्यवाद के पात्र हैं।

**राज्य सरकार ने तैयार किया स्कूल शिक्षा में गुणवत्ता सुधार का रोडमैप–** मुख्यमंत्री ने लोकवाणी में कहा कि हमने स्कूल शिक्षा में गुणवत्ता सुधार का एक रोडमैप बनाया है, जिसके अनुसार विभिन्न शालाओं में बहुत से कार्य किए जा रहे हैं, जिनसे बच्चों के व्यक्तित्व का सम्पूर्ण विकास हो, जिससे वे आगे चलकर डॉक्टर, इंजीनियर ही नहीं बल्कि शोधकर्ता, खिलाड़ी, प्रबंधक या अपनी रुचि के अनुसार कोई भी कैरियर अपना सकें। उन्होंने कहा कि महंगे और सजावटी विकास से किसी का भला नहीं होता, वास्तव में यह देखना चाहिए कि निर्माण की गुणवत्ता कैसी है।

## पीएससी के कठिन सवाल, हलाकान रहे परीक्षार्थी

पायनियर संवाददाता बिलासपुर
www.dailypioneer.com



आज पूरे प्रदेश में लगभग 450000 परीक्षार्थियों ने पीएससी प्रारंभिक परीक्षा दी। जिसमें छत्तीसगढ़ से संबंधित अधिकांश सवालों ने परीक्षार्थियों को परेशानी में डाल दिया। 18 सो 55 में छत्तीसगढ़ में डिप्टी कमिश्नर कौन थे..? झंडा सत्याग्रह बिलासपुर में कब हुआ था..? 15 अगस्त 1947 को दुर्ग में ध्वजारोहण किसने किया था तथा छत्तीसगढ़ में असहयोग आंदोलन के सवाल समेत रावत नाच महोत्सव कब शुरू हुआ..? जैसे सवाल पीएससी प्रारंभिक परीक्षा में पूछे गए. आज जिले के सभी केंद्रों में पीएससी प्रारंभिक परीक्षा हुई जिसमें परीक्षार्थियों को 2 घंटे में 100 सवाल हल करने थे लेकिन अधिकांश परीक्षार्थी कठिन सवालों में उलझ गए 50 से अधिक सवाल छत्तीसगढ़ से संबंधित थे जिसमें छत्तीसगढ़ के पर्यावरण एवं पंछी पंचायती राज लाल पीली मिट्टी एवं छत्तीसगढ़ में राज्य शासन की योजनाओं से संबंधित सवाल पूछे गए आज सभी केंद्रों में कोविड-19 के नियमों का पालन करते हुए सुरक्षा के साथ परीक्षा ली गई एक एक टेबल में 1 परीक्षार्थियों को बैठने की व्यवस्था की गई जिले में आज काफी संख्या में दूरदराज से भी परीक्षार्थी युवक-युवती प्रारंभिक की परीक्षा देने पहुंचे थे जेपी वर्मा महाविद्यालय विद्यालय से निकाले सीएमडी कॉलेज एवं साइंस कॉलेज मैदान साइंस कॉलेज समेत सभी परीक्षा केंद्रों में आज सुबह से ही पहुंच गए थे उड़नदस्ता टीम भी परीक्षा केंद्रों में निगरानी कर रही है आरोपियों में पीएससी के प्रारंभिक परीक्षा हुई पहली पाली में जो पर्याय जो परीक्षा हुई उसमें जनरल नॉलेज से संबंधित सवाल पूछे गए आज का सवाल छत्तीसगढ़ से संबंधित थे ।

# टेनिस बॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ, चक्रपाणि शुक्ला हाई स्कूल मैदान में खेला जा रहा

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com





रात्रि कालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता जो कि स्वर्गीय कमलेश गर्ग की स्मृति में ब्लॉक शहर एवं ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वधान मे स्थानीय चक्रपाणि शुक्ला हाई स्कूल मैदान में खेला जा रहा है। स्पर्धा के नवे दिन के खेल का शुभारंभ केशरवानी महिला सभा बलौदाबाजार की अध्यक्षा सुमन केसरवानी के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। उनके द्वारा सर्वप्रथम स्वर्गीय कमलेश गर्ग के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलनरात्रि कालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता जो कि स्वर्गीय कमलेश गर्ग की स्मृति में ब्लॉक शहर एवं ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वधान मे स्थानीय चक्रपाणि शुक्ला हाई स्कूल मैदान में खेला जा रहा है। स्पर्धा के नवे दिन के खेल का शुभारंभ केशरवानी महिला सभा बलौदाबाजार की अध्यक्षा सुमन केसरवानी के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। उनके द्वारा सर्वप्रथम स्वर्गीय कमलेश गर्ग के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन कर , श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। राष्ट्रीय गीत व राजकीय गीत के बाद मुख्य अतिथि द्वारा दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टॉस के लिए सिक्का उछाला गया। इस अवसर पर पहली बार केसरवानी महिला सभा एवं नवा अंजोर एनजीओ संस्था की अर्चना ठाकुर सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने भी दर्शकों के रूप में मैच का लुफ्त उठाया जिसमें रामकली केसरवानी, शोभा रामगोपाल केसरवानी, रीटा केसरवानी ,पार्षद, स्मिता केसरवानी ,दीप्ति केसरवानी, वर्षा केसरवानी, सुधा सोनी, जासमीन शेख एवं बेला ठाकुर आदि प्रमुख है। एवं जिला पंचायत अध्यक्ष, राकेश वर्मा, परमेश्वर यदु, सुशील तिवारी, गंभीर सिंह ठाकुर, ब्लॉक अध्यक्ष द्वय विक्रम गिरी, रूपेश ठाकुर, पंकज यदु, संजीव सिंह, प्रभाकर मिश्रा, मनोज प्रजापति ,संदीप साहू सुखदेव साहू, सुभाष राव, गोविंद पात्रे, हेमचंद केसरवानी ,देवेंद्र बंजारे, नवभारत ब्यूरो चीफ नीरज बाजपेई एवं देशबंधु के ब्यूरो प्रमुख रामाधार पटेल, आदि उपस्थित रहे।

रात्रि कालीन क्रिकेट प्रतियोगिता के नौवें दिन का अंतिम एवं तीसरा मुकाबला बहुत ही रोमांचकारी रहा, जोकि हाल ही में हुए एमएलए ट्रॉफी जीतने वाली टीम तिल्दा 11 एवं सचिन 11 रायपुर के बीच खेला गया। दोनों ही टीमो ने अपना पहला मैच जीत कर दूसरे राउंड के लिए मैच खेल रहे थे। सचिन 11 रायपुर ने टॉस जीतकर तिल्दा को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए तिल्दा इलेवन ने शानदार 105 रन बनाए। जीत के लिए 106 रनों का लक्ष्य का पीछा करते हुए सचिन 11 रायपुर ने भी शानदार बल्लेबाजी की वही तिल्दा के गेंदबाजों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। इस रोमांचक मुकाबले में कौन सी टीम जीतेगी यह कहना मुश्किल था। 6 ओवर की समाप्ति पर सचिन 11 रायपुर का स्कोर 6 विकेट पर 75 रन था और जीत के लिए 12 गेंदों पर 31 रन की आवश्यकता थी। सातवेंओवर में योगेश ने गेंदबाजी करते हुए सचिन 11 का एक और विकेट लेकर मैच को अपने टीम के पक्ष में करने का प्रयास किया । वही अगले 4 गेंदों पर सिंगल रन एवं पांचवीं गेंद पर एक छक्का लगाकर सचिन 11 के द्वारा पुनः वापसी कर ली, अंतिम आठवें ओवर मे जीत के लिए 21 रनों की आवश्यकता थी, अंतिम ओवर की पहली गेंद पर कोई रन नहीं बना और अगले 3 गेंदों पर लगातार तीन छक्के लगे, अंतिम दो गेंदों में 3 रन की आवश्यकता, पांचवीं गेंद पर अजय ने 2 रन लेकर 105 रनों की बराबरी कर ली, तथा अंतिम गेंद पर 1 रन चुरा कर तिल्दा 11 को स्पर्धा से बाहर का रास्ता दिखा दीया। 16 गेंदों पर नाबाद 32 रन बनाने वाले अजय पान को मैन आफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। दर्शकों ने भी खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया, संदीप साहू एवं राकेश वर्मा जिला पंचायत अध्यक्ष के द्वारा हैट्रिक सिक्स पर क्रमशः 1000 एवं 15 सौ रुपए पुरस्कार के रुप में दिए। आयोजन समिति की ओर से ₹501 तथा डबल विकेट लेने वाले सुनील को मयंक पंजवानी द्वारा ?1000 का पुरस्कार प्रदान की गई। आज का पहला मैच सकरी 11 विरुद्ध सचिन 11 के बीच खेला गया सकरी ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी की और केवल 42 रन बनाए जोकि इस प्रतियोगिता का दूसरा न्यूनतम स्कोर है। आसान लक्ष्य का पीछा करते हुए सचिन 11 ने आसानी से 4 ओवर और 3 गेंदों का सामना करते हुए 6 विकेट से जीत हासिल कर ली। पूरण को मैन आफ द मैच का पुरस्कार दिया गया उन्होंने 3 विकेट लिए। प्रतियोगिता का दूसरा मुकाबला तिल्दा इलेवन एवं पर सदी के मध्य खेला गया था। तिल्दा नेवी टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 96 रन का लक्ष्य परसाडी के सामने रखा उन्होंने निर्धारित 8 ओवरों में केवल 66 रन ही बना सकी और तिल्दा ने 29 रनों से जीत हासिल कर ली। डिगेश उर्फ लारा को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। उन्होंने 39 रनों की पारी खेलते हुए शानदार 5 विकेट भी प्राप्त किए।

## आमजन महंगाई की मार से परेशान आसमान छू रहे निर्माण सामग्री के दाम





पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

पेट्रोल डीजल और रसोई गैस के दाम अब तक के उच्च स्तर पर पहुंच गए है। तो बढ़ती महंगाई ने आम जनों के आशियाने बनाने की उम्मीदों पर भी पानी फेर दिया है। बढ़ती महंगाई को रोकने कोई भी कार गर उपाय नहीं किए जाने के कारण आमजन परेशान है। पेट्रोल डीजल के बाद अब गैस के दाम भी आम जनों को रुला रहे हैं नए साल में आम जनों को इनके दामों में गिरावट की आश थीं मगर दाम है कि आसमान को छूते ही जा रहा है केंद्र सरकार ने पेट्रोलियम पदार्थ पर इस तर्क के साथ एग्री सेंस लगा था की इसका असर उपभोक्ता पर नहीं पड़ेगा । लेकिन अब धीरे-धीरे कीमतें बढ़ाकर एग्री सेंस की भरपाई की जा रही है जिसका सीधा सा असर आम उपभोक्ताओं पर पड़ने लगा है। आशियाने के सपने पर निर्माण सामग्री के बढ़ते दाम रोड़ा बन गए हैं। लोहा, रेत, ईंट, सीमेंट और सरियों के दाम पिछले 4 महीनों मैं तेजी से बढ़े हैं निर्माण सामग्री के बढ़ते दामों से लागत बढ़ गई है जिसके असर से आम आदमी के भवन निर्माण सहित रियल स्टेट के काम अटके पड़े जिसका असर यह है कि किसी ने दीवार बनने के साथ लेंटर का काम छोड़ दिया तो कोई दीवारों पर प्लास्टर नहीं करा पा रहे हैं जिन मकानों में यह काम हो चुके हैं तो वे फिनिशिंग के काम नहीं करा पा रहे हैं कीमत बढ़ जाने से बजट बिगड़ गया और कई लोग उधार लेकर काम चला रहे हैं निर्माण सामग्री की बढ़ती कीमतों का असर निर्माण लागत पर पड़ने लगा है।

# पुलिस ने की अवैध कच्ची शराब बरामद

पायनियर संवाददाता ◄ सुकमा
www.dailypioneer.com




अवैध शराब के खिलाफ करवाई को लेकर पुलिस ने अभियान चलाया है। जिसमे सिटी कोतवाली को सफलता मिली है। 175 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की और आबकारी एक्ट के तहत करवाई की गई।

रविवार को सिटी कोतवाली में अवैध कच्ची शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। मुखबिर की सूचना पर शनिवार देर शाम को जिला मुख्यालय के इंदिरा कालोनी में आरोपी मोती हलधर के घर में शौचालय के भीतर से 175 लीटर बरामद की। वही एक दिन पहले बगीचा पारा में पुलिस ने 4 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की थी। इस तरह 1 जनवरी से 13 फरवरी तक आबकारी एक्ट के तहत 10 लोगो के खिलाफ करवाई की गई। मुखबिर की सूचना पर अवैध शराब के खिलाफ करवाई की गई। जिसमें 175 लीटर कच्ची शराब जब्त की गई। वही 1 जनवरी से लेकर अब तक 10 लोगो के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत करवाई की गई। एके नाग सिटी कोतवाली

# बजरंगी रिंकू शर्मा के हत्यारों की फांसी की मांग को लेकर हिंदू संगठनों ने निकाली मशाल रैली

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



विगत दिनों दिल्ली में श्रीराम जन्म भूमि निधि समर्पण अभियान से जुड़े बजरंगदल कार्यकर्ता रिंकू शर्मा की कुछ कट्टरपंथियों से कहा.सुनी के दौरान निर्मम तरीके से हत्या कर दी गई जिससे पूरे देश मे हिंदू संगठनों और हिंदू समाज मे रोष व्याप्त है और पूरे देश मे इस घटना के विरोध मे प्रदर्शन कर हत्यारों को फांसी की सजा देने की मांग उठ रही है।

इसी क्रम मे बलौदाबाजार नगर मे भी हिंदू संगठनों द्वारा इस निंदनीय कृत्य के विरोध मे मशाल जुलूस निकालकर कट्टरपंथियों द्वारा हिन्दुओ पर हो रहे पूरे देश मे हमलेए हत्याएं और जय श्रीराम जैसे नारों को साम्प्रदायिक करार देने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की मांग की गई जिसमे भारी संख्या मे हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता और युवा शामिल हुए। विश्व हिंदू परिषद बलौदाबाजार जिला कार्यकारी अध्यक्ष अभिषेक तिवारी ने कहा की केंद्र सरकार और सुप्रीम कोर्ट ऐसी घटनाओं मे अपराधियों को गिरफ्तार कर तत्काल फांसी दे और धार्मिक कट्टरपंथियों पर सख्त कार्रवाई करे हिंदू समाज हमेशा से वसुधैव कुटुंबकम की बात करता रहा है हम दुसरे संप्रदाय के लोंगो से भी सभी धर्म के प्रति सम्मान का भाव रखने की उम्मीद रखते हैं और प्रत्येक हिंदू रिंकू शर्मा और भक्ति यादव जैसे श्रीराम भक्तों के हत्यारों को फांसी पर लटकते देखना चाहता है और हत्यारों को सख्त सजा दिलवाने के लिए विश्व हिन्दपरिषदबजरंगदल देश भर मे आक्रोश प्रदर्शन कर महामहिम राष्ट्रपति जी के नाम ज्ञापन सौंपेंगे।

मशाल जुलूस मे विश्व हिन्दू परिषद जिला कार्यकारी अध्यक्ष अभिषेक तिवारीए जिला मंत्री राजेश केशरवानीएकोषाध्यक्ष शिव प्रकाश तिवारीएभारतीय जनता पार्टी शहर मंडल अध्यक्ष संकेत शुक्ला,थानेश्वर वर्मा,शालीन साहू, रोमी साहू,बजरंगदल जिला प्रभारी हेमंत वर्मा, जिला सहसंयोजक वासुदेव ठाकुर,प्रवीण जायसवाल,अमन तिवारी, विकास गुप्ता छबी साहू विकास तिवारी तरूण वर्मा,खिलावन पटेल, दुर्गेश साहू,लक्की वर्मा,अशोक गुप्ता, बीरेंद्र नामदेव, कुलेश्वर निषाद,राकेश नामदेव, सचिन जयसवाल नारायण फेंकर, योगेश निषाद, तुषार केवट,देवेश नामदेव, ओमकार पाडे, मनीष पाडे, गोविंद पाडे लखन आचार्य, रमेश वर्मा, सनी चौहान, भावेश चंदवानी, सागर धीवर, राकेश ध्रुव, चंदन पाडे, रमन निर्मलकर, प्रवीण पाडे, राहुल पाडे, दीपक ठाकुर आदि भारी संख्या मे युवा उपस्थित रहे।

# बसन्त ताटी है दलबदलू नेता अपनी डूबती नैय्या को पार लगाने विधायक की चापलूसी करते हुए मुझ पर लगा रहे जबरन आरोप : श्रीनिवास मुदलियार

पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com

## देखते है आखिर कौन देगा इस्तीफा





बसन्त ताटी ने भाजपा जिला अध्यक्ष पर लगाया था धान बेचने का आरोप, जिला पंचायत सदस्य बसन्त ताटी ने भाजपा जिला अध्यक्ष मुदलियार पर धान बेचने के आरोप लगाया था ओर कहा था कि जल्दी साबित करके दिखा दूंगा अन्यथा अपने पद से इस्तीफा दे दूंगा जिसके बाद भाजपा जिला अध्यक्ष मुदलियार ने कहा कि मेरे स्वयं के नाम से कोई जमीन नही है और मैने कभी धान नही बेचा अगर बसन्त ताटी साबित कर दे तो में अपने पद से इस्तीफा देकर राजनीति छोड़ दूंगा। अब देखना ये है कि कौन सही साबित होता है और किसका इस्तीफा जनता के सामने आता है।

भैरमगढ़ में कांग्रेस ने केंद्र सरकार द्वारा पारित किसान बिल के खिलाफ ट्रेक्टर रैली निकाली जिसको लेकर भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार ने कांग्रेस की एक ओर फ्लॉप रैली बताया और कहा कि केंद्र सरकार द्वारा पारित बिल किसानों के हित मे है।

इसलिए किसान कांग्रेस की इस रैली में नही आये जिसके चलते विधायक मंडावी को अपने कार्यकर्ताओं और गांव के ग्रामीण ट्रेक्टर ड्राइवरों के साथ रैली निकालनी पड़ी वंही जिला अध्यक्ष मुदलियार ने भोपालपट्टनम क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य बसन्त ताटी को भी दल बदलू नेता बताते हुए कहा कि ताटी अपनी डूबती राजनीति को बचाने के लिए विधायक के सांमने चमचागिरी करते हुए भाजपा और मुझ पर गलत आरोप लगा रहे है जबकि बसन्त ताटी ने अपने क्षेत्र की जनता के लिए कभी काम नही किया हमेशा क्षेत्र की जनता को गुमराह करते हुए अपने हित की राजनीति करते आये है ओर विधायक की चापलूसी कर कई तालाबो ओर नहर का काम कर अपना निजी स्वार्थ साधा है साथ ही बफर क्षेत्र की जमीन पर भी पेड़ो को कटवा कर अवैध कब्जा किया है जिसका जल्द खुलासा किया जायेगा।

# ब्लॉक कांग्रेस कुरुद ने स्व. शुक्ल को दी श्रद्धांजलि

पायनियर संवाददाता ◄ कुरुद
www.dailypioneer.com



रविवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुरुद में अध्यक्ष आशीष शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस भवन में अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं सिंचाई प्रबंधन के कुशल विशेषज्ञ रहे स्व.श्री श्यामाचरण शुक्ल की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। उपस्थित कांग्रेसजनो ने स्व. शुक्ल जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण ,तिलकवन्दन और श्रद्धासुमन अर्पण करते हुए उन्हें शत-शत नमन करते हुए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। राज्य अजजा आयोग उपाध्यक्ष व राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त राजकुमारी दीवान ने शुक्ल जी के ऐतिहासिक राजनीतिक सफर का वर्णन कर उनके जनहित में किये गए कार्य को याद किया। पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष बसन्त साहू ने शुक्ल जी को नम्र ,सरल, मृदुभाषी व सरल स्वभाव का धनी बताया।उन्ही की प्रेरणा पर चलकर आज हम प्रदेश और स्थानीय स्तर पर जनहित कार्य मे लगे है। जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष हेमन्त साहू ने श्यामाचरण जी के साथ बिताए अनमोल पलो को याद किया।वे पार्टी के लिए काफी समर्पित होकर कार्य करते थे। रमेश पांडेय ने कहा कि आदरणीय श्यामा चरण जी मध्यप्रदेश कांग्रेस की धुरी थे। उन्होंने आजीवन कांग्रेस के लिए समर्पित होकर कार्य किया। अभी भी वे पार्टी के खिलाफ जाकर काम नही किया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे आशीष शर्मा ने शुक्ल जी के जींवन पर प्रकाश डालते हुए उन्हें अपने समय का कुशल जनसेवक ,दृढ़ संकल्पित और आमजनों के लिए हमेशा से ही समर्पित होकर कार्य करने वाला बताया। सभापति व युका ब्लॉक अध्यक्ष डुमेश साहू ने कहा कि शुक्ल जी अपने समय के समर्पित व निष्ठावान शख्सियत थे। आभार प्रदर्शन करते हुए जिला महामंत्री प्रमोद साहू ने कहा कि शुक्ल जी कांग्रेस की रीति-नीति के साथ पार्टी की संगठन शक्ति की मजबूती के लिए काम किया। इस अवसर वरिष्ठ कांग्रेसी प्रहलाद चन्द्राकर ,निरंजन साहू, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष रमेशर साहू ,सभापति मनीष साहू,रोशन जांगड़े, चुम्मन दीवान , एल्डरमेन मनोज अग्रवाल, रामचन्द्र रतलानी ,रवि शर्मा ,हितेंद्र केला ,नरेन्द्र सोनवानी प्रदेश सचिव किसान कांग्रेस, सरपंच संघ अध्यक्ष डीलन चन्द्राकर, उत्तम साहू, सन्तोष प्रजापति ,योगेश चन्द्राकर,तुकेश साहू, रविन्द्र साहू,योगेश साहू एनएसयूआई अध्यक्ष ,अशोक साहू, हरिशंकर साहू ,आशा निषाद ,जितेंद्र जोशी ,टेमन साहू, आदि बड़ी सँख्या में समस्त कांग्रेसजन उपस्थित थे।

### नेता प्रतिपक्ष भानु चंद्राकर एवं पूर्व अध्यक्ष रविकांत चंद्राकर ने तहसीलदर को सौंपा ज्ञापन

# सुर्य नमस्कार चौक के पास अतिक्रमण हटाने की मांग

पायनियर संवाददाता ◄ कुरुद
www.dailypioneer.com



नगर पंचायत कुरूद पूर्व में विकास कार्यों और अपने चौमुखी विकास को लेकर जानी जाती थी पर अब इस नगर पंचायत में अतिक्रमण का बोलबाला दिखाई दे रहा है जिसमें नगर पंचायत प्रशासन भी पूरी तरह मौन एवं सहयोगी दिखाई दे रही है एक ऐसा ही मामला प्रकाश में आया है जिसमें परिषद के निर्णय की प्रत्याशा में नगर पंचायत प्रशासन द्वारा एक भूमि पर अवैध निर्माण के लिए एनओसी प्रदान कर दी है इस मामले को लेकर नगर में तरह-तरह की चर्चा व्याप्त है और नगर पंचायत की कार्यप्रणाली को लेकर तीखी प्रतिक्रिया देखी जा रही है वहीं दूसरी ओर विधायक प्रतिनिधि कृष्णकांत साहू ने इस मामले को लेकर सीएमओ पर कड़ी कार्रवाई तथा अतिक्रमण हटाने को लेकर ज्ञापन सौंपा है। मिली जानकारी के अनुसार नगर पंचायत में स्थित सूर्य नमस्कार चौक के पीछे काफी लंबे समय से खाली जमीन डबरी के रूप में स्थित थी जिसे बुजुर्गों का कहना है कि यह सड़क हुआ करती थी पर उस पर 2 लोगों द्वारा कब्जा कर आबादी भूमि घोषित करा नगर पंचायत से एनओसी लेकर उस पर निर्माण कार्य किया जा रहा है जानकारी मिल रही है कि उक्त भूमि के आसपास निवास करने वाले लोगों का कहना है कि यह पुराने समय की सड़क उपयोग में नहीं होने के कारण और आजू बाजू की सड़क ऊपर हो जाने के कारण डबरी बन गई थी जिस पर विभागीय सेटिंग कर कब्जा धारियों द्वारा अपना बना कर निर्माण कार्य किया जा रहा है जोकि नगर पंचायत कुरूद की घोर लापरवाही की ओर इशारा कर रहा है जिस पर कार्यवाही की मांग निरंतर की जा रही है पर निर्माण कार्य द्रुत गति से जारी है।

जिसे रोकने के लिए विधायक प्रतिनिधि कृष्णकांत साहू द्वारा भाजपा के कार्यकर्ताओं को साथ लेकर ज्ञापन सौंपा ज्ञापन सौंपने के बाद तहसीलदार के निर्देश पर काम रोका गया , अगर यह निर्माण होता है तो निश्चित रूप से नगर की है बेशकीमती जमीन अवैध रूप से किसी और की हो जाएगी। आवेदनकर्ता विधायक प्रतिनिधि कृष्णकांत साहू ने ज्ञापन में कहा है कि नगर पंचायत कुरूद में लगातार अवैध अतिक्रमण हो रहे हैं जो कि वर्तमान में नगर पंचायत वार्ड क्रमांक 1 सूर्य नमस्कार चौक के पीछे खसरा नंबर 237/4 एवं अन्य खसरा नंबर बाईपास रोड से मंडी रोड किरण पब्लिक स्कूल के पास अज्ञात व्यक्ति के द्वारा खुलेआम देर रात दुकान में का निर्माण किया जा रहा है जबकि वह बरसों से रिक्त भूमि है जो कि आम निस्तारी के प्रयोजन में काम आता रहा है महोदय उक्त भूमि का पूर्व में आबादी सर्वे किया गया था जिसमें किसी भी व्यक्ति संस्था के नाम से पट्टा जारी नहीं किया गया है जब पट्टा जारी नहीं किया गया था ऐसे मैं किसी भी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा निर्माण कार्य करना नगर पंचायत प्रशासन की कार्य विधि पर संदेहास्पद नजर आ रही है साथ ही मांग करते हुये कहा है कि कार्यस्थल निर्माण कार्य की जांच करा कर रोक लगाने एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत कुरूद के ऊपर कार्रवाई करने की मांग की है । बताया जा रहा है कि आवेदक ने मुख्यमंत्री छ.ग., अजय चंद्राकर विधायक कुरूद कलेक्टर धमतरी अनुविभागीय अधिकारी कुरूद तहसीलदार कुरूद मुख्य नगरपालिका अधिकारी कुरूद को ज्ञापन दिया गया है। इस अवसर पर र, मुलचंद सिन्हा, भोजराज चंद्राकर, भारत ठाकुर, राजेश साहू, कमलेश चंद्राकर, तीरथ ढ़ीमर मौजूद रहे।

## विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत का दौरा कार्यक्रम

**कोरिया।** छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत 15 फरवरी को शाम 5 बजे ग्राम झगराखाण्ड, जिला कोरिया पहुचेंगे। यहां वे स्थानीय कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। शाम 5.45 बजे लेदरी आगमन एवं रात्रि विश्राम रहेगा।

16 फरवरी को डॉ महंत प्रातः 10.30 बजे मनेंद्रगढ़ में आयोजित मानस केसरी शोध स्मारिका पत्र के विमोचन कार्यक्रम में शामिल होंगे। तत्पश्चात प्रातः 11.30 बजे मनेंद्रगढ़, जिला कोरिया से कोरबा के लिए प्रस्थान करेंगे।

# आबकारी के षड्यंत्र जाल में फंसे मदिराप्रेमी, शराब दुकानों में बियर अनुपलब्ध लेकिन बार व कोचियों के पास आसानी से उपलब्ध

## मनपसंद बियर के लिए कोचियों को 100 से 150 रुपए ज्यादा दे रहे शराबी

■ आबकारी के संरक्षण में बड़ा खेल , शराब माफियाओं के हिसाब से संचालित हो रहा विभाग

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




मयखानों में मिलने वाली शराब दुकानों में उपलब्ध नहीं हो पा रही है। इसे बार लॉबी और आबकारी की मिली भगत करार देना गलत नहीं होगा। दरअसल, बार में जो ब्रांड परोसे जा रहे हैं वह शराब दुकानों में नहीं मिल रहे। जबकि, बार तक ब्रांड इन्हीं शराब दुकानों से पहुंच रहे हैं। सवाल खड़ा होता है कि आखिर क्यूं दुकान तक पहुंचने वाले शराब उपभोक्ताओं को उपलब्ध ब्रांड भी नहीं दिए जा रहे हैं। खासकर बीयर के मामले में यह पहलू ज्यादा देखने को मिलता है। इसके अलावा लिस्टेड ब्रांड्स की शराब भी दुकानों तक नहीं पहुंच पा रही है। शौकिनों को अपने ब्रांड के लिए बड़े शहरों का रुख करना पड़ता है।

गौरतलब है कि सरकार की ओर से शराब दुकानों का संचालन छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड करती है। यहां अलग-अलग मात्रा की पैकेजिंग वाले 112 तरह के बीयर बिक्री के लिए लिस्टेड हैं। इनमें से बमुश्किल कुछ ही ब्रांड लोगों तक पहुंच रहे हैं। मसलन बीरा, बडवाईज़र, किंगफिशर स्ट्रांग, कार्ल्सबर्ग, सिम्बा जैसे बीयर ही दुकानों तक पहुंचते हैं। गफलत ये है कि इनमें से अधिकतर बीयर सिर्फ बार में ही लोगों को मिल पाती है। दुकानों में बीयर में विकल्प लोगों को मिलते ही नहीं। उन्हें महज काऊंटर पर मौजूद बीयर ही उपलब्ध कराई जाती है। इसके इतर हमेशा दुकानों में मिलने वाली बीयर के अलावा दूसरे अन्य ब्रांड बार में मौजूद होते हैं।

बीयर की अलग-अलग जगहों पर अलग-अलग उपलब्धता बड़े सवाल खड़ा करती है। जैसे यह बारों को फायदा उठाने का एक सुनियोजित तरीका हो। दुकानों में मनचाहा ब्रांड न मिलने के चलते शराब प्रेमी मयखाने का रुख करने मजबूर हैं। बार में दुकान की कीमत से सौ से ज्यादा रुपए की ऊपरी चोट उपभोक्ताओं को लगती है। मौजूदा समय में शहर में 6 बार मौजूद हैं जहां शराब परोसी जा रही है। इनमें 3 स्टार बार और अन्य बारों में बीयर और शराब की कीमतों में अंतर है।

### शहर की दुकानों में दिक्कतें ज्यादा

शहर में अंग्रेजी शराब की तीन दुकाने हैं जिसमें एक प्रिमियम शॉप है। प्रिमियम शॉप में बीयर की बिक्री नहीं होती। यहां हाई रेंज की शराबें मिलती है। बहरहाल, बात बीयर की ही करें तो यहां एक वक्त पर एक ही ब्रांड की बीयर उपलब्ध होती है। इस पर भी मोहारा स्थित अंग्रेजी शराब दुकान में गर्म बीयर की ही बिक्री हो रही है। यहां काउंटर पर मौजूद कर्मचारी बताते हैं कि महिनों से यहां का फ्रिज खराब है और इसे अब तक दुरुस्त नहीं करवाया गया है। इन्हीं दोनों दुकानों से शराब बार तक पहुंचती है। दूसरी ओर दोनों ही दुकानों में लोगों की कतारें भी लंबी होती है। पर, बार में मिलने वाली बीयर दुकानों पर उपलब्ध नहीं होती। इसे लेकर उपभोक्ता जब आपत्ति दर्ज कराते हैं तो उन्हें 'लेना है तो लीजिए' के जवाब के साथ लौटा दिया जाता है।

### सोमनी, महाराष्ट्र जाने की मजबूरी

बीयर प्रेमियों की लिए समस्याएं काफी ज्यादा हैं। ऐसी स्थिति में लोग पहले तो सोमनी स्थित शराब दुकान की ओर रुख करते हैं। इनमें एक बड़ा वर्ग ऐसा भी है जो महाराष्ट्र से अपने लिए बीयर लेकर आते हैं। शराब की ब्रांड को लेकर भी मसला कुछ ऐसा ही है। कई शराबों की 180 एमएल की पैकेजिंग वाली शराब भी नहीं उपलब्ध नहीं होती। मसलन, रॉयल स्टेज़ का क्वार्टर लोगों को मिल ही नहीं पाता। ऐसे ब्रांड बहुत कम है जिनके क्वार्टर दुकानों पर उपलब्ध हों। ज्यादा मांग वाली शराबों को दुकानों में टोटा होता है। मजबूरन उपभोक्ता किन्हीं और शराब ब्रांडों की खरीद करते हैं।

### कीमत को लेकर भी पेंच

शिकायतें यह भी सामने आ रहीं हैं कि कुछ ब्रांड की शराब और बीयर एमआरपी से ज्यादा की दर पर दुकानों में बेची जा रही है। बीरा बीयर के केन की एमआरपी 140 रुपए है जबकि काउंटर में यह 170 रुपए में बेची जा रही है। हालांकि यह भी संभव है कि अतिरिक्त कर लगने के बाद दरें बढ़ीं हो और एमआरपी के प्रिंट के बाद दाम में बढ़ोतरी हुई हो लेकिन इसे लेकर लोगों में असमंजस की स्थिति है। इस संबंध में काउंटर में भी उपभोक्ताओं को कोई खास जानकारी नहीं मिल पा रही है। इन सभी मसलों को लेकर पायनियर ने सहायक आबकारी आयुक्त नवीन तोमर से बातचीत की कोशिश की लेकिन फोन पर उनसे संपर्क नहीं हो सका।

# पद्मश्री द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने आव्हान




■ पद्मश्री फूलबासन यादव द्वारा महिला समूहों को सम्मान

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

अंचल के ग्राम आरी में महिला सम्मान समारोह आयोजित की गई। सम्मान समारोह में महिलाओं की प्रेरणास्त्रोत पद्मश्री फूलबासन यादव विशेष तौर पर सम्मिलित हुई। समारोह में ब्लॉक की महिला स्वसहायता समूहों को सम्मानित किया गया। पद्मश्री ने महिला समूहों के माध्यम से अपने आप को और अपने परिवार को मजबूत करने के लिए संगठित होकर कार्य करने आव्हान किया। पद्मश्री श्रीमती यादव ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिये प्रोत्साहित किया। उक्त अवसर पर मां बम्लेश्वरी फाउंडेशन की सचिव मधुलिका रामटेके, जिला संगठक देवांगन, जनपद सदस्य श्रीमति मोनिका पुरुषोत्तम साहू, श्रीमति चिंतामणी सिन्हा, गिरधारी पटेल, एकलव्य साहू, महिला ग्राम संगठन समूह आरी कोनारी की सभी अध्यक्ष, सचिव और सदस्यों सहित अंचल की महिला समूहों की महिलाएँ व ग्रामवासी उपस्थित थे।

## विधायक मद से सीसीरोड व चबूतरा स्वीकृत



**डोंगरगांव नगर।** अंचल के ग्राम पंचायतों में विधायक मद से निर्माण कार्यों की स्वीकृति मिली है। विधायक की अनुशंसा पर जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत भटगुना के बघमार में 1.50 लाख चबूतरा निर्माण, खुसीर्पार 1.48 लाख सीसीरोड व परना में 1.42 लाख सीसीरोड की स्वीकृति दी गई है। इस आशय को लेकर सम्बंधितों को पत्र जारी किया गया है। क्षेत्र की जनपद सदस्य दीबिका साहू ने दैनिक पायनियर को बताया कि ग्रामीणों की मांग पर विधायक डोंगरगांव से उक्त कार्यों की मांग की गई थी। विधायक की अनुशंसा पर लगभग 4.40 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त कार्यों की स्वीकृति पर जनपद सदस्य दीबिका साहू, मुरली निषाद, नरेश यादव सहित सरपंचों ने मुख्यमंत्री, गृहमंत्री, प्रभारीमंत्री व विधायक दलेश्वर साहू के प्रति आभार जताया है।

# जीवन के लिए प्रकृति से जुड़ाव जरूरी : कलेक्टर





पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

कलेक्टर टोपेश्वर वर्मा ने नगर पालिका निगम राजनांदगांव द्वारा आयोजित पुष्प महोत्सव 2021 का आनंद वाटिका में शुभारंभ किया। अपने उद्बोधन में कलेक्टर वर्मा ने कहा कि शहर के आनंद वाटिका में आयोजित यह दो दिवसीय पुष्प महोत्सव विशेष है। यहां विभिन्न विभागों के स्टॉल तथा महिला स्वसहायता समूह स्टॉल लगाए गए हैं। लोग स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हुए हैं और योग के प्रति भी चेतना बढ़ी है। शहर में उद्यान की संख्या बढ़ी है। उन्होंने कहा कि शहर में केवल सड़क और कांक्रीट के भवन होना ठीक नहीं है, बल्कि प्रकृति के प्रति झुकाव होना चाहिए।

उन्होंने आगे कहा कि नगर निगम आयुक्त चंद्रकांत कौशिक ने शहर के विभिन्न स्थानों में पौधरोपण करवाएं है, जिसका असर अब दिखने लगा है। आज यहां फूल से बने पशु-पक्षी लोगों के आकर्षण का केन्द्र है। यहां सभी लोग सेल्फी ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को फूलों की खेती करने के लिए प्रोत्साहित करने की जरूर है। बहुत से शासकीय योजनाओं के तहत किसान गेंदे, रजनीगंधा एवं गुलाब की खेती कर सकते हैं, जिससे उनके आय में बढ़ोत्तरी होगी। जिले में उन्नत कृषक है और उन्हें फूलों की खेती करने के लिए प्रोत्साहित करने की जरूरत है। पुलिस अधीक्षक डी श्रवण ने कहा कि सुंदर फूलों को देखकर खुशी होती है और आज यहां नगर निगम आयुक्त ने आनंद वाटिका में रूचि लेकर पुष्प महोत्सव का आयोजन किया है। यहां बर्थडे पार्क भी बनाया गया है। पुष्प महोत्सव में शीत ऋतु के बहुत से फूल देखने को मिल रहे हैं, जो बहुत ही अद्भुत लग रहे हैं। उन्होंने नगर निगम, उद्यानिकी विभाग एवं सभी विभागों को ऐसे आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी।

## सांसद ने रखी छत्तीसगढ़ी भाषा में टीवी प्रसारण की मांग

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




सांसद संतोष पांडेय ने शुक्रवार को लोकसभा में शून्यकाल के दौरान छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति को प्रसारण माध्यम में प्रोत्साहित किए जाने की मांग की है। सांसद संतोष पांडेय ने लोकसभा में छत्तीसगढ़ राज्य गीत 'अरपा पैरी के धार' से अपने भाषण की शुरुआत की. सांसद संतोष पांडेय ने कहा कि जिस प्रकार पूरे विश्व में भारत माता का दर्जा दिया गया है. वैसे ही छत्तीसगढ़ को माता का दर्जा मिला हुआ है.

सदन में संतोष पांडेय ने कहा कि जिस प्रकार अयोध्या भगवान श्रीराम की जन्मभूमि है. उसी प्रकार माता कौशल्या की जन्मभूमि छत्तीसगढ़ है. छत्तीसगढ़ को अपनी भाषा चाहिए. सरगुजा से बस्तर तक 2 करोड़ लोग छत्तीसगढ़ी बोली में बात करते हैं. छत्तीसगढ़ी भाषा में समाचार प्रसारित किया जाए.

उन्होंने केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री से छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति को प्रोस्ताहित करने के लिए छत्तीसगढ़ी भाषा में प्रसारण माध्यम में प्रसारित किए जाने की मांग की है. जिस पर केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने सदन में कहा कि भारतीय भाषाओं की सम्मान केंद्र सरकार की नीति है. उन्होंने कहा कि इसके बारे तत्काल क्या किया जा सकता है, इस पर विचार करेंगे, जल्द ही वे इस मांग को पूरा करने का प्रयास करेंगे।

### राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता आज

**राजनांदगांव।** नगर और जिले की खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने एवं खिलाडियों की प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 15 फरवरी को किया जा रहा है। स्व. अभिलेख अग्रहरी की स्मृति में आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिता का यह दूसरा वर्ष है। उल्लेखनीय है कि यह प्रतियोगिता जिले के प्रतिभावान तीरंदाजी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के साथ साथ प्रदेश भर के खिलाडियों में खेल भावना एवं अनुशासन को विकसित करने के लिए की जाती है। उक्त आयोजन में राज्य भर से करीब 150 खिलाडियों के जुटने की सम्भावना है। जिला व पुलिस प्रशासन, स्वाति स्पोर्ट्स, अभिलेख वेलफेयर फाउंडेशन के सौजन्य व सहयोग से यह प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है।

# दवाओं का अवैध व्यापार, बड़ा खतरा साबित हो रहे झोलाझाप डॉक्टर

■ एच1 ड्रग के इस्तेमाल पर नहीं कस पा रही नकेल

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



कोरोना नियंत्रण, जांच मरीजों की पहचान से लेकर अब कोरोना के टीकाकरण के नाम पर स्वास्थ्य विभाग की व्यस्तता झोलाछाप डॉक्टरों के लिये बेहद फायदेमंद साबित हो रही है। पूरे इलाके में पहले से फल फूल रहे अवैध क्लिनिकों का काम खुलेआम धड़ल्ले से चल रहा है। घुमका क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरो के खिलाफ अब तक कोई बड़ी कार्यवाही नहीं हो पाने से इस अवैध कारोबार का जाल फैला हुआ है। विभाग भी हाथ पर हाथ धरे बैठा है।

हाइकोर्ट की सख्त चेतावनी के बाद भी इलाके में झोलाछाप डॉक्टरों की दुकानदारी बन्द नहीं हो पायी है। इन अपंजीकृत अवैध चिकित्सकों के गलत इलाज से कई मरीजों की जान जा रही है। कई मरणासन्न हालत में पहुंच गए हैं तो अधिकांश मरीजों को स्थायी तौर पर जीवन भर के लिए निःशक्त होना पड़ रहा है। स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन के ढिलाई से झोलाछाप क्लिनिक बेधड़क संचालित हो रहे हैं।

झोलाछाप डॉक्टर की इसी तरह की करतूत के चलते डेढ़ महीने पहले खैरागढ़ में बवासीर के गलत इलाज और प्रतिबंधित एच1 ड्रग के उपयोग से एक युवक की मौत हो गई। जबकि पूर्व में बीते साल क्षेत्र के मासूल और सलोनी में झोलाछाप डॉक्टरों के इलाज से एक महिला समेत कई मरीजों की हालत बुरी तरह बिगड़ गई थी। स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के चलते दोनो अवैध डॉक्टरों पर कोई भी कार्यवाही नहीं हो पायी।

### दर्जनों गांवों में अवैध क्लिनिक

खबरों के अनुसार गोपालपुर, गिधवा, मुड़पार, उपरवाह, हरडुवा, कलेवा, खैरा,पटेवा और घुमका में झोलाछाप अवैध क्लिनिक का खुलेआम संचालन हो रहा है। कोविड प्रोटोकाल को ताक पर रखकर बगैर किसी सावधानी के भीड़भाड़ में ही इलाज चलने की शिकायतें मिलती रही है। इसके चलते झोलाछाप डॉक्टरों के कारोबार को स्वास्थ्य विभाग की खुली छूट समझा जा रहा है। जबकि हाइकोर्ट के फटकार के बाद स्वास्थ्य विभाग ने पूरे क्षेत्र के झोलाछाप डॉक्टरों की सूची भी तैयार कर लिया रखी है। परंतु अभी तक कार्यवाही नही हो पायी है।

### विभागीय लोग भी शामिल

खैरा, कलेवा में भी इसी तरह से खुलकर अवैध क्लिनिक का संचालन हो रहा है। जबकि कलेवा और खैरा में स्वास्थ्य विभाग के ग्रामीण स्वास्थ्य रक्षक और कलेवा में बहुउद्देशीय कार्यकर्ता पर ही अवैध क्लिनिक संचालन का आरोप लगाया जा रहा है। वहीं घुमका के झोलाछाप डॉक्टर के नजदीकी रिश्तेदार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ होने से विभाग के अधिकारी भी कार्यवाही से हाथ खींच रहे हैं। पूरे क्षेत्र में बेधड़क अवैध क्लीनिक में प्रतिबंधित एच1 ड्रग का उपयोग किया जा रहा है। इस तरह के गलत इलाज और दवाइयों से मरीजों की मौत हो रही है। इसके बावजूद औषधि प्रशासन विभाग की कार्यवाही नही होने को लेकर मोटे लेनदेन की आशंका जताई जा रही है। जबकि क्षेत्र के अधिकांश झोलाछाप डॉक्टरों को मोटी रकम के बदले थोक में ड्रग लाइसेंस भी दिया गया है और जिससे इस तरह के अवैध कारोबार को रोकना मुश्किल दिख रहा है।

### छापे के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

पूरे विभाग की जानकारी में समीपस्थ भरदाखुर्द में रोजाना हजारों रुपये का अवैध कारोबार कर रहे कथित आयुर्वेद चिकित्सक के खिलाफ कार्यवाही के बजाय छूट देने का आरोप भी विभाग पर लग चुका है। वहीं घुमका में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निकट में ही लम्बे समय से एक झोलाछाप डॉक्टर का कारोबार तमाम स्वास्थ्य अधिकारियों के सामने खुलेआम संचालन पर भी कार्यवाही तक नही हो पायी है। तब अंदरूनी ग्रामीण अंचलों की हालत का अंदाजा लगाया जा सकता है।

## जोशीलमती संकुल बना 11वां स्मार्ट शाला संकुल, सेवानिवृत्त प्रधानपाठक, संकुल समन्वयक सहित शिक्षक हुए सम्मानित

# संस्कार के बिना शिक्षा किसी काम का नहीं : छन्नी साहू

पायनियर संवाददाता ◄ छुरिया
www.dailypioneer.com

गत 13 फरवरी को शिक्षकों एवं ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में संकुल स्तरीय स्मार्ट शाला का लोकार्पण समारोह आयोजित कर कोलिहालमती में 12 प्राथमिक शाला एवं 8 पूर्व माध्यमिक शाला सहित कुल 20 शालाओं हेतु स्मार्ट टीवी का लोकार्पण किया गया। इसके साथ ही जोशीलमती संकुल छुरिया विकास खंड का 11वां स्मार्ट शाला संकुल बनाया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त प्रधान पाठक डी.एल.चन्द्रवंशी को भावभीनी बिदाई दी गयी ।

कार्यक्रम की मुख्यअतिथि विधायक छन्नी चन्दू साहू थीं। अध्यक्षता सरपंच प्यारे लाल मंडावी ने की। विशेष अतिथि ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रितेश जैन ,जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव प्रकाश शर्मा,ब्लाक महिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चन्द्रिका वर्मा, जनपद सदस्य द्वय भुनेश्वरी साहू एवं संध्या चन्द्रवंशी, कांग्रेस के सेक्टर प्रभारी भीखम देवांगन, ब्लाक सरपंच संघ के अध्यक्ष धर्मेन्द्र साहू, ब्लाक कांग्रेस कमेटी के प्रवक्त। विजय भारतद्वाज, ग्रामपटेल तामेश्वर साहू, समाजसेवी द्वय राजूसिंह राजपूत एवं अफजल खान,विकास खंड शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी ,विकास खंड स्रोत समन्वयक संतोष पाण्डे, सेवानिवृत्त प्रधान पाठक डी.एल. चन्द्रवंशी सरपंच गण मनोज निषाद, बालमुकुन्द कुंजाम, मुलेश्वरी श्याम, घनश्याम साहू, बसन्त सिन्हा,गीता बघेल, रमशीला साहू, ग्रामपटेल द्वय दयादास चन्द्रवंशी एवं प्यारे लाल चन्द्रवंशी रहे।



### आधुनिक शिक्षा के माध्यम से आएगी क्रांति

सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक छन्नी चन्दू साहू ने कहा कि शिक्षा महत्वपूर्ण पूंजी है। आधुनिक शिक्षा के माध्यम से विचार क्रांति लायी जा सकती है। स्मार्ट टीवी के माध्यम से पढ़ाई करने से शिक्षा रूचिकर हो जाती है। स्मार्ट टीवी के माध्यम से पढ़ाई करने वाले बच्चों का नवोदय एवं एकलव्य जैसे उत्कृष्ट विद्यालय हेतु आसानी से चयन हो जाता है। शिक्षा के साथ संस्कार भी आवश्यक है। संस्कार के बिना शिक्षा किसी काम काम की नहीं है। श्रीमती साहू ने सेवानिवृत्त प्रधानपाठक डी.एल.चन्द्रवंशी के अच्छे स्वास्थ्य एवं दीघार्यु होने की कामना की तथा पंचायत भवन निर्माण,ओपन जिम एवं 8मिडिल स्कूल हेतु कम्प्यूटर सेट प्रदान करने की घोषणा की।

**समस्याएं भी रखी सामने :** सरपंच प्यारे लाल मंडावी ने स्थानीय समस्याओं से अवगत कराकर विधायक से निराकरण की मांग की तथा कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शिक्षकों एवं ग्रामवासियों की प्रशंसा की। सभा को विशेष अतिथि रितेश जैन, प्रकाश शर्मा, भुनेश्वरी साहू, डी.एल.चन्द्रवंशी, किसान नेता चन्दू साहू ,कल्लूबंजारी संकुल समन्वयक दिनेश कुरेटी एवं बीमा अभिकर्ता पूनाराम सिन्हा ने भी संबोधित कर शिक्षा को मनुष्य के अच्छे जीवन के लिए अतिआवश्यक बताया।

इस अवसर पर सेवानिवृत्त प्राचार्य पी.आर.चन्द्रवंशी, संकुल समन्वयक गण वीरेन्द्र तिवारी, दिनेश कुरेटी, दिग्विजय नेताम, भूषण वाडेकर, वीरेन्द्र साहू, नाथूराम सूर्यवंशी, हेमंत उके, लेखराम पिस्दा, आनंद निषाद प्रधानपाठकगण संतराम सिदार,रेखूराम भुआर्य, उत्तम साहू, यशवंत रामटेके, मुन्नालाल साहू, पूनाराम माहेश्वरी, पुरानिक देवांगन, रामकुमार चन्द्रवंशी, शंभूदयाल नायक, सुरेश साहू, राजकुमार साहू, गजेन्द्र कहिरबा, अंकालू चन्द्रवंशी, नरेश नेताम, योगेश सोनी, राजन मंडावी, सेवाराम पाटिल, नरेन्द्र चतुवेदी, मुनेश्वर झा, जगबीर जामुर्या, खुमन चन्द्रवंशी, केदारनाथ जोगी, स्नेहलता जोगी गौकरण सिन्हा सहित जोशीलमती संकुल के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। उक्त जानकारी संकुल समन्वयक वीरेन्द्र तिवारी ने दी ।

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक**
202102092200010/202102092200010
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
विषय-अ-6 सन-2020-2021
**बधियाटोला प.ह.नं. 00023 [ 19/13(0.0610 हे.) ]**
पक्षकारों का विवरण : आवेदक पक्षकार-
अनावेदक पक्षकार- श्रीमती जे. पदमावती,

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक वेदराम ताम्रकार पिता समलिया प्रसाद ताम्रकार जाति तमेर निवासी ग्राम लाल बहादुर नगर तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि अनावेदिका श्रीमती जे.पदमावती पति बलराम रेडडी जाति तेलगू निवासी ग्राम वार्ड नं. 09 कालकापारा डोंगरगढ़ के नाम से वार्ड नं. 03 टिकरापारा बधियाटोला प.ह.नं. 38 में खाता क्रमांक 230 में ख.नं. 19/13 में से रकबा 0.031 हे. भूमि स्थित है जिसे आवेदक द्वारा विक्रय पत्र के माध्यम से दिनांक 01.09.2018 को क्रय किया गया है। अतः आवेदक द्वारा उपरोक्त वाद भूमि पर से भूमिस्वामी/ विक्रेता का नाम विलोपित कर अपना नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है। 7879090057

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 22.02.2021 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02.02.2021 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
डोंगरगढ़ (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक**
202102092200011/202102092200011
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
विषय-अ-6 सन-2020-2021
**बधियाटोला प.ह.नं. 00023 [ 19/13(0.0610 हे.) ]**
पक्षकारों का विवरण : आवेदक पक्षकार- सालिनी ताम्रकार,
अनावेदक पक्षकार- श्रीमती जे. पदमावती,

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सालिनी ताम्रकार पिता बाबूलाल ताम्रकार जाति तमेर निवासी ग्राम वार्ड नं. 23 ठेठवार पारा डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि अनावेदिका श्रीमती जे.पदमावती पति बलराम रेडडी जाति तेलगू निवासी ग्राम वार्ड नं. 09 कालकापारा डोंगरगढ़ के नाम से वार्ड नं. 03 टिकरापारा बधियाटोला प.ह.नं. 38 में खाता क्रमांक 230 में ख.नं. 19/13 में से रकबा 0.030 हे. भूमि स्थित है जिसे आवेदक द्वारा विक्रय पत्र के माध्यम से दिनांक 01.09.2018 को क्रय किया गया है। अतः आवेदिका द्वारा उपरोक्त वाद भूमि पर से भूमिस्वामी/ विक्रेता का नाम विलोपित कर अपना नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है। 7879090057

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 22.02.2021 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02.02.2021 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
डोंगरगढ़ (छ.ग.)

## क्विक न्यूज

### केंद की मोदी सरकार के बजट पर संगोष्ठी आयोजित किया गया

**बेमेतरा।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय बेमेतरा में केंद्र सरकार के बजट पर पत्रकारों, बुद्धजीवियों से परिचर्चा में मुख्यवक्ता के रुप में प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा उपस्थित थे। शर्मा ने केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा पारित 2021 बजट के बारे में विस्तार से जानकारी दी बजट की तारीफ करते हुए कहा कि यह बजट नये भारत के निर्माण का,आत्मनिर्भर भारत, स्वस्थ भारत,मजबूर भारत,पूरे विश्व की आशा और उम्मीदों का केंद्र भारत का बजट है यह बजट मोदी के मन्त्र आपदा में अवसर पैदा करने वाली है यह बजट आत्मनिर्भर भारत का विजन है ऐतिहासिक और समावेश बजट है। बजट का सबसे बड़ा पहलू वास्तव में कोविड वैक्सीन ही है वैक्सीन के लिए 35 हजार करोड़ का प्रावधान रखा गया है लेकिन दुःखद व निंदनीय है की छ ग सरकार इस पर गन्दी राजनीति कर रही है। कृषि के लिए वर्तमान वित्तीय वर्ष में धान खरीदी के लिये 1लाख 72 हजार करोड़ का भुगतान होगा ईएनएएम के लिए 1000 नई अत्याधुनिक मंडिया का प्रावधान है।

# बिलासपुर के नागरिकों ने लोकवाणी को सुना, सड़क, बिजली और सिंचाई संसाधनों के नेटवर्क को पूरा करने पर जोर

- **राज्य के बहुमूल्य संसाधनों का उपयोग करके छत्तीसगढ़ के लोग भी समृद्ध और खुशहाल बने : सीएम भूपेश**

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपनी रेडियोवार्ता लोकवाणी की 15 वी कड़ी में आज उपयोगी निर्माण, जनहितैषी अधोसंरचनाएं, आपकी अपेक्षाएं विषय पर प्रदेशवासियों से बातचीत की। इसका प्रसारण आज सुबह 10.30 बजे से 11 बजे के बीच आकाशवाणी एवं क्षेत्रीय समाचार चैनलो के जरिए किया गया। मुख्यमंत्री श्री बघेल की रेडियो वार्ता लोकवाणी को बिलासपुर जिले के बिल्हा विकासखंड के ग्राम पंचायत पौंसरी निवासियों ने तन्मयता से सुना। मुख्यमंत्री ने अपनी रेडियो वार्ता में कहा कि छत्तीसगढ़ के लोग भी समृद्ध और खुशहाल बने। उन्होंने कहा कि गांव गांव में महिला स्व सहायता समूह तथा प्रतिभावान युवाओं के नवाचार से प्रदेश में समृद्धि और खुशहाली के नए रास्ते बनाने की शुरुवात हो चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गौठान बहुयामी, सांस्कृतिक, आर्थिक गतिविधियों के केंद्र बन रहे हैं। राज्य की सिंचाई क्षमता दोगुनी करने के लिए प्रदेश की नई जल संसाधन नीति तैयार करने का काम पूरा हो चुका है। राज्य सरकार ने स्कूल शिक्षा में गुणवत्ता सुधार का रोड मैप बनाया है। उन्होंने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देकर स्थानीय विकास को गति देने और रोजगार के नए अवसर सृजित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। विकासखंड बिल्हा के ग्राम पंचायत पौंसरी में ग्रामीणों ने लोकवाणी की इस कड़ी को उपयोगी बताया। उन्होंने कहा कि इससे उन्हें बहुत लाभप्रद जानकारी मिली है। श्रीमती रानी चतुर्वेदी, श्रीमती कपूर पटेल, श्रीमती उर्मिला लहरे, श्रीमती पुष्पा विश्वकर्मा एवं रवि धृतलहरे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने लोकवाणी को सुना।

# सीएचसी पुसौर के नवनिर्माण के लिए मिले एक करोड़



पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

कलेक्टर भीम सिंह की पहल पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पुसौर का नवनिर्माण किया जा रहा है। जिसके लिए एनटीपीसी लारा ने शनिवार को एक करोड़ पांच लाख साठ हजार रुपये की धनराशि जारी की है। कलेक्टर भीम सिंह को एनटीपीसी लारा के मुख्य महाप्रबंधक टी प्रेमदास ने धनराशि का चेक सौंपा। गौरतलब है कि कलेक्टर भीम सिंह जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के उन्नयन के लिए लगातार कार्यरत हैं। सीएसआर मद से जिले के प्रमुख शासकीय अस्पतालों का कायाकल्प करने की विस्तृत योजना तैयार कर कार्य किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत पुसौर में 2.64 करोड़ के बजट से नए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण किया जा रहा है। यह राशि एनटीपीसी लारा द्वारा उपलब्ध कराई जा रही है। जिसकी आज पहली किश्त जारी की गई। उपरोक्त राशि का व्यय भवन निर्माण एवं चिकित्सा उपकरणों की खरीदी के लिए किया जाएगा। इससे समस्त पुसौर तहसील के लोगों को इलाज के लिए बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिलेगी। एनटीपीसी लारा की ओर से मुख्य महाप्रबंधक टी प्रेमदास ने रायगढ़ कलेक्टर को एक करोड़ पांच लाख साठ हजार रुपये का चेक प्रदान किया। इस अवसर पर मानव संसाधन विभाग से आलोइस तोपनो, सुजिता रथ, शकील अहमद, सनी सेठ व अभिषेक भेंगरा मौजूद थे।

## छत्तीसगढ़ में माओवादियों द्वारा पत्रकारों के खिलाफ दिए गए बयान की जनर्लिस्ट वेलफेयर यूनियन ने की कड़ी निंदा

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में बस्तर के पत्रकारों लीलाधर राठी और गणेश मिश्रा के खिलाफ 12 फरवरी को माओवादियों द्वारा जारी किये गए नामजद पर्चे में जारी बयान की छग जर्नलिस्ट



वेलफेयर यूनियन ने कड़ी निंदा की है तथा छत्तीसगढ़ जनर्लिस्ट वेलफेयर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष अमित गौतम ने माओवादियों के बयान की निंदा करते हुए एवं पत्रकारों के विरुद्ध दिए गए बयान पर अपनी कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है अब समय है, जब सभी संघ आ संगठनों के पत्रकारों को एक होने की जरूरत है, ताकि कोई भी देश के चौथे स्तंभ पर तिरछी आंख उठाकर ना देख सके,इस मामले को लेकर होने वाले धरना- प्रदर्शन आंदोलन में छग जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन हिस्सा लेगी और गलत के खिलाफ अपनी आवाज निश्चित तौर पर बुलंद करने की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी।

# जयरामनगर सरंपच चुनाव विवाद पहुंचा हाई कोर्ट, डिवीजन बेंच ने मस्तूरी एसडीएम को जारी किया नोटिस

- **छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के डिवीजन बेंच ने मस्तूरी एसडीएम को चुनाव विवाद का नियमानुसार निराकरण करने जारी किया फरमान**

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का विवाद अब हाई कोर्ट पहुंच गया है। ग्राम पंचायत जयरामनगर में हुए पंचायत चुनाव और परिणाम को लेकर बीते एक वर्ष से चर्चा चल रही है। लीलाबाई शर्मा ने आरोप लगाई थी कि मतगणना के दौरान मतपत्रों की गिनती में गड़बड़ी और रिजेक्ट वोटों को सही बताते हुए उसे जानबुझकर कर पराजित कर दिया गया था। निचली अदालत में सच सामने आया और उसे विजयी घोषित किया गया। गिरजा देवी अब हाई कोर्ट पहुंच गई है। उसने एसडीएम के फैसले को हाई कोट के डिवीजन बेंच के समक्ष चुनौती दी है। मामले की सुनवाई के बाद डिवीजन बेंच ने मस्तूरी एसडीएम को नोटिस जारी कर चुनाव आयोग के मापदंडों और गाइड लाइन के अनुसार प्रकरण का निराकरण करने का निर्देश जारी किया है। वर्ष 2020 में प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव हुआ था। ग्राम पंचायत के अलावा जनपद व जिला पंचायत सदस्यों के लिए वोट डाले गए थे। चुनाव के दौरान ग्राम पंचायत जयरामनगर के पंचायत चुनाव की चर्चा भी जोरशोर से हो रही थी। दोनों ही उम्मीदवारों ने चुनाव को प्रतिष्ठा से जोड़ लिया था। प्रचार प्रसार में एक दूसरे को टक्कर देने के साथ ही मतदान के दौरान विवाद की स्थिति भी बनी थी। मतगणना के दौरान यह और भी गहरा गया था। मतगणना के बाद गिरजा देवी अग्रवाल को पीठासीन अधिकारी ने विजयी घोषित कर दिया था। इसे लीलाबाई शर्मा ने मस्तूरी एसडीएम के समक्ष चुनौती दी थी। पुनर्गणना के बाद मस्तूरी एसडीएम ने 26 वोटों से विजयी घोषित कर दिया। एसडीएम के आदेश के साथ ही सरपंच की कुर्सी की अदला-बदली हो गई। एसडीएम के फैसले को चुनौती देते हुए गिरजा देवी अग्रवाल ने अपने वकील के जरिए हाई कोर्ट में याचिका दायर कर दी है। मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस पीआर रामचंद्र मेनन व जस्टिस पीपी साहू के डिवीजन बेंच में हुई। प्रकरण की सुनवाई के बाद डिवीजन बेंच ने मस्तूरी एसडीएम को नोटिस जारी कर आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार प्रकरण का निराकरण करने का आदेश जारी किया है।

# स्व. श्यामा चरण शुक्ल की मनाई गई 14 वीं पुण्यतिथि

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com



जिला शहर कांग्रेस कमेटी ने 14 फरवरी को मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व श्यामा चरण शुक्ल की 14 वी पुण्यतिथि कांग्रेस भवन में मनाई और उनकी छाया चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई, इस अवसर पर हरीश तिवारी, सैय्यद जफर अली ने कहा कि श्यामा चरण शुक्ल एक निष्ठावान ,कर्तव्यपरायण और कांग्रेस के सच्चे सिपाहि थे, 12 वर्ष तक कांग्रेस से बाहर रहे पर कभी भी अन्य पार्टी से नहीं जुड़े, तीन बाद मुख्यमंत्री होते हुए भी सादगी जीवन और कार्यकर्ताओं से विशेष लगाव रखते थे, श्यामा चरण शुक्ल किसानों के हितैषी और शुभचिंतक थे ,उन्होंने कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए नहर और बांधो की जाल बिछाया, बढ़ते शहरीकरण के लिए निश्चित प्लानिंग से शहर के विकास के लिए कंट्री एंड टाउन प्लानिंग का गठन किया, श्यामा भैय्या का मानना था राज्य की समृद्धि, विकास और रोजगार के लिए कृषि को बढ़ावा देना जरूरी है, आज छत्तीसगढ़ सरकार रिकॉर्ड 92.50 मीट्रिक टन धान खरीद रही है ,उसमे कहीं न कहीं श्यामा भईय्या की दूरगामी सोच का परिणाम भी है । कार्यक्रम को ऋषि पांडेय, विनोद साहू, एस एलरात्रे, ब्रजेश साहू, हेमन्त दूघस्कर, चन्द्र शेखर मिश्रा ने भी सम्बोधित किया कार्यक्रम में, सुभाष ठाकुर, आशा सिंह, त्रिभुवन कश्यप, मनोज शर्मा, पूना कश्यप, रामचन्द्र क्षत्रिय,अजय साहू, सूर्यमणि साहू, अजय पन्त, भरत जुर्यनी, अनिल मानिकपुरी, अजय काले, जिनेश जैन, राजेश शर्मा, उमेश मौर्य, दीपक रायचूर आदि उपस्थित थे।

# पूंजीपथरा पुलिस ने फिर पकड़ा अवैध कबाड़

- **ट्रक में लोड 17 टन कबाड़ जब्त**

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

मुखबिर की सूचना पर पूंजीपथरा पुलिस ने कबाड़ के अवैध परिवहन पर कार्रवाई करते हुए ट्रक में लोड 17 टन स्क्रेप जब्त किया है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार को पूंजीपथरा पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा माह 2021 अन्तर्गत वाहन चालकों के लिए निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन जिंदल ट्रामा सेंटर में किया गया था।

थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक कृष्णकांत सिंह एवं स्टाफ शिविर में व्यवस्था बनाने में लगे थे। इसी दरमियान पूंजीपथरा टीआई कृष्णकांत सिंह को मुखबिर से सूचना मिली की घरघोड़ा से पूंजीपथरा की ओर ट्रक क्रमांक सीजी 04 एम.ई.- 9603 में चोरी की हुई मशीनरी पार्ट्स के टुकड़े, ऐंगट, पाईप, चद्दर, टीना आदि कबाड़ समान अवैध रूप से बिक्री के लिए लाया जा रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी द्वारा कार्रवाई सहायक उपनिरीक्षक चंदन सिंह नेताम, प्रधान आरक्षक अमित तिर्की, आरक्षक बालचंद राव, धर्मेंद्र ठाकुर, विद्याधर सिदार को कार्यवाही के लिए रवाना किया गया। स्टाफ द्वारा गवाहों के साथ पूंजीपथरा चौक के पास नाकेबंदी कर घरघोड़ा से आ रही वाहनों पर ताक लगाए हुए थे।



तभी मुखबिर द्वारा बताए गए ट्रक क्रमांक सीजी 04 एम.ई. - 9603 को रोका गया। ट्रक के चालक प्रवीण कुमार पिता जय मसीह उम्र 26 साल का गरबुडाड़ थाना कुरडेग जिला सिमडेगा (झारखंड) से ट्रक में लोड कबाड़ के संबंध में कागजात की मांग की गई, वाहन का चालक कोई कागजात नहीं होना बताया। पूंजीपथरा पुलिस द्वारा ट्रक में लोड स्क्रैप चोरी का होने के संदेह पर कांटाघर ले जाकर वजन कराया गया ट्रक में लोड कबाड़ का वजन 17.0410 कीमती 5,64,955 को धारा 41(1.4) सीआरपीसी/379 आईपीसी के तहत जप्त कर आरोपी प्रवीण कुमार के विरुद्ध धारा 41(1.4) सीआरपीसी/379 आईपीसी की कार्रवाई कर रिमांड पर भेजा गया है।

# निजी नर्सिंग होम में लगाना होगा रोस्टर चार्ट

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

स्वास्थ्य विभाग ने निजी अस्पतालों की मनमानी पर नकेल कसने की तैयारी कर ली है। निजी हॉस्पिटल संचालकों द्वारा हिडेन चार्ज बता कर मरीजों से मनमानी शुल्क वसूल की जाती है । यही कारण है कि लोग निजी अस्पतालों में इलाज कराने से पहले सोचते हैं , लेकिन अब ऐसा संभव नहीं हो पाएगा। स्वास्थ्य विभाग ने निर्देश जारी करते हुए सभी निजी अस्पतालों को मरीज के इलाज की जानकारी डिस्प्ले करने के निर्देश दिए हैं। सिर्फ मरीज संबंधी जानकारी ही नहीं बल्कि अस्पताल में रोस्टर अनुसार मौजूद डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ की जानकारी भी प्रदर्शित करनी होगी। अक्सर निजी अस्पतालों में मरीज के परिजनों से नियमित अंतराल पर भारी भरकम फीस जमा कराई जाती है लेकिन यह रकम किस लिए ली जा रही है इसकी जानकारी तक परिजनों को नहीं होती। बाद में भी भारी भरकम बिल थमा दिया जाता है। इस पर नकेल कसने के लिए सीएमएचओ डॉ प्रमोद महाजन ने सभी निजी अस्पताल संचालकों को उपचार और ड्यूटी रोस्टर का प्रदर्शन करने का निर्देश दिया है। अब मरीजों की ओपीडी परामर्श शुल्क, लैब जांच शुल्क, सोनोग्राफी, एक्सरे , सीटी स्कैन, फिजियोथैरेपी , पंचकर्म, बेड चार्ज, नर्सिंग केयर शुल्क, चिकित्सक शुल्क, ऑपरेशन शुल्क , आईपीडी उपचार आदि की जानकारी प्रदर्शित करनी होगी। इतना ही नहीं मरीजों को उपचार के दौरान होने वाले संभावित खर्च एवं उपचार की सभी प्रक्रिया और अनुमानित भर्ती दिवस भी बताना होगा। उपचार के दौरान संभावित जटिलताओं का विवरण भी परामर्श के दौरान ही आवश्यक रूप से मरीज और उसके परिजनों को देने कहा गया है।

# विभागीय क्रिकेट व बैडमिंटन स्पर्धा का हुआ शुभारंभ

- **सीएमएचओ की टीम पहुंची फाइनल में**

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



कोरोना काल की थकान को दूर करने और स्वास्थ्यकर्मियों के मानसिक तनाव को दूर करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग का विभागीय क्रिकेट एवं बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ शनिवार को हुआ। इस अवसर पर जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसएन केसरी, सभी कार्यक्रमों के नोडल अधिकारी समेत सभी ब्लॉक के बीएमओ व अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे। स्वास्थकर्मी अपने परिवार समेत इस टूर्नामेंट को देखने आए थे। उद्घाटन के अवसर पर सीएमएचओ डॉ. एसएन केसरी ने कहा बहुत दिनों बाद स्वास्थ्य विभाग के सारे अधिकारी-कर्मचारी इकट्ठे हुए हैं और ऐसी बड़ी प्रतियोगिता हो रही है। यह हम सभी में एक नए उत्साह का संचार करेगी। आप सभी मन लगाकर खेलिए, बीता साल हमें बहुत कुछ सीखा कर गया है। अभी कोरोना खत्म नहीं हुआ है हमें और अधिक काम करना है। क्रिकेट मैच रायगढ़ स्टेडियम के क्रिकेट मैदान में तो बैडमिंटन इनडोर कोर्ट में खेला गया। विदित हो कि पहले दिन क्रिकेट के एक पूल के सभी मैच खेल लिए गए हैं जिसमें से सीएमएचओ कार्यालय की टीम फाइनल में पहुंची। बैडमिंटन में सीएमएचो डॉ. एसएन केसरी की टीम सेमीफाइनल में प्रवेश कर गई है।

**शिक्षा समाज की आत्मा है। आत्मा दूषित न हो इस बात का ध्यान समाज के प्रत्येक व्यक्ति को करना है**

# अंगना में शिक्षा कार्यक्रम के तहत् बिलासपुर संभाग की महिला शिक्षिकाओं ने स्वप्रेरित होकर माताओं को प्रशिक्षित कर विद्यालय आने से पूर्व बच्चों को तैयार करने का उठाया बीड़ा

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

किसी देश के विकास का अंदाजा लगाना हो तो उस देश की प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था देखकर आप समझ सकते हैं कि इस देश का नींव, क्या चौतरफा और वास्तविक विकास प्राप्त कर सकता है। शिक्षा समाज की आत्मा है। आत्मा दूषित न हो इस बात का ध्यान समाज के प्रत्येक व्यक्ति को करना है। देशभर में विद्यालयों के संचालन न होने से घर बैठे बच्चों के लिये अध्यापन की व्यवस्था कराने हेतु कई प्रकार की योजनाओं का शुभारंभ हुआ। इसी में हमारे छत्तीसगढ़ सरकार ने सीजी स्कूल ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से पढ़ई तुंहर दुआर के रूप में एक बहु वैकल्पिक व्यवस्था विद्यार्थियों को मुहैया करा दी और आज वर्तमान में सभी कक्षाओं के बच्चों को ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन तरीके से अध्यापन कराया जाना सुनिश्चित किया जा चुका है, परंतु ऐसे विद्यार्थी जो अभी तक विद्यालय में अध्ययन से जुड़े ही नहीं और जो इस नई शिक्षा प्रणाली से भी बहुत दूर रह गए। ऐसे छोटे





बच्चों की जिम्मेदारी यदि उनकी माताओं को दी जाए तो वे आने वाले सत्र में बहुत कुछ सीख कर विद्यालय में आ सकते हैं। ऐसे बच्चों के लिए प्रदेश के कुछ स्वप्रेरित महिला शिक्षिकाओं की टीम ने अंगना म शिक्षा कार्यक्रम की शुरुआत की है, जिसमें माताओं को प्रेरित किया जाए कि आंगनबाड़ी और कक्षा एक के बच्चों को घर में ही उनकी प्रारंभिक शिक्षा की शुरुआत करें। जो साक्षर नहीं है उनके लिए शिक्षिकाएं व गांव के पढ़े-लिखे बच्चे वालंटियर बनकर सामने आने लगे। अंगना में शिक्षा कार्यक्रम में 4 वर्ष से 6 वर्ष तक के बच्चों को उनकी माताओं के द्वारा पढ़ाये जाने हेतु तैयार करने स्वप्रेरित महिला शिक्षिकाएं स्वयं से आगे बढ़कर कार्य कर रही हैं। जिसके अंतर्गत बिलासपुर संभाग के 6 जिले की बागडोर बलौदाबाजार जिले की शिक्षिका सीमा मिश्रा और बिलासपुर जिले की शिक्षिका सावित्री सेन ने प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के साथ संभाली है।

# सुपरवाइजर के लिए काम पर रखे व्यक्ति ने दी मोबाइल पर धमकी

- **शिकायत पर कोतवाली में जुर्म दर्ज**

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

मोबाईल पर धमकी देने के मामले में मिली शिकायत के बाद कोतवाली पुलिस ने माईनिंग खदान में काम करने वाले एक सुपरवाईजर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता प्रिंकल दास पिता स्व. मिकाइल दास उम्र 30 वर्ष निवासी प्यासा मैदान, वार्ड नं. 06, बडे रामपुर ढिमरापुर रायगढ़ द्वारा आज थाना कोतवाली में लिखित शिकायत इस आशय का प्रस्तुत किया कि इसने चन्द्रपुर के कटंगपाली माइनिंग खदान में सुपरवाइजर कार्य करने परमिंदर सिंह (राजू) को पंजाब से बुलवाया था। दिसम्बर 2020 में परमिंदर सिंह रायगढ़ आया, उसे चन्द्रपुर के स्थानीय धर्मशाला में रूकवाकर कटंगपाली खदान में सुपरवाइलर का काम करने भेजे। कुछ दिन बाद परमिंदर के बारे में जानकारी हुई कि वह बदमाश किस्म का है और चोरी के सिलसिले में सारंगढ़ पुलिस उसे पूछताछ के लिए बुलवाई थी। उसकी गतिविधि को देखते हुए उसे समझाये, वह सुधरने का नाम ही नहीं ले रहा था। जनवरी 2021 को चन्द्रपुर (कटंगपाली) से वापस रायगढ़ बुलाकर वापस पंजाब घर जाने का किराया देकर वापस जाने को बोले पर वह वापस पंजाब न जाकर सम्बलपुर अपने ससुराल चला गया । वहां से 25 जनवरी को मोबाइल पर कॉल कर काम लगाने के लिये बोला जिसे काम सोहेला विजयपुर (ओड़िसा) में चला रहा है बताए। दूसरे दिन 26 जनवरी को परमिंदर कॉल कर विजयपुर (ओडिसा) आने पर जान से मारने की धमकी देने लगा। शिकायतकर्ता के शिकायत पर परमिंदर सिंह के खिलाफ धारा 507 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# छत्तीसगढ़ के प्रथम वित्तमंत्री स्व. रामचंद्र सिंहदेव की जयंती पर स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने उनकी प्रतिमा का किया अनावरण'

## 'कुमार गार्डन एवं कुमार वाटिका का किया उद्घाटन'





पायनियर संवाददाता < कोरिया
www.dailypioneer.com

पंचायत एवं ग्रामीण विकास, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, बीस सूत्रीय कार्यान्वयन, वाणिज्यिक कर मंत्री टीएस सिंहदेव गत 13 फरवरी को कोरिया कुमार के नाम से विख्यात छत्तीसगढ़ के प्रथम वित्तमंत्री स्व रामचंद्र सिंहदेव की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए और उन्हें स्मरण किया। इस दौरान उन्होंने कोरिया जिले में स्व रामचंद्र सिंहदेव की स्मृति में नगरपालिका शिवपुर-चरचा में निर्मित कुमार गार्डन एवं नगर पालिका परिषद बैकुण्ठपुर में निर्मित कुमार वाटिका का उद्घाटन किया। इसके साथ ही उन्होंने यहां स्व. रामचंद्र सिंहदेव की प्रतिमा का भी अनावरण किया। कोरिया जिला आगमन पर स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव का आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर संसदीय सचिव एवं बैकुंठपुर विधायक अम्बिका सिंहदेव, मनेंद्रगढ़ विधायक डॉ विनय जायसवाल, नगर निगम चिरमिरी महापौर कंचन जायसवाल, कलेक्टर एसएन राठौर एवं पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सिंहदेव ने सर्वप्रथम नगरपालिका शिवपुर-चरचा में राजीव गांधी चौक का उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने स्व रामचंद्र सिंहदेव को समर्पित कुमार गार्डन का उद्घाटन कर यहां स्थापित उनकी प्रतिमा का अनावरण किया। जयंती अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सिंहदेव ने उपस्थित सभी लोगों को संबोधित करते हुए कोरिया कुमार को नमन किया एवं उनके जीवनकाल की विशिष्ट उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए उन्हें याद किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि जल प्रबंधन पर कोरिया कुमार की विशेषज्ञता का लोहा पूरे देश-दुनिया ने माना। कोरिया जिले के विकास में भी उनके योगदान को अपने संबोधन में स्मरण करते हुए सिंहदेव ने उनके जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। इसके बाद उन्होंने बैकुण्ठपुर में स्व रामचंद्र सिंहदेव को समर्पित कुमार वाटिका का उद्घाटन कर उनकी प्रतिमा का अनावरण किया।

# कबीर साहेब सभी के घट-घट में विराजमान: डॉ. महंत

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



मानिकपुरी पनिका समाज बसना के तत्वावधान में कबीर दर्शन यात्रा बसना से प्रारंभ होकर पिथौरा तेन्दूकोना बागबाहरा महासमुन्द होते हुए प्रमोद गुरु बालापीर धाम महादेव घाट पहुंचा, जहॉ विस् अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत सहित ओमप्रकाश मानिकपुरी, मोती दास, सुमित दास, श्रवण मानिकपुरी, मनोज मानिकपुरी, उमेंश दास महंत, प्रकाश मानिकपुरी आदि ने गर्मजोशी से स्वागत किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने बालापीर धाम में कबीर साहब के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित करते हुए चौकन्ना घोड़ा की समाधि में पुष्पांजलि अर्पित की। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने प्रमोद गुरु बालापीर धाम महादेव घाट पहुँच कर बसना क्षेत्र से पधारे सामाजिक जनो को संबोधित करते हुए कहा कि कबीर साहेब सभी के घट घट में विराजमान हैं उन्हें खोजने की आवश्यकता नहीं है। अंतर्मन से सद्गुरु को याद करें यही सार्थकता है। आपके यात्रा में, मै नहीं चलते हुए भी आप सभी के साथ चल रहा हूँ। आप सभी को शुभकामनायें देता हूँ। बालापीर धाम के मुखिया, पनिका समाज महासमिति के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश मानिकपुरी ने अपने संबोधन में कहा कि मानिकपुरी पनिका समाज बसना से निकाली गई यात्रा बहुत ही सुन्दर व सराहनीय है। इस यात्रा से समाज में जागरूकता आयेगी और साथ ही साथ कबीर दर्शन के प्रति समर्पण की भावना जागृत होगी। समाज की सेवा के लिए मै हमेशा तत्पर हूँ। सद्गुरु की कृपा से समाज की सेवा करना ही मेरा मुख्य उद्देश्य है। बालापीर धाम मानिकपुरी पनिका समाज का है,समाज के लिए हमेशा दरबार खुला है। इस अवसर पर सरल सरिता भजन मण्डली रायपुर के द्वारा कबीर भजन की प्रस्तुति दी गई। सुमधुर भजन का समाज के लोगों ने भरपूर आनंद उठाया। प्रातः कबीर दर्शन यात्रा का काफिला दामाखेड़ा के लिये रवाना हुआ। कबीर दर्शन यात्रा को ओमप्रकाश मानिकपुरी ने श्वेत झण्डा दिखाकर रवाना किया। उक्त अवसर पर प्रकाश मनिकपुरी , मनोज मानिकपुरी, श्रवण दास मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बसना के ब्लाक अध्यक्ष मलिन दास, शरण दास राजन, आनंद दास, शोभी दास, संतकुमार दास,सेवक दास दीवान सभी ने संयुक्त रूप से आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन मानिकपूरी समाज के युवा प्रदेश अध्यक्ष सुमीत दास महंत ने किया।

# चंद्राकर ने प्रदेश प्रभारी को सवन्नी विवाद मामले में दी सफाई



**रायपुर।** पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने रविवार को प्रदेश प्रभारी डी पुरंदेश्वरी से मुलाकात की। खबर है कि चंद्राकर ने पिछले दिनों प्रदेश महामंत्री भूपेन्द्र सवन्नी से विवाद पर अपनी तरफ से सफाई दी है। साथ ही उन्होंने प्रदेश संगठन के पदाधिकारियों की भी शिकायत की। सवन्नी ने अभी प्रभारी के समक्ष अपना पक्ष क्या रखा है इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। गौरतलब है कि पिछले दिनो केन्द्रीय विमानन मंत्री हरदीप सिंह पुरी की बैठक की सूचना नहीं देने पर चंद्राकर, भूपेन्द्र सवन्नी से भिड़ गए थे, और उन्होंने सवन्नी को खुले तौर पर फटकार लगाई थी। मीडिया से बात निकलकर आम लोगों तक पहुंचने पर पार्टी नेताओं की काफी किरकिरी हुई। कुछ नेताओं ने प्रदेश प्रभारी डी पुरंदेश्वरी को घटना की जानकारी दी थी और अखबारों की कतरनें भी उन्हें भेजी गई थी। प्रदेश प्रभारी ने इस पूरे मामले को गंभीरता से लिया था। प्रदेश प्रभारी ने पहले महामंत्री (संगठन) पवन साय से पूरे मामले की जानकारी ली थी। वे घटना के प्रत्यक्षदर्शी थे। सूत्रों के मुताबिक चंद्राकर आज सुबह पार्टी दफ्तर कुशाभाऊ ठाकरे परिसर पहुंचे, और प्रदेश प्रभारी से पार्टी संगठन द्वारा बैठकों की सूचना नहीं देने की शिकायत की। उन्हें बताया कि ज्यादातर बैठकों में उन्हें नहीं बुलाया जाता है, और सूचना भी देर से दी जाती है। यह सब जानबूझकर कुछ पदाधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। इधर सूत्रों के मुताबिक सवन्नी से खुले तौर पर विवाद करने के मामले में चंद्राकर को नोटिस देने की चर्चा भी चल रही थी। पार्टी का एक खेमा चंद्राकर पर कार्रवाई चाह रहा था।

## नन्ही राही मरावी ने जीता सबका दिल: सायकिल रैली में अपनी छोटी सायकिल लेकर पहुँची

**नारायणपुर।** अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन से जिले के लोगों को जोड़ने के उद्देश्य से जिला प्रशासन की ओर से आज रविवार 14 फरवरी को अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन 2021 के प्रचार-प्रसार हेतु कलेक्टोरेट कार्यालय से सायकिल रैली निकाली गयी। इस रैली में अधिकारी-कर्मचारियो, जनप्रतिनिधियों के साथ साथ जिलेवासीओ ने अपनी सहभागिता निभाई। वहीं इस सायकिल रैली में आकर्षण का मुख्य केंद्र 2 वर्ष की नन्ही बालिका राही मरावी रही, जो अपनी छोटी सी सायकल पर सवार होकर रैली में भाग लेने पहुंची। उपस्थित लोगों ने बालिका का जोरदार ताली बजाकर हौसला अफजाई की।



# छत्तीसगढ़ में शराब सस्ती होगी, शराब से सरकार ने कोरोना टैक्स हटाने का लिया है फैसला

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

भूपेश कैबिनेट की बैठक में कई बड़े निर्णय लिये गये। बस्तर में 'बस्तर फाइटर्स फोर्स' गठन का ऐलान हुआ, तो वहीं आवासहीनों को राजीव नगर आवास योजना के तहत 1 लाख लाख की घोषणा हुआ। स्कूल-कालेज खोलने को हरी झंडी मिली तो बजट पर भी मुहर लगायी गयी। इन सबके बीच एक और बड़े फैसले शराब को लेकर भी हुआ। कोरोना काल में राज्य सरकार ने शराब पर 'कोरोना टैक्स' हटाने का निर्णय लिया। राज्य सरकार के इस निर्णय के बाद शराब की कीमतों के कम होने की अटकलें लगने लगी। लेकिन शराब प्रेमियों को कोरोना टैक्स हटने के बाद भी कीमतों में कोई भी राहत नहीं मिलेगी। दरअसल सरकार ने शराब पर कोरोना टैक्स के नाम पर वसूले जाने वाले पैसे को पढ़ाई और कृषि के नाम पर वसूली का निर्णय लिया है।

### कोरोना टैक्स खत्म होने के बाद सस्ती नहीं होगी शराब

शराब पर एक तरफ कोरोना टैक्स हटाया गया है तो दूसरी तरफ सरकार ने इस पर लगने वाले उपकर को कोरोना के बजाय शिक्षा और कृषि क्षेत्र के लिए वसूलना शुरू कर दिया है। यानी शराब पर कोरोना सेस हटाकर सरकार ने उसकी कीमत जितनी घटाई थी, उस पर उतना ही सेस एग्री एजुकेशन सेस जोड़ दिया है। यानी सेस हटाने और नया सेस जोड़ने से शराब की कीमत पर असर निल हो गया। हालांकि शराब के पैसे को पढ़ाई और कृषि में लगाने पर कई लोग चुटकी भी ले रहे हैं। राज्य सरकार ने नई आबकारी नीति को भी मंजूरी दी है। इसके तहत पिछले साल की तरह इस साल भी शराब से पांच हजार करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं कोरोना संक्रमण के कारण लगाए गए अतिरिक्त शुल्क को भी खत्म कर दिया गया है, लेकिन उस शुल्क को शिक्षा एवं इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास में लगाएंगे। गौठान शुल्क यथावत रहेगा।

## राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल की अध्यक्षता में अंतर्विभागीय समिति की बैठक सम्पन्न



**रायपुर।** प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री जयसिंह अग्रवाल की अध्यक्षता में सम्पन्न अंतर्विभागीय समिति की बैठक में भूमि आबंटन संबंधी प्राप्त आवेदनों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल की आवसीय योजना और बलरामपुर जिले के जामड़ी में कृषि महाविद्यालय सहित अन्य आवेदनों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में राजस्व एवं आपदा प्रबंध विभाग की सचिव सुश्री रीता शांडिल्य, विशेष सचिव वित्त मती शीतल शास्वत वर्मा, आवास एवं पर्यावरण विभाग के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी सलिल श्रीवास्तव सहित अंतर्विभागीय समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# नहीं पढ़ाने वाले शिक्षकों की करें छुट्टी, प्राचार्यों पर होगा एक्शन: डॉ. शुक्ल

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश में संचालित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल की बेहतर संचालन के लिए रणनीति तैयार की गई है। प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा डॉ. आलोक शुक्ला ने वर्तमान में संचालित इन इंग्लिश मीडियम स्कूलों के नियमित मॉनिटरिंग करने के लिए जिला शिक्षा अधिकारियों और स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल के प्राचार्यों को दिए गए हैं। प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा ने यह भी निर्देश दिए हैं कि जो भी शिक्षक कार्यों में रूचि नहीं ले रहे हैं उनकी प्रतिनियुक्ति निरस्त करने का प्रस्ताव प्रेषित किया जाए। हिन्दी मीडियम के बच्चों को अंग्रेजी माध्यम का लाभ बताकर प्रेरित किया जाए। जिन स्कूलों में बाउण्ड्रीवाल नहीं है, वहां वन विभाग के सहयोग से वृक्षारोपण किया जाए ताकि वातावरण हरा-भरा रहे। प्रमुख सचिव ने कुछ दिन पहले ही समीक्षा की थी। प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा ने कहा कि स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल की गुणवत्ता में वृद्धि के लिए सुव्यवस्थित प्रशिक्षण का होना आवश्यक है। यह सरकार की उच्च प्राथमिकता का कार्यक्रम है। उन्होंने आवासीय प्रशिक्षण में अनुपस्थित प्रिंसिपल की 2 वेतनवृद्धि रोके जाने के निर्देश दिए। डॉ. आलोक शुक्ला ने जिला शिक्षा अधिकारियों को जिले में संचालित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूलों की समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में एससीईआरटी के डायरेक्टर डी. राहुल वेंकट, अतिरिक्त संचालक डॉ. योगेश शिवहरे, लोक शिक्षण संचालनालय के उप संचालक आशुतोष चाबरे, पांचो संभाग के संयुक्त संचालक, सभी जिला शिक्षा अधिकारी उपस्थित थे।

# जिला प्रशासन की नई पहल: मावा नारायणपुर-युवा नारायणपुर कार्यक्रम के तहत ग्रामीण युवाओं को क्रिकेट कीट वितरित

पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू की विषे पहल पर जिले के अंदरूनी गांवों के युवाओं को जिले की विकास गतिविधियों से अवगत कराने के उद्देश्य से जिला प्रषासन द्वारा मावा नारायणपुर युवा नारायणपुर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी है। जिसके तहत् जिले के 10-10 गांवों के युवाओं को अलग-अलग समूह में नारायणपुर जिले में किये गये विषेष कार्यों, उपलब्धियों एवं गतिविधियों की जानकारी देकर उनको शासन के साथ जोड़ा जा रहा है तथा अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन 2021 का प्रचार-प्रसार ग्रामीण ईलाकों में करने के उद्देष्य से इस कार्यक्रम की शुरूआत जिला प्रषासन द्वारा की गयी है। इस कार्यक्रम के तहत् ग्रामीण युवाओं को जिले के महत्वपूर्ण कार्यालयों कलेक्टोरेट, पुलिस अधीक्षक, जिला अस्पताल, गरांजी एजुकेषन हब, शांत सरोवर, पहाड़ी मंदिर आदि का भ्रमण कराने सहित प्रेरणादायी फिल्म भी दिखाया जायेगा। इस दौरान इन युवाओं को खेल गतिविधियों से जोड़ने हेतु खेल सामग्री का वितरण किया जायेगा, और आने वाले दिनों में एक वहद प्रतियोगिता का आयोजन जिला प्रषासन द्वारा किया जायेगा। जिनमें ये युवक-युवतियां शामिल होगी और अपनी प्रतिभा का प्रदर्षन करेंगी। इस कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए आज कलेक्टोरेट परिसर से पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी, कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू और पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा जिले के गांव बोरपाल, कोहकामेटा, तेरदूल और कानागांव के युवाओं को क्रिकेट किट प्रदान किया गया। इस अवसर पर वनमंडलधिकारी खुंटे, एसडीएम दिनेष कुमार नाग, रक्षित निरीक्षक दीपक साव के अलावा जिले के प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# मैनपाट महोत्सव में उमड़ा पर्यटकों का सैलाब: मेला, बोटिंग, फूडजोंन, एडवेंचर स्पोर्ट्स का उठा रहे लुत्फ

पायनियर संवाददाता < अम्बिकापुर
www.dailypioneer.com




तीन दिवसीय मैनपाट महोत्सव का आगज होते ही रोपाखार जलाशय के पास का पूरा मेला स्थल में जनसैलाब उमड़ पड़ा है। संभाग के जिलो के अलावा प्रदेश के अन्य जिलों से भी पर्यटक आ रहे है। मेला स्थल पर एडवेंचर स्पोर्ट्स, मोटर बोट, फूड जोन झूले तथा सांस्कृतिक कार्य मो का भरपूर लुत्फ उठा रहे है। मुख्य मंच के पीछे एटीबी बाइक का ट्रेक बनाया गया है जिसमे पर्यटक ट्रैकिंग का आनंद ले रहे है। इसके साथ ही पैरा सेलिंग, ब्रिज ॅस का रोमांच भी कम नही है। वही रोपाखार जलाशय में युवा, महिलाएं बुजुर्ग भी मोटर बोट की सवारी कर रहे हैं। मोटर बोट का संचालन स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा किया जा रहा है। इससे इन महिलाओं को आमदनी भी प्राप्त हो रही है। फूड जोन में मांसाहारी, शाकाहारी भोजन के साथ चाट, इडली, डोसा के पूरा स्टाल लगा हुआ है। पर्यटक फूड जोन में स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठाने में पीछे नही हैं। मेला स्थल पर कई प्रकार के झूले भी पर्यटकों को लुभा रहे हैं।

बालको मेडिकल सेंटर
स्वागत करता है
डॉ (प्रोफेसर) अनुराग श्रीवास्तव
एम बी बी एस, एम एस (जनरल सर्जरी), एफ आर सी एस, एमपीएच (मास्टर इन पब्लिक हेल्थ), पीएचडी




डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने एम बी. बी एस एवं एम एस (जनरल सर्जरी) की उपाधि मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, अलाहाबाद से प्राप्त की एवं उसके बाद विदेशों से अन्य उपाधियाँ जैसे एफ आर सी एस रॉयल कॉलेज ऑफ सर्जन्स ऑफ एडिनबर्घ, स्कॉटलैंड; पीएचडी (सर्जरी) यूनिवर्सिटी ऑफ वेल्स, कार्डिफ वेल्स, यूनाइटेड किंगडम और एमपीएच स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ, यूनिवर्सिटी ऑफ नॉर्थ कैरोलिना, चैपल हिल, यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका प्राप्त की है। डॉ. श्रीवास्तव ने चिकित्सा अनुसंधान के क्षेत्र में अद्भुत योगदान किया है एवं उन्होंने विभिन्न चिकित्सा विषयों पर 181 शोधपत्र प्रकाशित किए हैं और साथ ही चिकित्सा क्षेत्र की किताबों के लिए 6 नए अध्याय लिखे हैं।
डॉ. श्रीवास्तव ने अपने 42 वर्ष के शानदार कार्यकाल में भारत और यूनाइटेड किंगडम के कई बड़े अस्पतालों में कार्य किया है। उन्होंने यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल ऑफ वेल्स, ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (AIIMS), बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी, सफदरजंग हॉस्पिटल, एक्ट्रेक, टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल, मुंबई जैसे बड़े अस्पतालों के साथ कार्य किया है।
बालको मेडिकल सेंटर से जुड़ने से पहले श्रीवास्तव शल्यचिकित्सा विभाग, ऑल इंडिया इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (AIIMS) नई दिल्ली के प्रोफेसर एवं विभागा अध्यक्ष के पद पर कार्यरत थे।

विशेषज्ञता और अनुभव, हम लाएं हैं आपकी बेहतर सेवा के लिए

विश्व - स्तरीय कैंसर देखभाल
- रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
- न्यूक्लियर मेडिसिन
- सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
- रक्त - सम्बन्धी सभी बीमारियाँ
- कीमोथेरेपी, इम्म्यूनो थेरेपी एवं टार्गेटेड थेरेपी
- ओंकोपैथोलॉजी एवं डायग्नोस्टिक
- पैन एवं पैलिएटिव केयर

सहायक सेवाएँ
- आहार और पोषण सेवाएँ
- स्पीच थेरेपी
- क्लीनिकल साइकोलॉजी
- फिजियोथेरेपी
- पुनर्वास थेरेपी

आयुष्मान भारत, डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना,
ओडिशा स्टेट ट्रीटमेंट फण्ड ई.सी.एच.एस. एवं आई.सी. द्वारा मुफ्त इलाज की सुविधा

A PREMIER CANCER HOSPITAL
Vedanta Medical Research Foundation
BALCO Medical Centre
8282824444 · 0771 2237575
सेक्टर-36, अटल नगर, उपरवारा, रायपुर, छ.ग.-493661
www.balcomedicalcentre.com

## 15 वीं कड़ी में 'उपयोगी निर्माण जन हितैषी अधोसंरचना और आपकी अपेक्षाएं' विषय पर राज्य सरकार के विजन को जनता के सामने रखा

# नगर निगम गार्डन में लोगों ने सुनी लोकवाणी रेडियो वार्ता कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश की जनता से हुए रूबरू भूपेश बघेल

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रेडियो वार्ता लोकवाणी के माध्यम से प्रदेश की जनता से रूबरू हुए। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज प्रसारित रेडियो वार्ता लोकवाणी की 15 वीं कड़ी में 'उपयोगी निर्माण जन हितैषी अधोसंरचना और आपकी अपेक्षाएं' विषय पर राज्य सरकार के विजन को जनता के सामने रखा। इसी कड़ी में रायपुर नगर निगम गार्डन में लोगों ने बड़ी संख्या में लोकवाणी कार्यक्रम को पूरी शालीनता से सुना। इस अवसर पर लोकेश चंद्रवंशी, सीएस श्रीवास्तव, शेखर सिंह, सदाशिव, शैलेंद्र मिश्रा, वीरेंद्र चंद्राकर, कल्पना सागर, सम्राट सोनी, निशा साहू, मती देवकी लोड़ा, खिलेश साहू और अरविंद कुमार वर्मा ने लोकवाणी का श्रवण किया। लोकवाणी श्रवण के दौरान उपस्थित कल्पना सागर ने बताया कि राज्य सरकार एक और जहां सभी क्षेत्रों में अधोसंरचना निर्माण का कार्य कर रही है वहीं महिला सशक्तिकरण की दिशा में महिलाओं को घर में ही स्वरोजगार उपलब्ध करा कर उन्हें आर्थिक रूप से सुदृढ़ भी कर रही है। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा कमजोर तबके के बच्चों को अंग्रेजी शिक्षा के जो अवसर प्रदान कर रही है वह भी एक अभिनव पहल है। सागर ने राज्य सरकार की महत्वाकां योजना नरवा, गरवा, घुरवा और बाडी की सराहना करते हुए कहा कि यह योजना देश ही नहीं विदेशों में भी सराही जा रही है जो जैविक खेती की ओर ले जाने के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के साथ ही स्वरोजगार उपलब्ध कराने ने मददगार साबित हो रही है।

सारागांव निवासी खिलेश साहू जो आईआईटी के छात्र हैं उन्होंने सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में जो नवाचार किया है, वह प्रदेश के युवाओं के लिए मील का पत्थर साबित होगी और युवाओं के कौशल विकास के लिए महत्वपूर्ण साबित हो रही है।

इसी प्रकार कुम्हारी निवासी इलेक्ट्रिकल इंजीनियर अरिन्द्र कुमार वर्मा ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य में संचालित सभी योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि विगत दो सालों में सरकार ने जो जनहितैषी योजनाओं के माध्यम से फैसले लिए हैं, उनमें दूरदर्शिता दिखायी देती है, जिसके लिए वे बधाई के पात्र हैं।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403